RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 99
लखनऊ, शनिवार, 28 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे
स्पोर्ट्स-12

# छात्र हफ्ते में एक दिन रखें डिजिटल उपवास

## परीक्षा पे चर्चा में मोदी ने दी सलाह, घर में नो टेक्नोलॉजी जोन बनाएं ताकि बच्चे वर्चुअल जगत की नकारात्मकता से बचें

● कभी शॉटकर्ट न अपनाएं, नकल से अल्पकालिक लाभ, लेकिन दीर्घकालिक नुकसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**छात्रों** के जीवन में टेक्नोलॉजी के अत्यधिक प्रयोग से अभिभावकों को सावधान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सलाह दी कि हफ्ते में एक दिन डिजिटल अवकाश रखें। यानी उस दिन किसी भी गजैट का इस्तेमाल न करें। इस तरीके को अपनाकर छात्र वर्चुअल जगत की नकारात्मकता से बच सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से कहा कि वे जीवन में कभी भी शॉर्टकट न अपनाएं। उन्होंने नकल के प्रति भी छात्रों को आगाह किया और कहा कि इससे उन्हें अल्पकालिक लाभ तो हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक नुकसान ही होगा। प्रधानमंत्री ने अभिभावकों को सलाह दी कि वे अपनी सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए बच्चों पर दबाव नहीं डालें। साथ ही, उन्होंने छात्रों को अपेक्षाओं के किसी भी बोझ से बाहर निकलने के लिए अपने काम यानी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद के छठे संस्करण के दौरान छात्रों से संवाद में मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।




प्रधानमंत्री इस संवाद के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं और तनाव तथा परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि नकल से किसी को एक या दो परीक्षा में तो मदद मिल सकती है, लेकिन लंबे समय में जीवन में नहीं। शॉर्टकट कभी न लें। छात्रों की कड़ी मेहनत उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा मदद करेगी। छात्रों को कई बार उन पर पड़ रहे दबाव का विश्लेषण करना चाहिए, ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी ताकत को कम तो नहीं आंक रहे हैं। प्रधानमंत्री ने फुट ओवरब्रिज के बजाय रेल पटरी पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने वाले लोगों का उदाहरण देते हुए कहा कि शार्टकट आपको कहीं नहीं ले जाएगा। उन्होंने यह उल्लेख किया कि ट्यूशन कक्षाएं संचालित करने वाले कुछ स्कूल शिक्षक अनुचित तरीकों का सहारा लेते हैं, ताकि उनके छात्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

उन्होंने कहा कि छात्रों को ये तरीके ढूंढने और नकल के लिए सामग्री तैयार करने में समय बर्बाद करने से बचना चाहिए और वह समय सीखने में व्यतीत करना चाहिए। दूसरी बात यह कि इस बदलते समय में जब हमारे आसपास का जीवन बदल रहा है, आपको हर कदम पर परीक्षा का सामना करना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के छात्र सिर्फ कुछ परीक्षाएं उत्तीर्ण कर सकते हैं, लेकिन जीवन में नाकाम हो जाते हैं। उन्होंने छात्रों द्वारा गैजेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को अपनी बुद्धिमत्ता पर भरोसा करना चाहिए, न कि अपने मोबाइल फोन पर। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर बातचीत के लिए जब आप मोबाइल फोन का उपयोग करें तो इसके लिए एक अलग समय तय करें। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी को खुद से अधिक स्मार्ट नहीं मानिए।

### परीक्षा के बाद बच्चों को घूमने बाहर भेजें

**छात्रों** द्वारा अपने दायरे का विस्तार करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मोदी ने माता-पिता को सलाह दी कि वे अपने बच्चों को कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा के बाद कुछ स्थानों की यात्रा करने के लिए कुछ पैसे दें और उन्हें इसके बारे में लिखने के लिए कहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को घर के भीतर बंद नहीं रखना चाहिए और उन्हें उन गतिविधियों को करने की अनुमति दी जानी चाहिए, जो वे समाज में करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को सलाह दी कि जो छात्र उनसे सवाल करते हैं, वे उनका स्वागत करें।

# परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए बच्चे को बाध्य नहीं करना चाहिएः मुख्यमंत्री

● गत करीब छह साल में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में 60 लाख नए विद्यार्थी पंजीकृत हुएः योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने दौरान 10वीं-12वीं की परीक्षा देने जा रहे बच्चों के अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना यह अच्छी बात है, लेकिन किसी बच्चे को इसके लिए बाध्य नहीं करना चाहिए, क्योंकि जिस बच्चे की जितनी शारीरिक व बौद्धिक विकास की क्षमता होगी, वह उसका परिणाम दे देगा।

उन्होंने कहा कि अच्छे अंक के लिए बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो, न कि उन पर दबाव बनाया जाए। यह घातक है। अक्सर, दबाव से उपजे तनाव के कारण बच्चे परीक्षा के दौरान अपना सामान्य प्रदर्शन भी नहीं कर पाते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वार्षिक संवाद कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा से पहले स्कूली बच्चों से संवाद कर रहे थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जनपदों में स्कूली बच्चों को जोड़ने की व्यवस्था की गई थी। इसी क्रम में लखनऊस्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उप्र सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ मुख्यमंत्री मौजूद रहें।

शिक्षा परिषद के विद्यालयों की बेहतरी के लिए ऑपरेशन कायाकल्प की सराहना करते हुए कहा इसके जरिए स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाई गईं, पाठ्यक्रम बेहतर हुआ, जिसका नतीजा है कि बीते पौने छह साल में 60 लाख से ज्यादा नए बच्चों ने परिषद के विद्यालयों में दाखिला लिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले विद्यार्थी विद्यालयों में बच्चे नंगे पैर, बिना शर्ट के आने को मजबूर थे, आज विधिवत गणवेश पहन कर बस्ते में कॉपी-किताब लेकर स्कूल आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि निपुण भारत मिशन जैसे अभिनव प्रयासों से प्रदेश के शैक्षिक परिदृश्य में और बदलाव की मुहिम को तेज होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 2021-22 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को सम्मानित भी किया।

विभिन्न माध्यमिक बोर्डों के होनहार विद्यार्थियों को एक लाख रूपए की धनराशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और प्रधानमंत्री मोदी लिखित पुस्तक एक्जाम वॉरियर देकर सम्मानित किया गया। मेधावियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन 1698 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, इनमें से 825 बालक और 873 बालिकाएं हैं।

# निवेशकों को 10.73 लाख करोड़ की चपत

● शेयर बाजार में बड़ी गिरावट अडानी ग्रुप की कंपनियों बैंकों व वित्तीय शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी से लगा झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों में गिरावट से निवेशकों को 10.73 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी। अडाणी समूह की कंपनियों और बैंक एवं वित्तीय शेयरों में भारी बिकवाली के साथ विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 874 अंक लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 874.16 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 59,330.90 अंक पर बंद हुआ। यह गत 21 अक्टूबर के बाद सेंसेक्स का सबसे निचला स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,230.36 अंक तक गिरकर 58,974.70 अंक पर भी आ गया था। इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 287.60 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,604.35 अंक पर खिसक गया जो पिछले तीन महीनों का निचला स्तर है।

गत 23 दिसंबर के बाद निफ्टी को एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट का भी सामना करना पड़ा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सर्वाधिक 5.03 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 4.41 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक में 3.43 प्रतिशत, एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.03 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.96 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.9 प्रतिशत और एचडीएफसी लिमिटेड में 1.87 प्रतिशत की गिरावट रही।

बाजार में जारी तगड़ी बिकवाली के बीच टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर बढ़त लेने में सफल रहे। कई तिमाहियों के बाद मुनाफे की स्थिति में लौटी टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक 6.34 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी बढ़त में रहे। बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.89 प्रतिशत धराशाई हो गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 1.29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# नागरिकता अमान्य किए जाने के बाद नेपाल के डिप्टी पीएम का इस्तीफा

● चुनाव लड़ने के लिए वैध नागरिकता प्रमाण पत्र नहीं पेश कर पाए रवि लामिछाने

**एजेंसी।** काठमांडू

**संसदीय** चुनाव लड़ने के लिए एक वैध नागरिकता प्रमाणपत्र पेश नहीं करने के दोषी पाए जाने के बाद नेपाल के उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रवि लामिछाने ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। लामिछाने (48) ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को सौंपा।

शीर्ष न्यायालय के फैसले के बाद अपने इस्तीफे की पेशकश करते हुए लामिछाने ने अपने कार्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि अब वह उप प्रधानमंत्री नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का प्रमुख भी अब नहीं हूं। उन्होंने शीर्ष न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, मैं इस देश का नागरिक भी नहीं हूं। लामिछाने को गत वर्ष 25 दिसंबर को उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने लामिछाने की संसद सदस्यता रद्द करते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए जो नागरिकता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया था वह अवैध है।

न्यायालय के फैसले में कहा गया है, चूंकि रवि लामिछाने ने अमेरिकी नागरिकता छोड़ने के बाद अपनी नेपाली नागरिकता फिर से हासिल करने की प्रक्रिया पूरी नहीं की, इसलिए वह प्रतिनिधि सभा का सदस्य बनने के पात्र नहीं हो सकते। लामिछाने अमेरिका में कई वर्ष बिताने के बाद 2014 में अमेरिकी नागरिक के तौर पर नेपाल लौटे थे और एक साल बाद नेपाली पासपोर्ट हासिल किया था। नेपाली कानून के अनुसार, अपनी नागरिकता छोड़ने या विदेशी नागरिकता हासिल करने वाला देश के किसी भी नागरिक की स्वत: ही नेपाली नागरिकता समाप्त हो जाएगी।

## उन्नाव दुष्कर्म मामला

### उच्च न्यायालय ने सेंगर की अंतरिम जमानत की अवधि घटाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई अंतरिम जमानत से संबंधित आदेश में शुक्रवार को संशोधन किया। अदालत ने सेंगर को बेटी के तिलक समारोह के बाद समर्पण करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि सेंगर को उसकी बेटी की शादी से पहले फिर अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। अदालत ने पहले सेंगर को दो हफ्ते के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय को शुक्रवार सुबह सूचित किया गया कि सेंगर को तिहाड़ जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इसके बाद उसने पीड़िता की याचिका पर सेंगर को दी गई अंतरिम जमानत से जुड़े आदेश में संशोधन किया। पीड़िता ने अपनी याचिका में यह कहते हुए सेंगर की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की थी कि उसे और उसके परिवार को खतरा है।

# सिंधु जल समझौते पर भारत ने पाकिस्तान को भेजा नोटिस

● मुद्दे पर बातचीत से इस्लामाबाद के इनकार को गंभीरता से लिया, कहा- नहीं चलेगी मनमानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने सितंबर 1960 में हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) में संशोधन के लिए पाकिस्तान को नोटिस जारी किया है। भारत ने इस संधि या समझौते को लागू करने में इस्लामाबाद की हठधर्मिता के बाद यह कदम उठाया और इस बात पर जोर दिया कि पड़ोसी देश की कार्वाइयों ने समझौते के प्रावधानों पर विपरीत असर डाला है।

नोटिस बुधवार को जारी किया गौरतलब है कि अगस्त 2021 में अपनी रिपोर्ट में संसद की एक स्थाई समिति ने सिफारिश की थी कि आईडब्ल्यूटी पर फिर से बातचीत की जाए ताकि जलवायु परिवर्तन के नदी में जल उपलब्धता पर पड़े असर और अन्य चुनौतियों से जुड़े उन मामले को निपटाया जा सके जिनको समझौते में शामिल नहीं किया गया है। सिंधु नदी प्रणाली में मुख्य नदी सिंधु और बाएं तट पर इसमें समाहित होने वाली पांच सहायक नदियां शामिल हैं। इनमें रावी, ब्यास, सतलज, झेलम और चेनाब शामिल हैं। दाएं तट पर मिलने वाली सहायक नदी काबुल भारत में प्रवाहित नहीं होती। सिंधु नदी से इसकी पांच सहायक नदियां इसके बाएं तट पर मिलती हैं, जिनमें रावी, सतलुज, झेलम, और चिनाब और ब्यास है। इसके दाहिने किनारे की सहायक नदी काबुल भारतीय क्षेत्र में नहीं बहती। रावी, ब्यास और सतलुज को एक साथ पूर्वी नदियां कहा जाता है, जबकि मुख्य नदी सिंधु समेत चिनाब और झेलम को पश्चिमी नदियां कहा जाता है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,330 | ↓ 874 | |
| निफ्टी | 17,604 | ↓ 287 | |
| सोना | 56,842 | ↓ 70 | /10g |
| चांदी | 68,874 | ↑ 451 | /kg |

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्री का बेटा आशीष मिश्रा खीरी जेल से रिहा

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा को शुक्रवार को खीरी जिला जेल से रिहा कर दिया गया। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उच्चतम न्यायालय ने आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। आशीष मिश्रा की जेल से रिहाई की पुष्टि करते हुए खीरी जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हां उसे (आशीष मिश्रा) इस जेल से रिहा कर दिया गया है। हमें सत्र न्यायालय से रिहाई का आदेश मिल गया है। उच्चतम न्यायालय ने 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत बुधवार को प्रदान की। इस हिंसा में आठ लोगों की जान गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की पीठ ने निर्देश दिया कि आशीष इस अंतरिम जमानत की अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहेंगे।

# सुरक्षा कारणों के चलते रुकी भारत जोड़ो यात्रा



**मोहित कंधारी।** जम्मू

**कश्मीर** घाटी में प्रवेश करते ही जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड के पास सुरक्षा कारणों से राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई।

अपने अंतिम चरण में आगे बढ़ रही यात्रा अटल टनल पार कर 500 मीटर ही चली थी कि अत्यधिक भीड़ के कारण अव्यवस्था पैदा हो गई और राहुल के सुरक्षा कर्मियों ने यात्रा को रोकने की सलाह दी। हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सुरक्षा चूक के आरोपों से इनकार किया और कहा कि हम यात्रा को फूलप्रूफ सुरक्षा मुहैय्या कराएंगे।

राहुल की यात्रा 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के सिलसिले में एक दिन के विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह बनिहाल से फिर शुरू हुई।

## भारत ने 17 पाकिस्तानी कैदियों को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को देश की जेलों में बंद 17 पाकिस्तानी नागरिकों को उनके वतन वापस भेज दिया। यहां पाकिस्तान उच्चायोग ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के मिशन ने ट्वीट किया, पाकिस्तान उच्चायोग, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अथक प्रयासों और भारतीय पक्ष के सहयोग के बाद भारत की जेलों में बंद 17 पाकिस्तानी नागरिकों को आज अटारी-वाघा सीमा के रास्ते वापस भेजा गया। इसने कहा, सभी पाकिस्तानी कैदी अपनी सजा पूरी करके भारत से वापस जाएं, इस दिशा में हमारे प्रयास जारी रहेंगे। भारत ने एक जनवरी को देश की जेलों में बंद 339 पाकिस्तानी असैन्य कैदियों और 95 पाकिस्तानी मछुआरों की सूचियां पाकिस्तान के साथ साझा की थीं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी थी। इसने कहा था कि पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में बंद 51 असैन्य कैदियों और 654 मछुआरों की सूचियां साझा की थीं, जो भारतीय हैं या भारतीय माने जाते हैं।

# कुनो को मिलेंगे 12 और मेहमान चीते

● हाल ही में भारत और दक्षिण अफ्रीका ने समझौते पर किया हस्ताक्षर, फरवरी के मध्य में आ सकते हैं चीते

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** साल मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीका से आठ चीतों को लाए जाने के बाद अब 12 चीते और आएंगे। इस संबंध में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के साथ 12 चीतों के स्थानांतरण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

पर्यावरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि समझौते पर पिछले सप्ताह हस्ताक्षर किए गए और 15 फरवरी तक सात नर और पांच मादा चीतों के कुनो पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के पर्यावरण विभाग ने बृहस्पतिवार को


फाइल फोटो

एक बयान में कहा कि एक दशक तक हर साल 12 चीतों को भेजने की योजना है। भारत ने अभी तक इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। अधिकारी के मुताबिक, पिछले साल जुलाई से 12 दक्षिण अफ्रीकी चीते पृथक-वास में हैं और उनके इस महीने कुनो पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में कुछ प्रक्रियाओं में समय लगने के कारण उनके स्थानांतरण में देरी हुई। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों को जल्द ही जानवरों के हस्तांतरण के लिए वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधी कन्वेंशन (सीआईटीईएस) के तहत एक निर्यात परमिट और एक प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि भारत ने सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया है। वन्य जीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधी कन्वेंशन (सीआईटीईएस) एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है जिसका पालन राष्ट्र तथा क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण संगठन करते हैं। भारत भेजे जाने वाले इन 12 चीतों में से तीन को क्वाजुलु-नताल प्रांत में फिंडा पृथकवास बोमा में और नौ को लिम्पोपो प्रांत में रूइबर्ग पृथकवास बोमा में रखा गया है। उन्हें लेकर विमान जोहानिसबर्ग हवाईअड्डे से उड़ान भरेगा। अत्यधिक शिकार और आवासन क्षेत्र की कमी के कारण भारत में चीते पूरी तरह से लुप्त हो गए थे। आखिरी चीता वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में देखा गया था जिसकी 1947 में मौत हो गई थी और 1952 में इस प्रजाति को भारत में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

# समिट से प्रदेश की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत, बड़े पैमाने पर मिलेगा रोजगार

● सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर सहित विभिन्न कलाकारों के गीत संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ हुआ उत्तर प्रदेश दिवस का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में शांति-व्यवस्था स्थापित है। प्रदेश में आगामी दिनों में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तथा जी-20 का भव्य सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति दुनिया तक पहुंचेगी। आज उत्तर प्रदेश में निवेश के बड़े अवसर है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सम्मेलन में दुनिया से लेकर देश के बड़े उद्योगपति शिरकत करेंगे, जो उत्तर प्रदेश में बड़ा इनवेस्टमेंट करेंगे, इससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आम जनमानस को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। मुख्य सचिव अवध शिल्पग्राम में उत्तर प्रदेश दिवस के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिनों से प्रदेश भर के 270 विभिन्न कलाकारों और अन्य राज्यों से आए 65 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने जिस तरह की भागीदारी दिखाई है, वह अपनी कला-संस्कृति के प्रति प्रदेशवासियों के उत्साह और अपनी विरासत पर गर्व की भावना को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि शिल्प मेला एक माह तक और चलता रहेगा। इस मौके पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कहा कि उत्तर प्रदेश को जानने के लिए, अनुभव करने के लिए, जब भी मौका मिले, ऐसे आयोजनों का जरूर हिस्सा बनना चाहिए। इन आयोजनों से आप न सिर्फ देश की कला और संस्कृति से जुड़ेंगे बल्कि आप देश और प्रदेश के मेहनती कलाकारों कारीगरों की विशेषकर महिलाओं की समृद्धि में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अवधी लोक नृत्य फ रूवाही दलनायक शीतला प्रसाद वर्मा, राई लोक नृत्य दलनायक मोहिनी, बम रसिया चुप दलनायक गुटुम्बबाजा, दलनायक खजान सिंह, राजेश मरावी, डांडिया रास दलनायक नितिन दवे, वेणू भारती, ककसर नृत्य दलनायक जयन सलाम, दार्मिंदा लोक नृत्य दलनायक यादी जोय को सम्मानित भी किया।



विधान भवन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चे के संग हंसी-ठिठोली करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## पर्यटन नीति के तहत चिन्हित 12 परिपथों के सभी पर्यटक स्थलों का हो रहा सौन्दर्यीकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** नीति-2022 के अंतर्गत 12 परिपथों को चिन्हित करके सभी पर्यटक स्थलों के उच्चीकरण, नवीनीकरण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा थैमिटिक टूरिज्म के तहत युवा टूरिज्म, वेडिंग टूरिज्म, हेरिटेज कला एवं सांस्कृतिक, वाटर, वेलनेस, मेडिकल,प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक तथा स्टेट टूरिज्म एवार्ड विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है।


पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जिन 12 परिपथों का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है, उनमें रामायण, बौद्ध, ब्रज, बुन्देलखण्ड, महाभारत, सूफी, क्राफ्ट, स्वतंत्रता संग्राम, जैनए वाइल्ड एवं ईको, शक्तिपीठ और आध्यात्मिक परिपथ शामिल हैं। पर्यटन विभाग इन परिपथों का नवीनीकरण कराकर अधिक से अधिक घरेलू एवं विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने की योजना बनायी है। जयवीर सिंह ने बताया कि ईको टूरिज्म विकास को गन्तव्य के रूप में स्थापित किये जाने के उद्देश्य से ईको टूरिज्म विकास बोर्ड का गठन अगस्त, 2022 में किया जा चुका है। जिसके तहत एक राष्ट्रीय उद्यान दुधवा नेशनल पार्क 11 वन्य जीव अभ्यारण, 24 पक्षी अभ्यारण तथा 9 ईको टूरिज्म सर्किट भी विकसित किए जा रहे हैं। ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा गोरखपुर स्थित कुसमही जंगल तथा बटेश्वर को ईको टूरिज्म साइट के रूप में तथा सोनभद्र के ग्राम सलखन फ ॉसिल्स पार्क का सौन्दर्यीकरण, चित्रकूट स्थित तुलसी जलप्रपात का टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यटन गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रत्येक जनपद के चर्चित पर्यटन स्थलों को भी सजाया और संवारा जा रहा है।

## सी-टेट में अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे साल्वर को एसटीएफ ने दबोचा

● मूल अथ्यर्थी को भी किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने सी-टेट (सेंट्रल टीचर एलिजीबिलिटी टेस्ट) में मूल अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दे रहे साल्वर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया साल्वर बिहार से आया था और इसके लिए उसे तीस हजार रुपए मिले थे। एसटीएफ की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर बंथरा स्थित सुल्तान फाउंडेशन केंद्र पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की। पकड़ गया शुभम यादव ग्राम ढेरापुर, पोस्ट कलिचाबाद, थाना बक्शा, जिला जौनपुर और मनीष कुमार तिरोजपुर, पोस्ट देवहलिया, थाना दुर्गावती, जिला कैमुर, भभुआ, बिहार का रहने वाला है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सी-टेट में सुल्तान फाउन्डेशन बन्थरा में अभ्यर्थी शुभम यादव के स्थान पर साल्वर बैठने वाला है। इस सूचना पर



एसटीएफ की साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए साल्वर मनीष कुमार खरवार व शुभम यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। साल्वर मनीष कुमार खरवार ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2016 से कंकड बाग पटना में रहकर सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रहा था। घर की आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण मै पार्ट टाइम जाब ढूंड रहा था। इसी बीच मेरी मुलाकात राजीव व सुरेन्द्र से हुई। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा साल्वरों का एक संगठित गिरोह संचालित किया जा रहा है। इस गिरोह के द्वारा अम्यर्थी के फार्म पर फोटो व बायोमैट्रिक पूर्व में ही साल्वर की करायी जाती है, जिससे मूल अभ्यर्थी के स्थान पर साल्वर को बैठाते समय फोटो व बायोमैट्रिक मैच हो जाए। परीक्षा के समय मूल अभ्यर्थी के पहचान पत्र को फोटोशाप के माध्यम से एडिट कर साल्वर की फोटो लगा दी जाती है।

## आयुष और योग के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा



● सूर्य प्रताप शाही के आवास पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा आज अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश में आयुष और योग के क्षेत्र में शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण में निवेश की संभावनाओं को जुटाने तथा अधिक से अधिक निवेश को आकर्षित करने के लिए स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान केंद्र जिगनी, बैंगलोर के प्रतिनिधियों तथा उत्तर प्रदेश शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। कृषि मंत्री के कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शाही ने स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान जिगनी बेंगलुरु के कुलपति डॉ. एच आर नागेंद्र से अपील की कि विश्वविद्यालय का एक परिसर उत्तर प्रदेश में भी खोला जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जड़ी-बूटी तथा औषधीय पौधों के उत्पादन में रुचि रखने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने यह विश्वास व्यक्त किया कि आयुष और योग पर प्रस्तावित कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रदेशवासियों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन की ओर ले जाएंगे।

आयुष तथा योग के क्षेत्र में एस.व्यासा के नाम से प्रसिद्ध स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान जिगनी बेंगलुरु के कुलपति डॉ. एच आर नागेंद्र के द्वारा योग तथा आयुष में संभावित क्षेत्रों के विषय में विस्तार से बताया गया। प्रदेश के आयुष मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा उत्तर प्रदेश में उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त शासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस विषय पर विचार विमर्श किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि प्रदेशवासियों की उन्नति के लिए सरकार आयुष और योग को प्रोत्साहित कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव आयुष आराधना शुक्ला, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद उपस्थिति रहे।

## सीमा के राज्यों से सटे क्षेत्रों में पुलिस अफसरों ने रात्रि विश्राम कर की गोष्ठी व पैदल गश्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर बीते गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की सीमा के राज्यों से सटे क्षेत्रों में तैनात पुलिस अधिकारियों ने रात्रि विश्राम कर ग्राम वासियों व संभ्रांत व्यक्तियों क्श साथ गोष्ठी तथा पैदल गश्त किया।

उल्लेखनीय है कि डीजीपी ने इन क्षेत्रों के सर्वांगिक विकास एवं सुदृढ़ सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों को गोष्ठी तथा रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में जारी निर्देशों में डीजीपी की ओर से कहा गया थाा कि सीमावर्ती जनपदों में संबन्धित थाना प्रभारी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी सीमावर्ती ग्रामों का चयन करते हुए वहां जाकर ग्रामवासियों व सभ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी, पैदल गश्त व रात्रि विश्राम करें। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीजीपी के निर्देश के अनुपालन में राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी द्वारा अलग अलग ग्रामों में जाकर ग्रामीणों के साथ गोष्ठी एवं पैदल गश्त किया गया तथा गांव में ही रात्रि विश्राम किया गया। बीट आरक्षी, महिला बीट आरक्षी एवं ग्राम प्रहरी (चौकीदार) के साथ भी गोष्ठी व ब्रीफिंग की कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश शासन की सीमावर्ती जनपदों से संबंधित विकास नीतियों को नागरिकों से साझा किया गया। भ्रमण व रात्रि विश्राम के दौरान ग्रामवासियों से आस-पास सीमावर्ती क्षेत्र के सुरक्षा परिदृश्य व अवांछनीय गतिवधियों आदि के संबंध में जानकारी साझा की गई। गो-तस्करी, अवैध शराब, मादक पदार्थ की तस्करी रोकने एवं कार्रवाई के संबंध में बनाई गई कार्य योजना का आंकलन किया गया। ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ गोष्ठी करते हुए सुदृढ़ीकरण के सम्बंध में कार्रवाई की गई।

## बृजलाल खाबरी ने की यूपी में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शरूआत

● दो माह तक चलेगा अभियान, महारैली के माध्यम से होगा समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**26** जनवरी को कांग्रेस के 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शुरुआत हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने आधिकारिक रूप से इस अभियान की शुरुआत की। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार है। इस अभियान का उद्देश्य राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के संदेशों को गांव- गांव, शहर-शहर, हर घर तक पहुंचाना है और यह अभियान अगले 2 महीने तक देश के हर प्रदेश में चलेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि धर्म के नाम पर लोगों में वैमनस्य पैदा कर देश की अर्थव्यवस्था चौपट की जा रही है। एक तरफ जनता से अधिक टैक्स वसूला जा रहा है और जनता पर महंगाई थोपी जा रही है। दूसरी तरफ उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जा रहा है और गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग को किसी भी प्रकार की सहूलियत नहीं दी जा रही है। चंद लोगों के पास देश का पैसा इकट्ठा होता जा रहा है और बहुतायत जनता बेरोजगार और गरीब होती जा रही हैए साथ साथ महंगाई की मार भी झेल रही है। सरकार तानाशाह हो गई है। इन्हीं सब मुद्दों को हाथ से हाथ जोड़ो के माध्यम से अगले 2 महीने में जन जन तक पहुंचाना इस अभियान का उद्देश्य है।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान उत्तर प्रदेश के हर ब्लॉक में चलेगा। अभियान में एक गांव से दूसरे गांव पदयात्रा कर गांव के हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य है।

## मुल्जिम अहमद मुर्तजा अब्बासी दोषी करार, सजा पर सुनवाई 30 को

● गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों पर हमला करने का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एनआईए**/एटीएस के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवानों पर हमला करने व आतंकी गतिविधियो के मामले में मुल्जिम अहमद मुर्तजा अब्बासी को दोषी करार दिया है। उन्होंने सजा के बिन्दू पर सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है

सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक चार अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआईआर विनय कुमार मिश्र ने थाना गोरखनाथ में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवान अनिल कुमार पासवान पर मुल्जिम ने अचानक बांके से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उनका असलहा भी छीनने का प्रयास किया। उनका राइफल सड़क पर गिर गया। उन्हें बचाने के लिए दूसरा जवान आयाए तो जान से मारने की नियत से उस पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल जवान व उसके राइफल को उठाया।

इस दौरान मुल्जिम अपना बांका लहराते व मजहबी नारा लगाते हुए पीएसी पोस्ट की ओर दौड़ा। इससे लोगों में अफरा.तफरी मच गई। इसके हाथ पर एक बड़े बांस से प्रहार किया गया। इसके हाथ से बांका गिर गया। फिर आवश्यक बल प्रयोग कर इसे पकड़ लिया गया। इसके पास से अन्य वस्तुओं के अलावा उर्दू भाषा में लिखी हुई एक धार्मिक किताब भी बरामद हुई थी। विवेचना के दौरान हासिल साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा की बढ़ोत्तरी की गई थी। विवेचना एटीएस को सौंप दी गई थी।

### लाखों की धोखाधड़ी मुल्जिमों की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एडीजे** प्रफुल्ल कमल ने बाल पुष्टाहार परियोजना अधिकारी के पद पर नियुक्ति के एवज में लाखों की रकम हड़पने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम दिव्यांश मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। चार जूनए 2021 को इस मामले की एफआईआर अमित कुमार राय ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक शाइन सिटी के प्रोजेक्ट में प्लाट के लिए निवेश की गई लाखों की रकम हड़पने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अभिषेक सिंह उर्फ अभिषेक ठाकुर की जमानत अर्जी भी अदालत ने खारिज कर दी है। नौ दिसंबरए 2022 को इस मामले की एफआईआर अजय पाल सिंह ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

### सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी की अर्जी पर 45 दिन में निर्णय लेने का आदेश

**लखनऊ (विसं)।** राजधानी के जियामऊ इलाके में निष्क्रांत सम्पति पर कब्जा कर भवन का निर्माण कराने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने विचारण अदालत को आदेश दिया है कि वह मुल्जिमा फरहत अंसारी की उन्मोचन अर्जी पर 45 दिन में निर्णय करे। फरहत अंसारी गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की पत्नी हैं। पीठ ने फरहत अंसारी को यह अर्जी 10 दिन में दाखिल करने की इजाजत दी है। जस्टिस श्रीप्रकाश सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश फरहत अंसारी की याचिका पर दिया है। याचिका में जियामऊ के खसरा संख्या 93 के कुछ भाग पर अवैध कब्जा करने के मामले में दाखिल आरोप पत्र को चुनौती दी गई थी। इसके मुताबिक फरहत अंसारी पर निष्क्रांत सम्पत्ति पर अवैध कब्जा कर मकान बनवाने का इल्जाम है। 29 अक्टूबर 2020 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी लेखपाल सुरजन लाल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

### वसीम रिजवी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** जिला जज संजय शंकर पांडेय ने दुराचार के एक मामले में वांछित सैय्यद वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण त्यागी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी व सरकारी वकील मनीष त्रिपाठी के मुताबिक 15 जुलाईए 2021 को इस मामले की एफआईआर ड्राइवर की पत्नी पीड़िता ने थाना सआदतगंज में दर्ज कराई थी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा नाम निधि मनचंदा से निधि सिंह विवाह पश्चात हो गया है। अतः भविष्य में मुझे निधि सिंह के नाम से ही जाना जाएगा। पत्नी श्री अविजित सिंह निवासी 402, बी ब्लॉक, पनकी कानपुर नगर।

सूचना


मैं, हर्ष कुमार सिंह चौहान, निवासी HIG - 2/21, रुचि खंड – 1, शारदा नगर, लखनऊ–226002, सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मैंने अपनी नाबालिग पुत्री ओनिमा चौहान का नाम बदल कर अनाहिता सिंह चौहान धार्मिक कारणों से कर दिया हैं

सूचना

मैंने पुत्र मुलायम सिंह व पुत्रवधू शिल्पी की हरकतों व व्यवहार से परेशान हो समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, अब उनके व्यवहार व लेनदेन की जिम्मेदारी से मेरा कोई लेना देना नहीं है। गौरीशंकर पुत्र स्व0 बसंत निवासी ग्राम लुखरदौरा पोस्ट कारी कलवारी तहसील मैथा जिला कानपुर देहात।

## भाजपा सरकार ने गोमती रिवर फ्रंट को बर्बाद कर दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव गणतंत्र दिवस के दिन लखनऊ की गोमती नदी पर गोमती रिवर फ्रंट पहुंचे। यादव के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी थे। यादव ने गोमती रिवर फ्रंट की दुर्दशा और गोमती नदी की गन्दगी को देखकर कहा कि भाजपा सरकार ने गोमती रिवर फ्रन्ट बर्बाद कर दिया। समाजवादी सरकार में गोमती नदी पर विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट बनाया गया था। नदियों को साफ रखने का यही तरीका था जिस तरह से समाजवादी सरकार ने शुरू किया था। गोमती रिवर फ्रंट गुजरात के साबरमती नदी पर बनाए गए रिवर फ्रंट की तुलना में बेहतर बना था इसी से चिढ़कर भाजपा सरकार ने इसे बर्बाद कर दिया।

उन्होंने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट पर नदी में लगाएं गयी लाइटें बंद हो गई हैं। अब यहां हरियाली के बजाए सूखे पौधे हैं। रंग बिरंगे फूलों का आकर्षण खत्म हो गया है। हालांकि समाजवादी सरकार में लगाए गए बच्चों के झूले अभी मजबूत और सुरक्षित है। जबकि यहां न कोई देखरेख है और नहीं रखरखाव है। अब यहां पुरानी रंगीन दृश्यावली के केवल अवशेष जिंदा है। भाजपा सरकार की उपेक्षा से खूबसूरतए सुन्दर रिवर फ्रंट अब खंडहर होता जा रहा है। किसी तरह योग केंद्र और औषधि पार्क दुर्दशा के बाद भी जीवित है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने उप्र की जनता से खुशियों के ये फ व्वारे और फ व्वारो के संग संगत करता संगीत छीनकर क्या पाया? समाजवादी सरकार के विकासशील कार्यो का विरोध करते भाजपा उप्र की जनता की खुशियों की भी विरोधी हो गई है। समाजवादी सरकार में गोमती रिवर फ्रंट पर भारत का जो सबसे बड़ा फ उन्टेन लगाना था भाजपा राज में फव्वारा कंटेनर में हैं वह बंद पड़ा है। इसकी जांच होनी चाहिए। प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि अखिलेश यादव के रिवर फ्रंट पहुंचने पर वहां स्टेडियम में क्रिकेट खेल रहें बच्चे उत्साहित हो गए। अखिलेश ने भी वहां बैट पकड़ लिया और उनके खेल में शामिल हो गए। गोमती नदी के तट पर इतना विस्तृत खेल का मैदान कहीं और नही है। इसका उद्घाटन अखिलेश यादव ने ही किया था। इसकी सीढ़ियों पर सैकड़ों लोग बैठ सकते थे। अखिलेश यादव ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने यहां चाय भी पी। यादव से नौजवानों ने बताया कि भाजपा राज में पार्को में गड्ढे हो गए हैं और रिवर फ्रंट उजड़ गया है। अब यहां आने से खुशी नहीं मिलती है। इसकी सुन्दरता को मिटाया जा रहा है।

## एलयू में पढ़ाई कर रहे 25 देशों के छात्रों ने सुना परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के उद्बोधन को शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत लगभग 25 देशों के विदेशी छात्रों ने सुना। कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए खोदाएव इस्कंदर का कहना है कि प्रधानमंत्री ने शिक्षा, समाज एवं विश्व के विभिन्न परिवेशों पर चर्चा करते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं को जैसे सुलझाया है। हमारे लिए काफी प्रेरणा दायक और सुखद रहा। मॉरीशस की नंदिनी जोमुख कहती हैं कि प्रधानमंत्री भारत सरकार का उद्बोधन संचार अध्ययन की दिशा में एक सशक्त पाठ है। नामीबिया की सेल्मा मुलंगा इसे शिक्षा का सामाजिक अनुदाय मानती हैं। ऑफिस फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस टेलीकास्ट प्रोग्राम में डीन स्टूडेंट वेलफेयर और डीन एकेडमिक्स प्रो पूनम टंडन डायरेक्टर इंटरनेशनल कॉलेबोरेशन प्रो आर पी सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के टेलीकास्ट कार्यक्रम के उपरांत ऑफिस फॉर इंटरनेशनल कॉलेबिरेशन द्वारा कम्युनिकेशन, लाइफ स्किल्स एंड हायर एजुकेशन विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कॉलोकियम का भी आयोजन किया गया, जिसमे लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत मैरिशस की नंदिनी जोमुख, यमन के मोहम्मद हेजश, इराक के हसन हादी इंसाफ, ताजिकिस्तान के खोदाजेव इसकंदर, इसौव मतलूबा, नामीबिया की सेल्मा मलूंगा, टोइनी टांगेनी, बांग्लादेश की शिमुल बैरागी, शाश्वत पांडे, सृजिनी पांडे, अपर्णा श्रीवास्तव, श्रुति मिश्र, सुष्मिता पांडे आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया और अपने अपने विचार रखे। लखनऊ विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों के लिए आयोजित टेलीकास्ट पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय कहते हैं कि प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हमारे छात्रों के लिए काफी प्रेरणाप्रद रहा।

### स्कूलों में किया गया पीएम के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी के परीक्षाओं से पहले आयोजित किए जाने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के छठें संस्करण का शुक्रवार को लखनऊ महानगर की सभी 6 विधानसभाओं के विभिन्न स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम देखा गया और परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सीएमएस राजाजीपुरम शाखा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने छात्रों एशिक्षकों और अभिभावकों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कैंट विधानसभा के न्यू मोंटेसरी स्कूल में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मध्य विधानसभा के क्राइस्ट



चर्च कॉलेज में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, सिटी मोंटेसरी स्कूल महानगर शाखा में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उत्तर विधानसभा के ब्राइट लैंड कॉलेज में विधायक नीरज बोरा तथा सरोजिनी विधानसभा के सेंट मैरी कॉन्वेंट डे इंटर कॉलेज में विधायक एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने छात्रों व शिक्षकों के साथ बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लाइव सुना व देखा।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## गणतंत्र दिवस पर परेड व झांकी की मनमोहक झलक...











# निवेश के मामले में बेहतरीन गंतव्य के रूप में उभरा है यूपीः मुख्यमंत्री

### ● राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास पर किया ध्वजारोहण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने कहा है कि भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने में प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान होगा। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य है। देश व दुनिया को उत्तर प्रदेश से कई अपेक्षाएं है। हमें उन अपेक्षाओं के प्रति खरा उतरना होगा। देश को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में स्थापित करने के लिए हम सभी को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में आगे बढ़ने के संकल्प से जुड़ना होगा। यह आज की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश बेहतरीन कानून व्यवस्था के साथ दंगा मुक्त राज्य के रूप में स्थापित हुआ है, इससे प्रदेश निवेश के मामले में बेहतरीन गन्तव्य के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री गणतंत्र दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर ध्वजारोहण करने के बाद उपस्थित जन समदुाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर मातृभूमि के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों तथा देशभक्तों को नमन करते हुए भारतीय संविधान के निर्माताओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सभी को लोकतंत्र की उन मूल भावनाओं को समझना होगा, जिसके कारण पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश आजादी का अमृत महोत्सव बड़े उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। लोकतंत्र के इस उत्सव ने हम सभी को इस बात का एहसास कराया कि देश भले ही 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ लेकिन लोकतंत्र के प्रति इसकी आस्था आदिकाल से रही है। लोकतंत्र की जड़ें भारत में उतनी ही सुदृढ़ व गहरी हैं, जितनी मजबूत मानवता के इतिहास की जड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए 26 नवम्बर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। संविधान को लागू करने का मतलब देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान के इस दस्तावेज के निर्देशों का पालन करना होगा। दुनिया में देश को नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए मौलिक अधिकारों एवं मूल कर्तव्यों का उल्लेख है। संविधान दिवस मनाते समय नागरिकों के कर्तव्यों की भी चर्चा की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश ने आजादी के 75 वर्ष की लम्बी दूरी तय की है। यह पर्व व त्योहार हम सभी को चिंतन व मनन करने का अवसर प्रदान करते हैं। मनुष्य के जीवन में 75 वर्षों की यात्रा चार आश्रमों में अंतिम आश्रम में प्रवेश करने की प्रक्रिया का एक हिस्सा होती है। यह वह उम्र होती हैए जब व्यक्ति अपने सभी प्रकार के कर्तव्यों से मुक्त होकर सम्पूर्ण रूप से समाज के प्रति अपने आपको समर्पित कर देता है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम सभी का दायित्व है कि संविधान में बताये गये सभी अनुच्छेदों का ईमानदारी पूर्वक पालन करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को दुनिया में सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करने के लिए हमें अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करना होगा। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत को जी-20 सम्मेलन के माध्यम से दुनिया के 20 प्रतिष्ठित देशों की अध्यक्षता करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का भी अवसर है। जी-20 सम्मेलन के कुछ आयोजन उत्तर प्रदेश में भी आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन से जुड़कर उप्र भी अपनी बात देश-दुनिया के सामने रख सकता है। मुख्यमंत्री ने 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद की सलामी ली। अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, सचिव मुख्यमंत्री अमित सिंह, सूचना निदेशक शिशिर, अपर निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्तव्य निष्ठा के साथ कर्मचारी प्रदेश की प्रगति में योगदान दें: शिशिर



**लखनऊ।** निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग शिशिर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर में झण्डा फहराया एवं सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई। आज के दिन संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ और भारत लोकतंत्रात्मक, संप्रभु गणराज्य बना। हमें अपने गौरवपूर्ण अतीत को याद करें और उससे प्रेरणा लें तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ करते हुए प्रदेश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना विभाग के सभागार में सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वर्ब डांस ग्रुप के कोरियोग्राफर विक्कीराज के निर्देशन में बच्चों द्वारा भी राष्ट्रीय गीत पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, मुख्य वित्त लेखाधिकारी रजनीकान्त वर्मा, उप निदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, कुमकुम शर्मा, दिनेश कुमार सहगल, प्रभात शुक्ला, ललित मोहन, फिल्म निर्माण अधिकारी संजय अस्थाना, सहायक निदेशक गोकुल दुबे, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती सहित सूचना विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित राजभवन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन किया गया। राजभवन में ध्वजारोहण के पश्चात् राज्यपाल ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर विविध मनोरम झाँकियों का अवलोकन किया। ये झाँकिया प्रदेश के विभिन्न विभागों तथा विद्यालयों द्वारा निकाली गयी। परेड में सेना, पुलिस, पीएसी, होमगार्डस, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे। राजभवन के बड़ा लॉन प्रांगण में 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस की पुनीत संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों और यहाँ के अध्यासितों के बच्चों के साथ.साथ नृत्य, संगीत एवं अभिनय की शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों ने भी देश-प्रेम से ओत-प्रोत गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल ने मटकी में जलधारा प्रवाहित कर जल संरक्षण के संदेश के साथ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी प्रतिभागी बच्चों के बेहतरीन प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि पिछले तीन सालों से राजभवन के बच्चों द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर प्रस्तुतिकरण की परम्परा प्रारम्भ की गई थी। तब से अब तक बच्चों की प्रस्तुतियों में दक्ष कलाकार के स्तर तक बेहतर हो गई है।

## 36वें नेशनल गेम्स में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस कायक्रम की श्रृंखला के क्रम में राजभवन में आयोजित अलंकरण समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स.2022 में राज्य के पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों तथा 36वें नेशनल गेम्स.2022 के प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अलंकरण समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स.2022 में पदक विजेता एवं प्रतिभागी 14 खिलाड़ियों को कुल 5 करोड़ 30 लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। साथ ही नेशनल गेम्स में पदक विजेता 66 खिलाड़ियों को कुल 2 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। अलंकरण समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कोई व्यक्ति जब खिलाड़ी बनता है तो उसकी शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाड़ियों को अपने क्षेत्र के बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है। राज्यपाल ने कहा कि बच्चे कम खर्च में विभिन्न पारम्परिक खेलों से जुड़ सकते हैं। राजभवन में लड़कियों को जूडो सिखाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अलंकरण समारोह में सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत 8 वर्षों में देश में खेल व खेल से जुड़ी हुई विभिन्न विधाओं को आगे बढ़ाने के अनेक कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। खेलो इण्डिया कार्यक्रम की सफलता के परिणाम सभी के सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने खेल के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम आगे बढ़ाये हैं। गांवों में खेल के मैदान के लिए जमीन आरक्षित करने, खेल के मैदान बनानेए ओपेन जिम के निर्माण तथा विकास खण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम एवं जनपद स्तर पर स्टेडियम बनाने जैसे कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के जिन खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किये हैं, उनकी राजपत्रित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने हाल ही में 2 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र जारी किये हैं। प्रदेश सरकार शेष खिलाड़ियों के लिए भी शीघ्र ही नियुक्ति पत्र जारी करेगी और उन्हें सरकारी नौकरी से जोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मेरठ में मेजर ध्यानचन्द के नाम पर राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्मिंघम, इंग्लैण्ड में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम्स.2022 में उत्तर प्रदेश के 14 खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए कुल 8 पदक जिनमें 4 रजत पदक व 4 कांस्य पदक प्राप्त कर देश व विदेश में उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, खेल निदेशक आरपी सिंह, सूचना निदेशक शिशिर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# परेड में शामिल सेना के आयुधों, मार्च पास्ट, रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों व झाकियों ने दर्शकों का मन मोहा

### ● विभागों की झांकी में एलडीए व स्कूलों में सीएमएस पहले स्थान पर

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में विधानभवन के सामने 74वां गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पूरी गरिमा के साथ संपन्न हुआ। मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का स्वागत किया और उन्हें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस समारोह की आकर्षक परेड में सम्मिलित भारतीय सेना के आयुधों, मार्चपास्ट, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा झांकियों आदि ने दर्शकों का मन मोह लिया। परेड का नेतृत्व ले. कर्नल सुरेश चन्द्र राजन ने किया। परेड के मौके पर टी-90 टैंक भीष्म, इन्फेंट्री कॉम्बेट व्हीकल बीएमपी-2 सारथ, आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल, एएम-50, मीडियम मशीन गन का प्रदर्शन भी किया गया। परेड के दौरान हेलीकॉप्टर द्वारा परेड स्थल पर पुष्प वर्षा भी की गई तथा हवा में तिरंगे गुब्बारे भी छोड़े गए। झांकी समिति के अध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर शामिल होने वाली झाकियों में कार्यालय श्रेणी में एलडीए और स्कूलों की श्रेणी में सीएमएस की झांकी प्रथम स्थान मिला। परेड में आसाम रेजीमेंट, एएमसी व जीआर, सिख रेजीमेंट, राजपूत रेजीमेंट, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, आईटीबीपी, आईटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल, सशस्त्र सीमा बल, उत्तर प्रदेश पुलिस, 32वीं वाहिनी पीएसी ब्रास बैण्ड, 32वीं वाहिनी पीएसी पुरुष टुकड़ी, 35वीं वाहिनी पीएसी ब्रास बैण्ड, 35वीं वाहिनी पीएसी पुरुष टुकड़ी, यूपी एटीएस कमाण्डो पुरुष टुकड़ी आदि ने प्रतिभाग किया। सीएमएस सहित दो दर्जन स्कूलों के बच्चों ने भी फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सांस्कृतिक दल ने ककसार लोकनृत्य तथा अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक टोली ने पाखू इद्दू लोक नृत्य प्रस्तुत किया। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कलाकारों द्वारा प्राई लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस की परेड में विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं विद्यालयों की झांकियां प्रस्तुत की गईं।

## डिप्टी एसपी हरीश सिंह भदौरिया को मिला राष्ट्रपति पदक



**लखनऊ।** 74 वें गणतंत्र दिवस के भव्य समारोह के अवसर पर डिप्टी एसपी हरीश सिंह भदौरिया को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। भदौरिया पूर्व में लखनऊ में भी तैनात रह चुके हैं। उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय सराहनीय व साहसिक कार्यों की वजह से उन्हें राष्ट्रपति का पुलिस पदक मिला है। वर्तमान में बागपत जिले में सीओ बड़ौत के पद पर तैनात भदौरिया को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण एवं जंतु उद्यान जलवायु विभाग के राज्यमंत्री केपी मलिक द्वारा राष्ट्रपति पदक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बागपत के डीएम राज कमल यादव व एसपी नीरज जाधव ने हरीश सिंह भदौरिया को हार्दिक बधाई दी।

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
SWACHH SURVEKSHAN #Mera Shahar, Meri Pehchan 2023
Azadi Ka Amrit Mahotsav

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर।

पत्रांक :— 1304 / एस0बी0एम0 / न0पा0प0सी0 / 2022—23 दिनांक : 26.01.2023

सार्वजनिक सूचना

**गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 के पावन पर्व पर सभी नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम — 1916 की धारा — 298 प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद, सीतापुर की सीमा हेतु ठोस अपशिष्ट नियमावली—2019 प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली की धारा—301 के अंतर्गत उपविधि का प्रकाशन सभी व्यक्तियों के दावे, आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त करते हुए दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाता है। प्रकाशन को 30 दिवस के अंदर प्रकाशित विज्ञापित पर कोई दावा एवं अनापत्ति प्राप्त न होने पर ठोस अपशिष्ट उपविधि—2019 को अंतिम रूप से स्वीकृत कर लिया जायेगा। जिस पर कोई आपत्तियां स्वीकार नहीं होगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :—

1. संक्षिप्त नाम प्रसार एवं प्रारम्भ :—
(1) — यह उपविधि ठोस अपशिष्ट उपविधि / नियमावली —2019 कहलाएगी।
(2) — यह नगर पालिका परिषद सीतापुर की सीमा में प्रवृत्त होगी।
(3) — यह उपविधि उ0 प्र0 राज्य पत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पालिका परिषद सीतापुर में प्रवृत्त होगी।
2. परिभाषायें :—
नियम या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर अधिनियम में उल्लिखित शब्द का अर्थ इस प्रकार पढ़ा या समझा जाये।
(1) अधिनियम का तात्पर्य उ0 प्र0 नगर पालिका अधिनियम — 1916 से है।
(2) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पालिका परिषद सीतापुर में अधिशासी अधिकारी से है।
(3) नगर पालिका से तात्पर्य नगर पालिका परिषद सीतापुर से है।
3. खुले में शौच करने के लिए प्रति व्यक्ति रूपया 500 जुर्माना है।
(1) डोर टू डोर कूडा कलेक्शन शुल्क रू 50 प्रतिमाह देय होगा।
(2) नाला नाली या सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाने पर पेनाल्टी शुल्क रूपया 200 प्रति प्रकरण तथा पुनरावृति करने पर पेनाल्टी शुल्क रु0 500 प्रति प्रकरण देय होगा।
(3) व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर कूड़ेदान न रखे जाने पर रुपये 100 जुर्माना है।
(4) पान मसाला / गुटखा इत्यादि की पीक सड़क पटरी व सरकारी भवन पर थूकने व धूम्रपान करने पर पहली बार पाये जाने पर रुपया 100 दोबारा पाये जाने पर रूपया 500 जुर्माना देना होगा।
(5) गीले व सूखे कूड़े को पृथक—पृथक न करने पर रूपया 100 प्रतिदिन घरेलू (मैरिज हॉल होम, विवाह स्थल आदि) 500 प्रति माह घटना व्यवसायिक स्थल देय होगा।
(6) भैंस / गाय / सूअर इत्यादि सभी प्रकार के—जानवरों को खुला छोड़ने पर 500 प्रति प्रकरण प्रतिदिन देय होगा तथा पेनाल्टी का भुगतान नहीं किया जाता है अथवा दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो पकड़े गए पशु को नीलाम कर दिया जाएगा वह धनराशि नगर पालिका परिषद सीतापुर के कोष में जमा कर दी जाएगी।
(7) सार्वजनिक स्थलों अथवा रोड की पटरी पार्क एवं चौराहे के आस—पास गोबर फैलाने या रखने पर 500 प्रति घंटा जुर्माना लिया जाएगा।
(8) ऐसे व्यवसायिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम प्रतिदिन के हिसाब से कूडा उत्सर्जित करते हैं उनकी प्रोसेसिंग की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी।
(9) ठोस अपशिष्ट को जलाने पर प्रति घंटा रुपया 1000 एवं पुनरावृत्ति पर रुपया 2000 प्रति घंटा जुर्माना लिया जाएगा।

**दंड**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका नियमावली 1916 की धारा 299 (1) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद सीतापुर यह आदेश देती है कि इस नियमावली का किसी भी प्रकार उल्लंघन करने पर रुपया 1000 मात्र अर्थदंड आरोपित किया जाएगा। यदि अपराध निरंतर जारी रहे तो अतिरिक्त अर्थदण्ड लगाया जाएगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से निरंतर अपराध जारी रखने पर रुपया 250 मात्र प्रतिदिन देय होगा।


**वैभव त्रिपाठी**
अधिशासी अधिकारी श्रेणी—1
नगर पालिका परिषद, सीतापुर।


**रामभरत तिवारी**
अपर जिला मजिस्ट्रेट /
प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0), सीतापुर।


**अनुज सिंह**
जिला मजिस्ट्रेट
सीतापुर।

# पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर का भतीजा भी गिरफ्तार

**अलाया अपार्टमेंट मामला**

## मलबे से एक और शव बरामद

- याजदान बिल्डर के मालिक की तलाश में लगीं पुलिस की कई टीमें
- मो. तारिक नौ फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हजरतगंज** के वजीरहसन रोड पर हुए अलाया अपार्टमेंट हादसे में पूर्व मंत्री और सपा विधायक शाहिद मंजूर के भतीजे मोहम्मद तारिक को भी गिरफ्तार कर लिया है। मंजूर के बेटे नवाजिश शाहिद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस घटना के तीसरे नामजद अभियुक्त और याजदान बिल्डर के मालिक फहद याजदान की तलाश में पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं। वहीं बीते बृहस्पतिवार को मलबे से एक और महिला का शव बरामद हुआ है। जिसकी शिनाख्त शिक्षिका शबाना के रूप में हुई है। जो मूल रूप से बांदा की रहने वाली थीं। वह उन्नाव के सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर तैनात थीं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हजरतगंज स्थित बहुमंजिला अलाया अपार्टमेंट अचानक भरभरा कर ढह गया था। अपार्टमेंट ढहने से आसपास रहने वालों में दहशत फैल गई। आननफानन लोगों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी, डिप्टीसीएम ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू कराया गया। इस हादसे के चलते मलबे में दबी सपा नेता अब्बास हैदर की मां बेगम हैदर और पत्नी उजमा हैदर को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन दोनों की मौत हो गई थी। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार रेस्क्यू में जुटे हुए थे। इसी दौरान बृहस्पतिवार को मलबे से शबाना का शव बरामद हुआ। उधर हजरतगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इस मामले के दूसरे नामजद अभियुक्त और पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर के भतीजे मो. तारिक को पुलिस ने प्रभारी सीजेएम के न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने मो. तारिक को नौ फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### हादसे के चोटिलों को मिली अस्पताल से छुट्टी

लखनऊ। हजरतंगज के रिहायशी इलाके में गिरी इमारत हादसे में सिविल अस्पताल में भर्ती सात घायलों को छुट्टी दे दी गई। सिर्फ एक महिला घायल इमरजेंसी में भर्ती है। उसकी हालत भी खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अलाया अपार्टमेंट के मलबे से रेस्क्यू से निकाले गए चोटिलों को सिविल अस्पताल भेजा गया था। इनमें सास और बहू के अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था। अन्य दो घायलों को केजीएमयू के ट्रामा में भर्ती कराया गया था। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ आरपी सिंह ने बताया कि घायलों में सुधार होने पर परिजनों की सहमति पर छुट्टी दे दी गई। अब एक बालू अड्डा निवासी महिला शाहजहां इमरजेंसी में भर्ती है। उसका इलाज चल रहा है, सेहत में सुधार है। शाहजहां घटना वाले दिन अपार्टमेंट के 404 नम्बर फ्लैट में मेड थी। हादसे के समय वह चाय बना रही थी। 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने मौत के मुंह से महिला को बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की थी। अस्पताल से छुट्‌टी पाने वालों में क्रमशः अमीर हैदर, मुस्तफा, नसरीन, मो युसूफ खान, रंजना अवस्थी, अलोका अवस्थी, अफरीन, एश्ले बर्न शामिल हैं। जबकि केजीएमयू के ट्रामा से उन्नति, खालिद शामिल हैं।

## लोकबंधु में मोतियाबिंद के आपरेशन शुरू

- बृजेश पाठक ने नि:शुल्क ऑपरेशन सुविधा का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** लोकबंधु राजनारायण अस्पताल में शुक्रवार से मोतियाबिंद के नि:शुल्क ऑपरेशन शुरू हो गए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मोतियाबिंद ऑपरेशन के सुविधा का शुभारंभ किया। इससे मरीजों को आंखों का इलाज कराने में सुविधा होगी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार लगातार अस्पतालों को अपग्रेड कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से अस्पतालों को लैस किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक बंधु अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। यहां फेको तकनीक से मोतियाबिंद के ऑपरेशन होंगे। ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क होंगे। बड़े अस्पतालों से मरीजों का दबाव कम होगा। आशियाना, कानपुर रोड, आलमबाग, पीजीआई के आसपास के लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने में ज्यादा दूर का सफर नहीं तय करना होगा। उन्होंने कहा की ऑपरेशन से पहले की सभी जांचें अस्पताल में मुफ्त होंगी। मरीज को अस्पताल में फेको तकनीक से ऑपरेशन के बाद ज्यादा समय अस्पताल में नहीं गुजरना होगा। ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद ही मरीज की अस्पताल से छुट्टी हो जाएगी।

## हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार, जांच का आदेश किया खारिज

- डॉक्टर ने बीमार बेटी की देखभाल के लिए मांगा था अवकाश
- छुट्टी नहीं दी, इस्तीफा भी मंजूर नहीं कियाए उल्टा विभागीय जांच हो गई शुरू

लखनऊ (विसं)। एक सरकारी महिला डॉक्टर को उसकी अस्वस्थ बेटी की देखभाल के लिए अवकाश नहीं देने बल्कि इस्तीफा देने पर विभागीय जांच शुरु करने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार को जमकर फटकार लगाई है। पीठ ने कहा है कि सभी प्रयासों के बावजूद आज भी एक कामकाजी महिला को कितना परेशान किया जा सकता हैए वह इस मामले में परिलक्षित हो रहा है। पीठ ने इस टिप्पणी के साथ महिला डॉक्टर के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश को खारिज कर दिया है। साथ ही इस्तीफे की तारीख से डॉक्टर को कार्यमुक्त मानते हुए उसकी सेवा से संबंधित लाभ दो माह में देने का आदेश भी दिया हैं। जस्टिस विवेक चौधरी की एकल पीठ ने यह आदेश डॉण् प्रियंका गर्ग की याचिका पर दिया है। डॉण् प्रियंका के वकील गौरव मेहरोत्रा का कहना था कि उनकी बेटी ब्रॉन्कियल अस्थमा से पीड़ित है। डॉण् प्रियंका सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में तैनात थी। उन्होंने अपनी बेटी की देखभाल के लिए अवकाश की अर्जी दी लेकिन मंजूर नहीं हुई। उन्हें जुलाईए 2019 से सितंबरए 2019 व जनवरीए 2020 से फरवरी 2020 का वेतन भी नहीं मिला। 24 फरवरीए 2020 को उन्होंने सेवा से त्याग पत्र दे दिया। इस पर भी कोई निर्णय नहीं लिया गया बल्कि 25 सितंबरए 2020 को उनके खिलाफविभागीय जांच शुरु कर दी गई। 26 सितंबरए 2020 को इस्तीफा भी नामंजूर कर दिया गया। एकल पीठ ने फटकार लगाते हुए कहा कि विभाग को इस्तीफा मंजूर करना चाहिए था और विभागीय जांच की कोई आवश्यकता नहीं थी।

### मोहनलालगंज में 98 मनोरोगियों को मिला उपचार

**मोहनलालगंज।** काम में मन न लगे और मन में आत्महत्या का विचार आए तो सजग हो जाइए यह मानसिक रोग के लक्षण हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त झगड़ेलू स्वभाव याददाश्त में कमी और भूत प्रेत का भ्रम भी एक प्रकार का मानसिक रोग हो सकता है। वक्त पर डाक्टर की सलाह और इलाज से मानसिक रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है। यह बातें शुक्रवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर आयोजित मनोरोग उपचार शिविर में मनोचिकित्सक डॉ0 अभय सिंह ने मरीजों को बताकर मानसिक रोग के प्रमुख लक्षणों की जानकारी दी। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ0 अशोक कुमार ने की। इस दौरान 98 मनोरोगियों को स्वास्थ्य सलाह और उपचार दिया गया। पीएसडब्ल्यू रवि द्विवेदी ने शिविर में आई हुईं आशा बहुओं को मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सीपी गरिमा सिंह ने 09 मानसिक दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए। इस मौके पर बीपीएम कृष्ण कुमार एचइओ सादिया अंसारी बीसीपीएम आनन्द मोहन त्रिपाठी बीएएम मंतोष सिंह संतोष कुमार पाल और आदेश पाण्डेय मौजूद रहे।

### दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** पद्मिन खेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार को दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। जख्मी हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। मोहनलालगंज के पद्मिन खेड़ा निवासी संदीप सिंह तोमर शुक्रवार को खेत जा रहे थे। आरोप है कि रंजिशन रास्ते में घात लगाकर बैठे अंशुल सुजीत मंजीत और लाला यादव ने संदीप को घेर कर पकड़ लिया फिर खेत के अंदर ले जाकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। भागने की कोशिश करने पर आरोपियों ने संदीप को दौड़ा लिया और मोबाइल छीनकर लाठी.डण्डे से बेरहमी से पिटाई कर दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जख्मी संदीप को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन आयोजित



**लखनऊ।** यूथ फॉर ह्यूमन राइट्स इंडिया ने लाल बहादुर शास्त्री ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर अपने वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन 2023 की मेजबानी की है। शिखर सम्मेलन का विषय ‿नवजयशिक्षा का अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा‿नवजय था। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन दुनिया भर के लोगों को मानवतावादी विकास की दिशा में योगदान करने के लिए एक निष्पक्ष मंच का लाभ उठाने का अवसर देता है और स्वीकार करने के लिए एक व्यापक मंच के लिए अपने विचारों और उपलब्धियों को सामने रखता है। इस शिखर सम्मेलन का लक्ष्य दुनिया भर के युवाओं और वयस्कों को नवाचार के बारे में बात करनेए पदोन्नतिए शिक्षा और युवाओं के प्रशिक्षण के लिए शांति और मानवता के पैरोकार बनने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के कार्यान्वयन के बारे में बात करना था। कई समान विचारधारा वाले लोग सहयोग करने और मानवीय कारणों में योगदान करने के लिए आए और सभी ने अपने काम का प्रदर्शन किया। प्रतिभागी और गणमान्य व्यक्ति 30 देशों से आए थे।

### स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को मिली सलाह और इलाज

**मोहनलालगंज।** हुलासखेड़ा के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर शुक्रवार को वात्सल्य संस्था और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। सीएचओ नेहा पाल ने बताया शिविर में ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच और बीएमआई के अनुसार ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य सलाह दी गई। लोगों को गैर संचारी रोगों की रोंकथाम के लिए जागरुक किया गया। इस मौके पर प्रधान नीता यादव प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित वात्सल्य संस्था के दुर्गेश दीक्षित समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।


### स्कूल कालेजों में धूम-धाम से मनाया गया पर्व

**लखनऊ।** दि लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट में 74वां गणतंत्र दिवस देश प्रेम और गौरवपूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। तत्पश्चात मार्च पास्ट हुआ। विद्यालय के संयुक्त निदेशक/प्रधानाचार्य डॉ. जावेद आलम खान ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से एकता एवं भाईचारे की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा स्पीच कॉयर का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपने हाव.भाव की। विशेष श्रेणी में विभिन्न क्षेत्रों में भाग लेने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कॉलेजिएट में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. जावेद आलम खान ने प्रतियोगी छात्रों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया।

### बसंत पंचमी पर बंधु महल ने किया 11 शिक्षकों को सम्मानित

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था बंधु महल ने बसंती पंचमी के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के 11 शिक्षकों को सम्मानित किया। जिन्होंने गांवों में छात्रों के बीच ज्ञान का प्रकाश फैलाने में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सूचना आयुक्त नरेंद्र श्रीवास्तव और अपर आयुक्त उद्योग अटल राय समारोह के मुख्य अतिथि थे। मैथिलीशरण वार्ड के पार्षद दिलीप श्रीवास्तव भी मौजूद थे। इस मौके पर सूचना आयुक्त ने कहा कि यह एक तथ्य है कि प्राथमिक वर्गों में काम करने वाले सरकारी शिक्षक वास्तव में एक तुर्क सेवा कर रहे हैं और उनके काम को मान्यता नहीं दी जाती है। कॉन्वेंट और निजी स्कूल अपने दृष्टिकोण और मीडिया तक पहुंच के कारण हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। जबकि सरकारी शिक्षकों के प्रयास, जो प्राथमिक शिक्षा के सिपाही हैं, को मान्यता नहीं दी जाती है। अटल राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सराहनीय है कि बंधु महल शिक्षा विभाग के गुमनाम नायकों का सम्मान कर रहा है। समारोह के संयोजक सुधीर सहगल ने कहा कि शिक्षकों के काम का मूल्यांकन कर उनका चयन पारदर्शी तरीके से किया गया। बंधु महल हर साल छात्रों की मदद करता है और यहां तक कि उनकी शिक्षा को प्रायोजित भी करता है। यह शिक्षकों को उनके काम के लिए सम्मानित भी करता है। जिन शिक्षकों को सम्मानित किया गया उनमें अर्चना मिश्रा, उपमा, रेणु सिंह, रूही सिद्दीकी, रेणुका यादव, जयदेवी, राजश्री महाजन, चंद्रकांत, अमिता सचान, किरण और अर्चना मिश्रा.द्वितीय शामिल हैं।

### व्यापार मंडल ने गणतंत्र दिवस पर किया तहरी भोज का आयोजन



लखनऊ। एल्डिको चिनहट गोमती नगर उद्योग व्यापार मण्डल की 20 सदस्यीय कोर कमेटी न गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विशाल ध्वजारोहड़ कार्यक्रम व तहरी भोज का आयोजन किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर चिनहट आलोक राव ने ध्वजारोहण किया। समारोह में कई गणमान्य लोगों के अलावा लगभग 500 लोगों ने हिस्सा लिया। ध्वजारोहण के उपरांत सदस्यों ने न्यू विस्डम विद्यालय मे सभी बच्चों को तहरी का वितरण कराया। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर भी तहरी भोज में काफी संख्या में स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अगुवाई अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने की। वरिष्ठ महामंत्री यादवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर, आशुतोष खर, पंकज गुप्ता जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रमोद सिंह जिला कोषाध्यक्ष, शेर बहादुर थापा, पुरुषोत्तम जालान, ऋषी गुप्ता, अजीत सिंह यादव, कुलदीप यादव, विवेक सक्सेना, जतिन बजाज, शुभान्कित गुप्ता, धीरज गुप्ता, आदित्य सिंह, विशाल गुप्ता, सरताज खान, सनी कुमार, वेद शुक्ला एवं मनोज कुमार और रिजवान आदि का भी कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

## डॉ. एससी राय पार्क में कार्यक्रम आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महानगर** विस्तार जनकल्याण लखनऊ ने संस्कृत भारतीन्यास अवधप्रान्त व वारियर्स डिफेन्स एकेडमी के साथ गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी महोत्सव' मनाया गया। इस वर्ष सम्पूर्ण राष्ट्र मे गणतंत्र दिवस व बसन्तोत्सव अत्यंत उल्लास पूर्ण वातावरण मे मनाया गया। पद्मश्री डॉ. एस सी राय पार्क मे महानगर विस्तार जनकल्याण समिति द्वारा झंडारोहण पश्चात राष्ट्रीय भावनाओं से ओत प्रोत गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी एक ही दिवस पर होने से दोनों उत्सव भारत माता व ज्ञान की देवी मां स्वरस्वती की उपासना से प्रारम्भ हुए। मुख्य अतिथि डा संजीव मिश्र कुलपति अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डा. ए के सिंह पूर्व कुलपति अटल बिहारी बाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय, डा आलोक धवन निदेशक सेंटर आफ बायोमेडिकल रिसर्च, डा जी के सिंह पूर्व निदेशक एम्स पटना व प्रसिद्ध अस्थि शल्य विशेषज्ञ, गौरव नायक संगठन मंत्री संस्कृतभारती अवधप्रान्त, पवन चौहान सदस्य विधान परिषद ने इस अवसर पर सहभागिता कर उपस्थित जनों को अपने विचारों से लाभान्वित किया। जे पी सिंह सचिव महानगर विस्तार जनकल्याण समिति ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए कहा कि राष्ट्र नये इतिहास को रच रहा है। संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान को संस्कृत भाषा मे अनुवाद करने का निर्णय हर भारतीय को गौरवान्वित करने की दिशा व संस्कृत के महत्व को उसका उचित स्थान प्रदान कराने की दिशा मे महत्वपूर्ण निर्णय है। भारत आज सैन्य सामाग्री निर्यातक के रूप अग्रणी भूमिका मे पहचान बना रहा है। जे पी सिंह ने यूपी से मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण व सात विभूतियों को पद्म श्री से सम्मानित किए जाने के लिए शुभकामनाए ज्ञापित की।

## जल की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिए समय पर कराई जाए सैम्पलिंग

- मुख्य सचिव ने की जल जीवन मिशन व नमामि गंगे योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जल जीवन मिशन व नमामि गंगे योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि जल जीवन मिशन योजना में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जल जीवन सर्वेक्षण जनवरी 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनपदों की तीन स्टार श्रेणी में हापुड़ व सबसे तेजी गति से आगे बढ़ने वाले जनपदों की तीन स्टार श्रेणी में महोबा व मिर्जापुर जनपद शामिल हुए हैं। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनपदों की दो स्टार श्रेणी में शाहजहांपुर व पीलीभीत तथा सबसे तेजी गति से आगे बढ़ने वाले जनपदों की दो स्टार श्रेणी में झांसी, चित्रकूट व जालौन जनपद शामिल हुए हैं। यही नहीं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की वन स्टार श्रेणी में कासगंज, श्रावस्ती, लखनऊ तथा सबसे तेजी गति से आगे बढ़ने वाले जनपदों की वन स्टार श्रेणी में श्रावस्ती, अमरोहा, कासगंज सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इसी तरह का प्रदर्शन आगे भी जारी रखना है। अन्य जनपदों के समक्ष उदाहरण है वह भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जल जीवन सर्वेक्षण में स्थान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में परियोजना की प्रगति धीमी है, वह नियमित समीक्षा कर परियोजना के कार्यों में तेजी लाएं। परियोजना के लिए अवशेष डीपीआर तथा भूमि की उपलब्धता का कार्य जनपदों से समन्वय कर शीघ्र से शीघ्र पूरा कराया जाए। जल की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के लिये समय-समय पर जल की सैम्पलिंग करायी जाए। बैठक में बताया गया कि 25 जनवरी 2023 तक 50 प्रतिशत हाउस होल्डस टैप वाटर कनेक्शन में उत्तर प्रदेश 197.762 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 97568 ग्रामों में से 80000 ग्रामों में कार्य प्रगति पर है या पूर्ण हो चुका है। 9000 की डीपीआर तैयार हो चुकी है। नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत 52 परियोजना में से 28 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, 17 परियोजनाओं में कार्य चल रहा है और 7 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया गतिमान है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीआदि उपस्थित थे।

## आईआईएमएल में सबसे बड़े बैच का सौ फीसद प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आईआईएम** लखनऊ ने पीजीपी के 37वें बैच और पीजीपी-एबीएम छात्रों के 18वें बैच के लिए 2022-2023 चक्र का अपना फाइनल प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। संस्थान ने अपनी 37 साल की विरासत के इतिहास में सबसे बड़े बैच के लिए 100 फीसद प्लेसमेंट हासिल किया। 556 छात्रों के लिए 632 ऑफर हासिल किए और छात्रों को परामर्श, वित्त, सामान्य प्रबंधन, आईटी और विश्लेषिकी, बिक्री और विपणन, संचालन और कई भूमिकाओं में नियुक्त किया। आईआईएम लखनऊ ने सफलतापूर्वक उच्चतम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय सीटीसी क्रमशः 55 लाख रुपये प्रति वर्ष और 65 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंचने के साथ क्रमशः 32.23 लाख रुपये प्रति वर्ष और 30 लाख रुपये प्रति वर्ष का उच्चतम औसत और औसत सीटीसी हासिल किया। एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स, बीडीए पार्टनर्स, कैशफ्री, कॉगोपोर्ट, इंडिगोएज, लोढ़ा कैपिटल, मेरिसिस एडवाइजर्स, मोतीलाल ओसवाल, नायका, 3 कैपिटल, ऑफ बिजनेस, पिनपॉइंट, पॉलिसी बाजार, समग्र गवर्नेंस, स्टेकबोट कैपिटल सहित पहली बार प्रतिष्ठित भर्तीकर्ताओं की एक बड़ी संख्या।

## डिजिटल मानवाधिकार को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय एवं उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वाधान में डिजिटल मानवाधिकार- उत्तर प्रदेश राज्य में उभरते आयाम एवं चुनौतियां विषय पर श्रीरामस्वरुप यूनिवर्सिटी के इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

**कार्यालय गन्ना विकास परिषद**
**रामगढ़–सीतापुर**

पत्र संख्या 356/निर्माण/ दिनांक : – 27–01–2023

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई–निविदा)**

गन्ना आयुक्त, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से मंत्री, गन्ना विकास परिषद, रामगढ़ के 03 कार्य हेतु गन्ना विकास विभाग एवं सभी राजकीय/केन्द्रीय विभागों में सड़क निर्माण कार्य में समतुल्य श्रेणी 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' में पंजीकृत ठेकेदारों से सड़क निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर मुहर बन्द निविदायें आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in से दिनांक 28.01.2023 से 06.02.2023 सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती हैं। बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाईन दिनांक 06.02.2023 को सांय 5.00 बजे तक सबमिट किया जायेगा, तथा तकनीकी बिड दिनांक 07.02.2023 को अपरान्ह 01.00 बजे कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, सीतापुर में खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

अवर अभियन्ता, गन्ना विकास परिषद, रामगढ़, जनपद–सीतापुर
मंत्री, गन्ना विकास परिषद, रामगढ़, जनपद–सीतापुर

**कार्यालय गन्ना विकास परिषद**
**कमलापुर–सीतापुर**

पत्र संख्या 189/निर्माण/ दिनांक : – 27–01–2023

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई–निविदा)**

गन्ना आयुक्त, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से मंत्री, गन्ना विकास परिषद, कमलापुर, के 03 कार्य हेतु गन्ना विकास विभाग एवं सभी राजकीय/केन्द्रीय विभागों में सड़क निर्माण कार्य में समतुल्य श्रेणी 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' में पंजीकृत ठेकेदारों से सड़क निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर मुहर बन्द निविदायें आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in से दिनांक 28.01.2023 से 06.02.2023 सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती हैं। बिड डाक्यूमेन्ट आन–लाईन दिनांक 06.02.2023 को सांय 5.00 बजे तक सबमिट किया जायेगा, तथा तकनीकी बिड दिनांक 07.02.2023 को अपरान्ह 01.00 बजे कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, सीतापुर में खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं।

अवर अभियन्ता, गन्ना विकास परिषद, कमलापुर, जनपद–सीतापुर
मंत्री, गन्ना विकास परिषद, कमलापुर, जनपद–सीतापुर

## 56 महिलाओं ने कराई सर्वाइकल कैंसर जांच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वास्थ्य** विभाग के तत्वावधान में प्रोग्रेसिव फाउंडेशन के एंजिया कार्यक्रम के तहत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर छितवापुर पर शुक्रवार को सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद सुशील कुमार तिवारी उर्फ पम्मी ने फीता काटकर किया।

क्षेत्रीय पार्षद ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित सभी महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की जांच जरूर करवाएं। सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर समस्या है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। पीएचसी प्रभारी डा गीतांजलि सिंह ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जिसे बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहते हैं। यह ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है। समय पर इसकी जांच होने की स्थिति में इसका पूरी तरह से इलाज संभव है। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि हर शुक्रवार को आयोजित होने वाले अंतराल दिवस के मौके पर सर्वाइकल कैंसर की जांच पीएचसी पर की जाएगी, इसलिए ज्यादा से ज्यादा महिलायें स्वास्थ्य केंद्र पर आकर जांच कराएं। स्वास्थ्य शिविर में कुल 56 महिलाओं की जांच हुई जिसमें से तीन महिलाओं में एचपीवी वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई।

## होनहारों को मिली कामयाबी जनता ने लुटाया प्यार



**मोहनलालगंज।** इरादे अगर फौलादी हों तो लोग पहाड़ों को चीरकर रास्ता बना लेते हैं। मोहनलालगंज के तीन होनहारों ने इसे सच कर दिखाया है। शुक्रवार को सिसेण्डी में समाजसेवियों ने होनहारों पर जमकर प्यार लुटाकर जोरदार सम्मान किया। होनहारों की कामयाबी पर उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार कर रहे लोगों ने खूब जश्न मनाया। मोहनलालगंज के मऊ निवासी विनीत कुमार व अतरौली के अजेन्द्र पाल सिंह और सिसेण्डी निवासी शोभित जायसवाल लम्बे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए थे। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और हाल ही में तीनों ने समीक्षा अधिकारी चयनित होकर मोहनलालगंज के गौरव में चार चांद लगा दिए। शुक्रवार को सिसेण्डी में पूर्व प्रधान राजेश जायसवाल की अगुवाई में समाजसेवी दिलीप मिश्र योगेन्द्र तिवारी दुर्गेश सिंह दीपू प्रदीप सिंह महेश शुक्ल व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय और तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री ललित मिश्र समेत काफी तादात में क्षेत्रीय लोगों ने ढोल-नगाड़े के साथ तीनों होनहारों को फूल माला और अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार सम्मान किया।

## छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए एक अरब 40 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए एक अरब 40 करोड़ रुपए की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है । स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 30 रुपए प्रतिदिन की दर से प्रति गोवंश के लिए किया जाएगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि से अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण का कार्य कराए जाने एवं उसके अग्रतेर संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित जिलाधिकारी की होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित व बेसहारा गोवंश के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है, जिसके तहत संरक्षित छुट्टा गोवंश की देखभाल का निरन्तर कार्य किया जा रहा है।

## मंडलायुक्त ने किया स्टेडियम का निरीक्षण, हैलीपैड बनाने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आगामी** 29 जनवरी को भारत बनाम न्यूजीलैंड के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के मैदान का मंडलायुक्त और डीएम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौर ान मैदान और ड्रेसिंग रूम सहित अन्य इलाके का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी को स्टेडियम के कैंपस में हेलीपैड बनाने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्टेडियम के पास अधूरे मार्ग का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

मण्डलायुक्त डॉ रौशन जैकब व जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार द्वारा आगामी 29 जनवरी 2023 को भारत बनाम न्यूजीलैंड के मध्य होने वाले क्रिकेट मैच के तहत की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने इकाना स्टेडियम पहुँचे। मण्डलायुक्त द्वारा लिया गया हेलीपैड, पार्किंग, स्टेडियम ग्राउंड, ड्रेसिंग रूम सहित सम्पूर्ण बाहरी व आंतरिक परिसर का लिया जाएजा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्टेडियम के कैंपस में स्थाई हेलीपैड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मैच के दौरान कोई भी अव्यवस्था होने न पाये उत्पन्न, आयोजन के दिन कराई जाये निर्बाध विद्युत आपूर्ति, मैच आयोजन वाले दिन पार्किंग व क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था अच्छी रखी जाये। मंडलायुक्त ने मैच के आयोजन के पहले मॉकड्रिल भी कराने का निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने इकाना स्टेडियम के बगल में अपूर्ण मार्ग का कार्य पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टेडियम के पीछे पड़े हुए अव्यवस्थित मार्ग को व्यवस्थित कर लिया जाए और वहां से गाड़ियों का आवागमन के साथ ही पार्किंग व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

### समय प्रबंधन को ध्यान में रखकर स्मार्टनेस के साथ कड़ी मेहनत करें: पीएम

# परीक्षा पे चर्चा मेरी भी परीक्षा: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**27** जनवरी 2023 को, प्रबंध शास्त्र संस्थान (एफएमएस), बीएचयू ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई परीक्षा पे चर्चा में भाग लिया। बातचीत में सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक प्रो. एस. के.दुबे और डीन व हेड प्रो. एच.पी. माथुर भी सत्र में शामिल हुए।

बीएचयू के प्रबंधशास्त्र के छात्रों से परीक्षा पर चर्चा परीक्षा से संबंधित तनाव पर चर्चा करने और छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान करने का एक अनूठा मंच है। यह पहल भारत सरकार के नागरिक जुड़ा व मंच के साथ साझेदारी में आयोजित की गई थी। इसे जनवरी 2021 में लॉन्च किया गया था और यह भारत भर के सभी छात्रों,अभिभावकों और शिक्षकों के लिए खुला है। यह फोरम माई गवर्नमेंट प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है। इसका उद्देश्य छात्रों और अभिभावकों को अपनी चिंताओं पर चर्चा करने, अपनी परीक्षाओं से संबंधित अनुभव साझा करने और खुद प्रधानमंत्री से सलाह लेने के लिए एक मंच देना है। छात्रों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों को सुझाव दिया, समय प्रबंधन के कारक को ध्यान में रखते हुए स्मार्टनेस के साथ कड़ी मेहनत करें। उन्होंने आगे उन्हें सलाह दी कि वे बिना किसी बाहरी दबाव के अपनी परीक्षा की तैयारी करें और अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दें। अंत में, उन्होंने छात्रों से कहा, परीक्षा पर चर्चा मेरी भी परीक्षा है। सत्र के बाद , छात्रों से परीक्षा पे चर्चा की अवधारणा पर उनके विचार पूछे गए, और उन्हें संस्थान में आयोजित परीक्षाओं से संबंधित अपने अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# आरेडिका में दिखी गणतंत्र दिवस की धूम

**संवाददाता।** रायबरेली

**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 26.01.2023 को 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका आवासीय परिसर के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक एसएस कलसी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड, उत्तर रेलवे भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला आरेडिका रायबरेली आदि ने भाग लिया।

महाप्रबंधक महोदय ने 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमसीएफपरिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्होने कहा किए हमारे देश के लिए यह गर्व की बात है कि भारत 1 दिसम्बर 2022 से 30 नम्बर 2023 तक जी.20 की अध्यक्षता कर रहा है, तथा जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन 2023 में भारत में आयोजित किया जाएगा। हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए काम करें और देश की उन्नति में अपना योगदान दें। आगे उन्होंने आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन किया इसी क्रम में उन्होने कहा कि एमसीएफ विश्व स्तरीय कोचों का निर्माण कर यात्रियों के लिए आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को पूरा कर रहा है, एवं अपने विकास की श्रृंखला में लगातार आगे बढ़ रहा है। आरेडिका भारतीय रेलवे के साथ-साथ मोजाम्बिक रेलवे के लिए भी कोचों का निर्माण कर अपनी विश्व बाजार में अच्छी छवि बना रहा है। जिम्बाब्वे रेलवे द्वारा भी 30 डेमू रैक के निर्यात करने का आशय पत्र प्राप्त हुआ है। अगले वित्त वर्ष से वन्देभारत कोचों का निर्माण प्रारम्भ हो जाएगा। आरेडिका रेल बोर्ड द्वारा प्राप्त लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने कहा किए उत्पादन के साथ-साथ आरेडिका भारत सरकार की रेल कौशल विकास, आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं में सरकार के कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देश भक्ति गीत, समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, विभिन्न विभागों के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाप्रबंधक महोदय ने विभिन्न विभागों के लिए नगद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, रेलवे सुरक्षा बल के जवान, यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विवेक न्यूज

### निष्कासित जवान का संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला शव

**नसीराबाद रायबरेली।** वायुसेना से निष्कासित जवान का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से समूचे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि नौकरी के दौरान जवान का कोर्टमार्शल हो जाने के कारण जवान का मानसिक संतुलन सही नहीं चल रहा था। वहीं बीते वर्ष मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत युवक जिला जेल में बंद था। जहां बीते दिन जेल से छूटने के बाद रात में ही युवक की लाश गांव से बाहर आम की डाल से लटकी मिली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पुर लाला मजरे पूरैया नमकसार का रहने वाला 35 वर्षीय हरिओम पाल पुत्र स्वर्गीय राम अवध पाल सात-आठ महीने से मादक द्रव्य अधिनियम के अंतर्गत जिला जेल रायबरेली में निरुद्ध था। जिस की जमानत भी घर के लोगों ने इसलिए नहीं करवाई कि वह हमेशा नशे में बुत रहता था और लोगों को मारने दौड़ता था। लगभग 6 वर्ष तक एयरफोर्स में नौकरी करने के बाद जवान का कोर्ट मार्शल हो गया था। जिससे वह हमेशा नशे में धुत रहता था और लोगों से असामान्य व्यवहार करता था। पुलिस द्वारा मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत चालान करने के बाद से किसी ने उसकी जमानत भी नहीं करवाई। बुधवार को 4:00 बजे वह अपने घर पहुंचा और गांव के बाहर पूरब की तरफ रामेश्वर यादव के मकान के पीछे अपनी मां की कब्र के पास बैठा रहा। गुरुवार को सुबह गांव के लोगों ने उसकी शव वहीं आम के की डाल से लटकी देखी तो परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर नसीराबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले कर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया। इस बाबत थाना प्रभारी राकेश चंद आनंद ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया पीएम रिपोर्ट आने की बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतक हरिओम पाल मूल रूप से पूरे मनसा मजरे पूरे राई का निवासी और चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह यहां ननिहाल में रह रहा था। उसकी मौत के बाद उसकी पत्नी नीलू और एकमात्र संतान शैली आयु 8 वर्ष बेसहारा हो गईं और उनका भविष्य अंधकार मय हो गया।

### सड़क सुरक्षा के नियमों पर जागरूकता को बढ़ावा

**वाराणसी।** सड़क सुरक्षा के उपायों और नियमों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस साल मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान के लिये हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, आदि जैसे सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों पर जोर देगी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के बारे में बात करते हुए, संयुक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक), प्रवीण कुमार पडवाल ने कहा, 'सड़क सुरक्षा मुंबई ट्रैफिक पुलिस के सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक है और हम मुंबई के नागरिकों के लिये सड़कों को ज्यादा सुरक्षित बनाने की लगातार कोशिश करते हैं।'

### भंडारे में शामिल हुए राज्य मंत्री



**तिलोई,अमेठी।** शुक्रवार को सिंहपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूरे गंगा जगतपुर स्थित घटिका दास बाबा की कुटी पर बसंत उपरांत आयोजित होने वाले परंपरागत भंडारे में भंडारे में क्षेत्रीय विधायक एवं चिकित्सा शिक्षा एवं चिकित्सा स्वास्थ्य एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा चंद्रिका दास के भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अर्जुन सिंह भदौरिया, अज्जू सिंह प्रधान टिकरी, शिव बक्श सिंह पूर्व प्रधान जगतपुरए पुत्ती सिंह, रज्जन सिंह, सरदार बाजपेई, अवधराज सिंह, सुनील यादव प्रधान प्रतिनिधि, दीपू बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### एसजेएस पब्लिक स्कूल में बड़े उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया

**सतांव(रायबरेली)।** विकास खंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस पर सभी सरकारी व गैरसरकारी संस्था व संस्थानो में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के गुरुबख्शगंज-मौरावा मार्ग पर स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल मे बड़े उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल प्रबंधक अग्रज सिंह ने ध्वजारोहण किया और बच्चों की परेड की सलामी ली। बाद में स्कूल के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और भाषण, गीत व नृत्य के माध्यम से लोगों को देशभक्ति के रस में सराबोर कर दिया। बच्चों ने देश भक्ति और वीर शहीदों पर अनेक झाकियां प्रस्तुत की। प्रबंधक अग्रज सिंह ने ने अपने सम्बोधन में आजादी के महत्व को समझाया और बच्चों मे देश भक्ति के भाव जागृत किय। विद्यालय की सह प्रबन्धिका अनुश्री सिंह एवम प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मनीष मिश्र व धीरेन्द्र सिंह सहित अनेक अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर एवम तिलोई विकास क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवम अर्ध सरकारी संस्थाओं एवं शिक्षण संस्थानों में 74वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम एवम हर्षोल्लास से मनाया गया साथ ही बसंत पंचमी का उत्सव सरस्वती पूजा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आये हुए आगंतुकों का मन मोह लिया। क्षेत्र के सिंहपुर ब्लाक मुख्यालय, थाना शिवरतनगंज, निजी एवम परिषदीय विद्यालयों तथा सभी बैंकों पर ध्वजारोहण हुआ। थाना मुख्यालय पर थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने झंडारोहण किया। क्षेत्र के सेमरौता स्थित ज्ञानदायिनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राम जानकी बाजपेयी बालिका इण्टर कालेज, सूर्यपाल अग्निहोत्री इण्टर कालेज, राजरानी अग्निहोत्री डिग्री कालेज, संत पथिक इण्टर कालेज महेशपुर, शिव कुमारी शुक्ल इण्टर कालेज चिलौली, चित्रांश पब्लिक स्कूल, सेमरौता पब्लिक स्कूल, जागृति इंटर कालेज कुकहारामपुर, सरस्वती शिशु मंदिर सेमरौता, आदि में 74वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया।

## हिण्डाल्को में उल्लासपूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस



**संवाददाता।** सोनभद्र

**हिण्डाल्को** में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिण्डाल्को फुटबॉल मैदान पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के मुखिया एन. नागेश ने आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, एबीआईसी के बैण्ड की धुनों पर एनसीसी कैडेट्स व सुरक्षा जवानों के परेड की सलामी ली तथा तिरंगा फहरा कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सरकार द्वारा आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को पद्मभूषण से सम्मानित किये जाने पर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों व जवानों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए यह शपथ लेनी होगी कि हम पूरी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देश और संस्थान की तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे और शहीदों को यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारी भाईयों को लगन, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ संस्थान को गौरवान्वित करने हेतु दिये गये उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हिण्डाल्को संस्थान को विभिन्न क्षेत्रों में मिले सम्मानों व पुरस्कारों के लिये सभी सहकर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न विभागों, कर्मचारियों तथा अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि श्री नागेश, मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह, रिडक्शन हेड जेपी नायक, प्रोजेक्ट्स हेड विनोद ठाकुर, ईआर हेड परनीत सिंह, फाइनेन्स हेड उज्ज्ल केश द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोरंजनालय विभाग के वेद प्रकाश द्वारा किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक ने लहरतारा के मिनी स्टेडियम में किया ध्वजारोहण



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी**-मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने वाराणसी मंडल पर 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे मिनी स्टेडियम,लहरतारा में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इस समारोह में उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल के जवानों, रेलवे स्काउट एवं गाइड के सदस्यों तथा पूर्वोत्तर रेलवे विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली। इसके साथ ही परेड द्वारा राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधक(गति शक्ति) कौशलेश सिंह, मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता पाण्डेय समेत सभी शाखाधिकारी एवं भारी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने सभी को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी को अपने संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त करने की प्रेरणा देता है।

**कमिश्नर एवं डीएम ने भी किया झंडारोहण**

वाराणसी। 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने पूर्वाह्न 10 बजे कमिश्नरी कम्पाउंड में झंडात्तोजल किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया।

## दिनेश प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी

**रायबरेली।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने की उपस्थित में रिजर्व पुलिस लाइन रायबरेली के परेड ग्राउंड में होने वाली रैतिक परेड पुरस्कार वितरण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा द्वारा परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया गया। तत्पश्चात माननीय मंत्री जी द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया गया। इसी क्रम में माननीय मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ सम्पूर्ण परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात टोली वार मार्च किया गया। जिसमें पुरुष/महिला पुलिसकर्मियों, आईटीबीपी,पीएसी की टोलियों सहित महिला-112 पुरुष-112 की दो पहिया चार पहिया पी.आर.वी., फायर सर्विस,फोरेंसिक टीम, रेडियो शाखा के वाहनों ने प्रतिभाग किया। स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक मंचन किया गया। इसी क्रम में उद्यान मंत्री ने उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों उनके परिजनों तथा परेड के दौरान एवं अन्य कार्यक्रमों में अपनी खेल कला का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी/कर्मियों, एनसीसी कैडेट्स स्कूली छात्र छात्राओं व अन्य प्रतिभागियों आदि को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र प्रशंसा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस समारोह में जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह,पीएसी कमांडेंट 25 बटालियन, अपर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त क्षेत्राधिकारी, रेडियो शाखा प्रभारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति/दर्शक मौजूद रहे।

## जयपुरिया स्कूल्स पड़ाव में बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस की धूम




**मुगलसराय/चन्दौली।** सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल्स बनारस पड़ाव कैंपस में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस एवं बसंतोत्सव मनाया गया। मां शारदा एवं मां भारती के चरणों में शीश नवाकर विद्यालय परिवार ने श्रद्धा सुमन समर्पित किया और बच्चों ने विविध मोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

प्रबंध निदेशक मनोज बजाज द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दिया गया और तीन रंगों के गुब्बारों को आकाश में छोड़कर विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने भारत के परचम को मानो आकाश जैसा उच्चतम गौरव प्रदान कर अपनी श्रद्धा व देशभक्ति का परिचय दिया। भारत माता की जय का जयघोष दिगदिगंत में गूंज उठा। बच्चों ने सुंदर कतारों में मार्चपास करते हुए झंडे को सलामी दिया द्य इसी श्रृंखला में कक्षा सातवीं एवं कक्षा आठवीं के बच्चों ने योद्धा बन गई समूह नृत्य की मोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। तो वही कक्षा छठवीं के बच्चों ने संस्कृत देशभक्ति गीत की सुरम्य प्रस्तुति द्वारा देश के प्रति अपने भावनाओं को प्रस्तुत किया। इसी क्रम मैं प्री-प्राइमरी के नन्हें बच्चों ने अदभुत मोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये।

## मनाया गणतंत्र दिवस, कुलपति ने किया बीएचयू को उत्कृष्टता का पर्याय बनाने का आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कुलपति** प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिवार का सदस्य होने के नाते ये हम सब का कर्तव्य है कि हम विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता का पर्याय बनाने के लिए कार्य करें। विश्वविद्यालय परिसर स्थित एम्फिथियेटर मैदान पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आज जब हम विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस तथा गणतंत्र दिवस को एक साथ एक विशेष उत्सव के रूप में मना रहे हैं, हमें इस बात पर चिंतन करना होगा कि हम विश्वविद्यालय को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रो. जैन ने कहा कि हमें यह प्रयास करने होंगे कि बीएचयू हर क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए जाना जाए, फिर चाहे वह शिक्षा व शोध हो अथवा मानव संसाधन। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें।

इससे पहले कुलपति ने एम्फिथियेटर मैदान पर झण्डारोहण किया। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक सुश्री अनन्या सिंह (एम.ए. सांख्यिकी, कला संकाय), महामना संस्कृत सम्मान सुश्री सत्या सिंह (शास्त्री, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय), मेजर एस. एल. धर स्वर्ण पदक शुभम किशोर यादव (बी.ए., कला संकाय) तथा मेजर एस. एल. धर रजत पदक सुश्री अनामिका मिश्रा (एनसीसी) को प्रदान किया गया।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी ऊंचाहार में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत गणतंत्र दिवस अत्यंत उल्लासपूर्वक मनाया गया। दुल्हन की तरह सजे स्टेडियम परिसर में परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी कंपनी के साथ-साथ ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियों तथा सभी क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की चर्चा की। उन्होंने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व के सभी गणतांत्रिक देशों के संविधान का अद्भुत समन्वय है जो समता, समरसता तथा सद्भावना एवं विश्वबंधुत्व को निरुपित करता है। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने राष्ट्र के चौमुखी विकास में एनटीपीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनटीपीसी कर्मचारियों को कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने मेरिटोरियस अवार्ड, सीआईएसएफ अवार्ड और नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बच्चों को उत्कर्ष स्कॅलरशिप आदि का वितरण किया। इसके साथ ही समैयार ने आयोजन में उपस्थित सभी कर्मचारी व उनके परिवारजन, सहयोगी संस्थाओं और परियोजना से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में जुड़े साथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## हर्सोल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस समारोह

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सोनशक्ति स्टेडियम में गुरुवार को 74वां गणतंत्र दिवस समारोह विभिन्न आयोजनों के बीच हर्सोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित स्टेशन के मुख्य महाप्रबंधक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रध्वज फहराकर किया। राष्ट्रध्वज फहरने के साथ ही स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों ने राष्ट्रगान का गायन किया। अपने संबोधन में मुख्यअतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने सभी को 74वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रिहंद स्टेशन पर्यावरण की दिशा में सदा से ही सजगता की भूमिका का निर्वहन करता चला आ रहा है। एक ओर जहां व्यवसायिक तौर पर स्टेशन तेजी से आगे बढ़ रहा है वहीं दूसरी तरफ महिला स्वावलंबन, स्वरोजगार प्रशिक्षण को वरीयता देते हुए वह अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी सतत रूप से प्रयासरत है। समारोह के शुरुआती दौर में मुख्यअतिथि ने परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों का निरीक्षण करके उनके भव्य परेड की सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में बच्चों ने जहां सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया वही दूसरी तरफ वर्तिका महिला मण्डल की सदस्याओं की टीम द्वारा गाया गया देशभक्ति से ओतप्रोत गीत दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। समारोह के दौरान स्टेशन के कर्मियों को विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने हेतु बीयूएच मेरिटोरियस एवार्ड से पुस्कृत किया गया, साथ ही चयनित श्रमिकों को स्टेशन की ओर से सराहनीय कार्य के लिए स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व मुख्यअतिथि द्वारा गांधी पार्क में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।


Piramal Capital & Housing Finance

**पिरामल केपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में दीवान हाउसिंग फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
CIN: L65910MH1984PLC032639

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नं.-601, 6वीं मंजिल, पिरामल अमिटि बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई - 400070, फोन: +91 22 3802 4000, शाखा कार्यालय: कार्यालय संख्या 211 और 212, दूसरी मंजिल 'टाइटेनियम' शालीमार कॉर्पोरेट पार्क, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, संपर्क : 1. विवेक सिंह - 9369338960, 2. प्रशांत पाण्डेय - 7054013999, 3. विशाल केटेले - 9584966653

**ई-नीलामी बिक्री सूचना-अनुवर्ती बिक्री**

पिरामल केपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पूर्व में डीएचएफएल के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन यहां नीचे वर्णित प्रत्याभूति आस्ति का कब्जा प्राप्त किये जाने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, के ''जैसा है जहां है आधार'' जो है जैसा है'' तथा ''जो भी वहां है'' के आधार पर क्रय हेतु सीलबंद लिफाफों में प्रस्ताव आमंत्रित है। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| लोन कोड/ शाखा/ ऋणियों/सह-ऋणियों/ जमानतदारों | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी)(आरपी का 10%) | बकाया राशि (01-12-2022) |
|---|---|---|---|---|---|
| लोन कोड नं. 00000943, इलाहाबाद शाखा, बिन्नु बी (ऋणी), शशि एस (सह-ऋणी 1) | दिनांक: 26-11-2018, रू. 9,68,974/- (रूपये नौ लाख अड़सठ हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश व अंग अभिन्न गठित होते है: गाटा नंबर 1154 पर प्लॉट, ग्राम उस्तापुर महमूदाबाद उपरहार परगना झूंसी तहसील फूलपुर आईटीआई कॉलेज के पास इलाहाबाद उत्तरप्रदेश 211019 सीमाएं-: उत्तर: राधा तिवारी का प्लॉट, दक्षिण: अन्य प्लॉट, पूर्व: 20 फीट चौड़ा कच्चा रोड, पश्चिम: अन्य प्लॉट | रू. 9,00,000/- (रूपये नौ लाख मात्र) | रू. 90,000/- (रूपये नब्बे हजार मात्र) | रू. 16,08,199.42 (रूपये सोलह लाख आठ हजार एक सौ निन्यानवे एवं बियालीस पैसे मात्र) |
| लोन कोड नं. 00000592, गोरखपुर शाखा, कपिल देव यादव (ऋणी), सुमन लता यादव (सह-ऋणी 1) | दिनांक: 12-09-2017, रू. 13,69,365/- (रूपये तेरह लाख उनहत्तर हजार तीन सौ पैंसठ मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश व अंग अभिन्न गठित होते है: प्लॉट का आराजी नंबर 106, मौजा-रामपुर नया गांव, टप्पा-कस्बा परगना-हवेली, तहसील सदर गोरखपुर गोरखपुर उत्तरप्रदेश 273003, सीमाए:- | रू. 9,02,500/- (रूपये नौ लाख दो हजार पाँच सौ मात्र) | रू. 90,250/- (रूपये नब्बे हजार दो सौ पचास मात्र) | रू. 27,29,112.48 (रूपये सत्ताईस लाख उनतीस हजार एक सौ बारह एवं अड़तालीस पैसे मात्र) |

ई-नीलामी की दिनाक: 14-02-2023, प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ),
बोली जमा करने की अंतिम दिनांक: 13-02-2023, शाम 4.00 बजे से पहले।

नीलामी के नियम और शर्ते: बिक्री नीचे वर्णित नियमों और शर्तों के अधीन होगी:- 1. संपत्ति को आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा। 2. एकल बोलीदाता के मामले में, बोली लगाने वाले/क्रेता को रुपये की न्यूनतम बोली वृद्धि राशि रूपये 10,000/- (जिस सम्पत्ति की आरक्षित मूल्य 3 करोड़ से कम है) एवं रूपये 1,00,000/- (जिस सम्पत्ति की आरक्षित मूल्य 3 करोड़ से अधिक है) के साथ बोली लगानी होगी। 3. नीलामी/बोली केवल सेवा प्रदाता अर्थात् कंपनी का नाम: सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्रतिनिधि का नाम: श्री धरणी कृष्णा; संपर्क नंबर: 9948182222 द्वारा जरिये वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से 'ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड' द्वारा होगी। 4. ऊपर दी गई अनुसूची में सुरक्षित संपत्तियों के पर्याप्त विवरणों को शामिल करने का ध्यान रखा गया है। प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, मिथ्या कथन या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 5. इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोलियां जमा करने और ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पहले ई-नीलामी बिक्री के लिए विस्तृत नियम और शर्तों के लिए पोर्टल https://www.bankeauctions.com देखें और सम्पत्ति के विरूद्ध उपरोक्त वर्णित संबंधित सम्पत्ति के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क करें। 6. नीलामी आरक्षित मूल्य से एक मूल्यवृद्धि पर प्रारम्भ होगी और बोलीदाता ऊपर बताई गई न्यूनतम बोली वृद्धि राशि के साथ अपने प्रस्ताव में सुधार करके आपस में बोली लगाने के लिए स्वतंत्र होंगे। 7. 'पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में नामित शाखा को केवाईसी के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्रों में पूरी तरह से भरे हुए बोली फॉर्म और निविदा/सीलबंद बोली/प्रस्ताव के साथ 10% धरोहर जमा राशि (ईएमडी) जरिये डीडी दिनांक 13.02.2023 को या उससे पहले, शाम 4:00 बजे से पहले जमा किया जाएगा। ए) भारत सरकार द्वारा जारी किए गए इच्छुक बोलीदाता के फोटो और आवासीय पते और पैन कार्ड वाले पहचान पत्र की स्वप्रमाणित सत्य प्रति। दस्तावेज की मूल प्रति संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए। बी) इच्छुक बोलीदाता का मोबाइल नंबर और ई-मेल पता। 8. इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे श्री धरनी कृष्णा नंबर: 9948182222 से संपर्क कर सकते हैं; हेल्प लाइन ई-मेल आईडी: https://www.bankeauctions.com और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए पीसीएचएफएल अधिकृत अधिकारी - विवेक सिंह - 9369338960 से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं। 9. सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी उच्च न्यायालय द्वारा बिक्री पर रोक या वसूली की कार्यवाही के मामले में, नीलामी को ऐसे आदेश के अनुपालन में बिना किसी नोटिस के स्थगित/रद्द किया जा सकता है और इस तरह के स्थगन/रद्दीकरण आदि के लिए बिक्री में भाग लेने वाले व्यक्तियों को हर्जाना, मुआवजा या लागत इत्यादि दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। 10. केवल वैध यूजर आईडी और पासवर्ड रखने वाले और डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान की पुष्टि करने वाले बोलीदाताओं को ही ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित या रद्द या बंद करने या नीलामी प्रक्रिया के समापन से पहले किसी भी समय नीलामी की शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा। 11. [illegible]

**सरफेसी अधिनियम के तहत ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना**

[illegible]

स्थानः उत्तरप्रदेश / उत्तराखण्ड दिनांक : 28.01.2023
हस्ताक्षर/- प्राधिकृत अधिकारी
पिरामल केपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

# पाकिस्तान को अवसर

## भारत का आमंत्रण

**भारत** ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री को एससीओ बैठक में आमंत्रित किया है, लेकिन इसका नतीजा दोनों देशों के बीच जमी बर्फ का पिघलना नहीं हो सकता है, हालांकि यह पाकिस्तान के लिए अवसर जरूर है। भारत द्वारा पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी तथा प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को गोवा में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ की बैठक में आमंत्रण को सुर्खियों में स्थान मिला। एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक मई के पहले सप्ताह में प्रस्तावित है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भुट्टो जरदारी को भेजा निमंत्रण 'रूटीन मामला' है क्योंकि भारत एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है, लेकिन इसके बावजूद इसके प्रति लोगों की काफी दिलचस्पी है। इसका कारण मुख्यत: पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ का भारत के संबंध में हालिया नरम दृष्टिकोण तथा भारत से बातचीत की उनकी इच्छा है। उन्होंने कहा था कि उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात-यूएई से वार्ताओं में सहायता का अनुरोध किया है। बाद में पाकिस्तान प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक शर्त लगा दी कि भारत को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करना चाहिए। लेकिन आमतौर से विश्वास किया जाता है कि यह 'डीप स्टेट' के हस्तक्षेप का नतीजा था। सभी जानते हैं कि पाकिस्तानी डीप स्टेट भारत को नष्ट करने की जिहादी विचारधारा से गहराई तक जुड़ा है। अनेक कारणों से सुनिश्चित हुआ है कि पाकिस्तान में इस आदर्श ने गहरी जड़ें जमा ली हैं और इस पर आक्रामक रूप से काम होता है। पाकिस्तान 1971 के भारत-पाक युद्ध में हुई अपमानजनक हार का बदला लेना चाहता है जिसमें



उसकी सेना को आत्मसमर्पण करना पड़ा था तथा देश के दो टुकड़े हो गए थे। इसके अलावा 1980 के दशक में जियाउल हक के समय से शुरू 'इस्लामीकरण' ने पूरे पाकिस्तानी समाज में गहरी जड़ें जमा ली हैं, एक आतंकी फैक्ट्री को जन्म दिया व पाला-पोसा है। इसके विभिन्न पक्ष हैं जिनमें सेना, सरकार, समाज, संस्कृति व सिविल सोसाइटी शामिल हैं। यहां तक कि आक्सफोर्ड-शिक्षित इमरान खान को 'तालिबान खान' कहा जाने लगा। ऐसे सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में पाकिस्तानी अवस्थापना में समझदारी की बात करने तथा अपनी कथनी पर अमल करने वाले लोगों को तलाशना ही हमेशा कठिन होता है, अत: उनसे बात का सवाल ही नहीं उठता।

पाकिस्तान में ऐसा वैचारिक माहौल बन गया है जिसमें तार्किक बात कोई सुनता नहीं है तथा मूर्खतापूर्ण चीजों की प्रशंसा होती है। कोई आश्चर्य नहीं कि ऐसे में पाकिस्तानी नेता नियमित रूप से निरर्थक बातें और निंदनीय टिप्पणियां करते हैं। उदाहरणार्थ, पिछले महीने बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'गुजरात का कसाई' कहा था। विदेश मंत्रियों को दूसरे देशों के शासनाध्यक्षों के बारे में इस तरह बातें नहीं करनी चाहिए। लेकिन पाकिस्तानी राजनेता हमेशा सर्वशक्तिशाली सेना की प्रतिक्रिया के बारे में सोचते हैं जिसने कई बार सैनिक विद्रोह किया है तथा वह सरकारें बनाती और बिगाड़ती है। इमरान का उत्थान और पतन जनरलों के हस्तक्षेप का उदाहरण है। उन्होंने पहले उनका चुनाव जीतना सुनिश्चित किया और जब वे विरोधी दृष्टिकोण अपनाने लगे तो उनको सत्ता से बाहर धकेल दिया गया। पाकिस्तानी राजनेताओं की पीड़ा मुकेश के गाए पुराने हिंदी फिल्मी गीत से व्यक्त होती है, 'मुझे रात दिन ये ख्याल है, कहीं वो नज़र से गिरा न दें।' बिलावल भुट्टो की यात्रा के बारे में इस्लामाबाद को फैसला करना है और वह उनके बजाय किसी जूनियर मंत्री को भेज सकता है। लेकिन यदि यह यात्रा होती है तो भी इससे द्विपक्षीय संबंधों में किसी बड़े सुधार की उम्मीद करना गलत होगा। इसके बावजूद यह यात्रा दोनों देशों के लिए सार्थक संवाद शुरू करने का अवसर प्रदान करती है।

# परीक्षा पे चर्चा का महत्व

## सेकेंड्री स्तर पर कॅरियर संबंधी निर्णय मील का महत्वपूर्ण पत्थर है क्योंकि इससे छात्रों को अपनी पहचान बनाने में सहायता मिलती है।





प्राची पांडे    तारा नाओरेम

किशोरावस्था की पहचान महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक, शारीरिक व सामाजिक परिवर्तनों से होती है। परंपरागत रूप से यह एक आयु से बाहर निकलना है और इसका जीवन में उत्सव मनाया जाना चाहिए। लेकिन यह देखना चिन्ता का विषय है कि आजकल छात्रों पर तनाव बहुत रहता है जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य संकट में पड़ सकता है। तनाव के मुख्य स्रोतों में वैयक्तिक संवाद, सीखने में कठिनाइयां तथा परीक्षाओं में विफलता है। परीक्षायें अपने आप में तनाव का कारण हैं क्योंकि इससे उच्च शिक्षा या कॅरियर संबंधी बेचैनी और बढ़ जाती है। उपलब्ध जटिल विकल्पों के कारण उच्च शिक्षा और भावी रोजगार का चयन चुनौतीपूर्ण होता है। अनेक उपलब्ध संभावनाओं में कॅरियर का चयन उन बड़े कारणों में से एक है जिनसे नौजवानों में तनाव पैदा हो सकता है।

इसके साथ ही उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि किशोरावस्था के अंतिम समय में कॅरियर का चयन अक्सर महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक मुद्दों का कारण बनता है। इसलिए आज पहले के किसी समय की तुलना में तनाव के कारणों तथा उन चिन्ताओं की निश्चित पहचान बहुत जरूरी हो गई है जिनका सामना किशोरों व किशोरियों को करनी पड़ती है। छात्रों का तनाव इस कारण प्रभावित हो सकता है कि उनके माता-पिता उनके व उनकी संभावनाओं के बारे में क्या सोचते हैं। इसके अलावा यदि कोई युवा अपने विचार, भावनायें व योजनायें अपने माता-पिता से नहीं कह पाता है तो वे उसके भीतर गहराई में जम जाती हैं जो उसके स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए खतरनाक हो सकता है। वास्तव में ऐसे सवाल 'परीक्षा पे चर्चा' के पुराने आयोजनों में सामने आए हैं। छात्रों ने 'हर क्षेत्र में भारी प्रतियोगिता' की बात करते हुए बताया कि कभी-कभी 'उच्च प्रतियोगिता व दबाव के कारण उनका परीक्षा में चयन नहीं हुआ।' सामाजिक दृष्टिकोण से ऐसे सवाल भी सामने आए कि 'हम उनके लिए क्या कर सकते हैं ताकि हमारे देश की महान प्रतिभ बेकार न हो और देश के लिए उसका सदुपयोग हो सके?'





हालांकि, प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया निश्चित रूप से अच्छी तरह से दस्तावेजीकृत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी लिखा, 'कुछ बनने के बजाय कुछ करने की इच्छा करें। आमतौर से इच्छाओं का संचालन परिवार की उम्मीदों, फैशनेबल पेशेवर प्रवृत्तियों, साथियों के दबाव अथवा प्रशंसा, पैसे व शक्ति की कल्पनाओं से होता है। इससे आप अपनी सच्ची क्षमताओं से दूर हो जाते हैं तथा धीरे-धीरे आपका वह व्यक्तित्व प्रभावित होता है जो आपको उपहार में मिला है।' जब माता-पिता अपने बच्चों की पसंद स्वीकार नहीं करते हैं तो बच्चों को शर्म, निराशा, प्रतिरोध व हताशा का सामना करना पड़ सकता है, जैसे विज्ञान के बजाय मानविकी विषयों की पसंद करना।

अपने साथियों की पसंदों से प्रभावित होने और लगातार उनसे तुलना करने के कारण भी बच्चों व किशोरों के भीतर तनाव बढ़ सकता है। हालांकि, केन्द्रित होना अच्छी बात है और बहुत से बच्चे यह तय कर सकते हैं कि वे क्या बनना चाहते हैं, पर उन पर ऐसी पसंदें थोपना उचित नहीं है कि उनको डाक्टर या पायलेट या सिविल सर्वेन्ट बनना चाहिए। उनको अपने सपने परिभाषित करने का अवसर मिलना चाहिए। सपनों से ही वह रास्ते चुनने में सहायता मिलती है कि आप अपने परिवार, समाज और दुनिया में क्या अंतर ला सकते हैं। अपनी दिलचस्पी वाले क्षेत्रों, रुझान, कार्य की पंसद, आदि के बारे में स्पष्टता होनी चाहिए। अपने बारे में नकारात्मक छवि बनाने से तनाव व बेचैनी बढ़ती है जिसका सामना छात्रों को करना पड़ता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'प्रत्येक आत्मा ईश्वरत्व की अभिव्यक्ति है। यदि आपका विश्वास भी देवताओं में हे, पर अपने आप में कोई विश्वास नहीं है तो आपको मुक्ति नहीं मिलेगी।' इस प्रकार शक्तियां व कमजोरियां पहचानने के लिए अपने प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। इसी कारण अपने प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखना तथा अपने जीवन से नकारात्मकता को लगातार बाहर निकालना जरूरी है जिनमें नकारात्मक विचार, नकारात्मक सोच वाले मित्र, नकारात्मक सूचनायें, आदि शामिल हैं। नकारात्मकता को श्रेष्ठता की भ्रामक धारणा के बजाय यह स्वीकार करने के माध्यम से बाहर निकालना चाहिए कि हमारी छोटी सी शक्ति भी विभिन्न स्थितियों में सहायक हो सकती है।

जीवन नए अनुभवों, परिवेशों, लोगों की श्रृंखला है। यह बहुआयामी है और इसकी यात्रा में अनेक अनिश्चित स्थान व संभावनायें आती हैं। लेकिन सबका दृष्टिकोण अलग प्रकार का होता है। जहां कुछ अपनी पसंदों से दब जाते हैं वहीं दूसरों में इनसे जोश भर जाता है। वर्णक्रम के दूसरे सिरे पर कुछ ऐसे लोग भी हो सकते हैं जिनको उपलब्ध अवसरों का पता ही न हो। विभिन्न कॅरियर विकल्पों की सही समझदारी की कमी भी छात्रों में तनाव का बड़ा कारण है। इसमें विभिन्न कार्यों की प्रकृति, वेतनमान, आगे बढ़ने की संभावना, कुछ उद्योगों का भविष्य, आदि शामिल हैं। सारी उपयुक्त सूचनायें उपलब्ध होने पर ही कोई सूचनाओं के आधार पर पसंद तय कर सकता है। इन परिस्थितियों तथा ऐसे मामलों में सूचना तक पहुंच न होने या अविश्वसनीय स्रोतों से मिली विषयवस्तु को सही मानने से काफी नुकसान हो सकता है। इसका उदाहरण किसी मित्र से सरसरी बातचीत के आधार पर कॅरियर का चुनाव है। अपनी पुस्तक 'एक्ज़ाम वैरियर्स' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है, 'अपने अवसर स्वयं तैयार करें। अपने भाग्य के स्वयं स्वामी बनें। आज उन क्षेत्रों में असाधारण संभावनायें हैं जिनकी कल्पना एक दशक पहले तक की ही नहीं जा सकती थी। जब आप अपनी पंसद तय कर लें तो याद रखें कि आपका रुझान सर्वोत्तम अवसर प्रदान करता है।' व्यावहारिक रूप से व्यक्तिगत स्तर पर इन आधारभूत शब्दों से छात्र अपना समय और ऊर्जा उपयुक्त सूचनायें प्राप्त करने तथा मित्रों, परिवार, शिक्षकों व 'रिसोर्स पर्सन्स' के साथ स्वस्थ बातचीत करने में लगा सकता है।

बच्चों के परिवेश में वयस्कों की उपस्थिति से छात्रों को खुले संवाद में सहायता मिलेगी। वे बिना कोई निर्णय थोपे अथवा अपने विकल्प बच्चों पर लादे उनकी सहायता कर सकते हैं। इससे बच्चों को निर्णय लेने तथा अपने विषय, कालेज या विश्वविद्यालय चुनने में सहायता मिलेगी। कॅरियर विकल्पों के बारे में किसी वयस्क से बात करने, उनसे चर्चा करने तथा सवाल पूछने से रचनात्मक चर्चा होती है। यह अपने भविष्य के बारे में विचार कर रहे किशोरों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। माता-पिता और शिक्षक बच्चों में किसी कौंसिलर के पास जाने का भय दूर करने तथा आवश्यकता होने पर पेशेवर सलाह लेने के प्रति झिझक मिटाने में सहायक हो सकते हैं। माता-पिता और शिक्षकों के साथ बैठकों में बच्चे के उपस्थित रहने से उनके सरोकारों को संबोधित करने में सहायता मिलती है। इनमें उनके संसाधनों संबंधी सरोकार भी शामिल हैं जिनके उपयुक्त समाधान निकाले जा सकते हैं। ऐसी चर्चा से छात्र का परिवेश समझने व उसका समर्थन करने में मदद मिलती है। छात्रों के लिए यह जानना अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि वे इस यात्रा में अकेले नहीं हैं और वे धीरे-धीरे चीजों को समझने में सफल होंगे। समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, आदि महत्वपूर्ण जीवन कौशलों के अभाव में अकादमिक स्थिति खराब हो सकती है, इससे छात्र स्वयं को अक्षम मानना शुरू कर सकते हैं और उनकी अपने प्रति नकारात्मक छवि बनती है।

'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को सलाह दी, 'प्रत्येक व्यक्ति को विशिष्ट क्षमताओं का उपहार मिला है। गुणवत्तापूर्ण समय प्रबंधन से इन क्षमताओं का बेहतर उपयोग हो सकता है। इसलिए समय प्रबंधन और कुछ नहीं, बल्कि क्षमता प्रबंधन है।' जीवन कौशल लगातार अपनी मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक देखभाल से पैदा होता है। प्रधानमंत्री ने कहा था, 'पूरी जागरूकता के साथ योग का व्यवहार करना अपने समग्र विकास का सर्वाधिक प्रभावी तरीका है। खेलने वाला प्रगति करता है।'

व्यक्तिगत खेलों या टीम स्पोर्ट के रूप में शारीरिक व्यायाम न केवल शारीरिक रूप से फिट रखता है, बल्कि जीवन कौशल, टीम वर्क का महत्व, अपने साथ प्रतियोगिता की कला तथा अपने बारे में बेहतर दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होता है। इससे अनुशासन तथा ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता भी बढ़ती है। सेकेंड्री स्तर पर कॅरियर संबंधी निर्णय महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे छात्रों को समाज में अपनी व्यक्तिगत पहचान बनाने तथा श्रमशक्ति के रूप में काम करने के लिए तैयारी में सहायता मिलती है। निर्णय लेने की यह प्रक्रिया उत्तेजनापूर्ण तथा तनाव को जन्म देने वाली हो सकती है। इसी कारण इस रास्ते में 'परीक्षा पे चर्चा' महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

# जीतनी होगी सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध लड़ाई

> इस रोकथाम योग्य बीमारी को रोकने और इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं।

**डॉ शालिनी राजाराम**
(लेखिका ऋषिकेश, एम्स में प्रोफेसर हैं)

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के एक हालिया ट्वीट ने देश में नई माताओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने में भारत द्वारा हासिल की गई एक नई उपलब्धि पर प्रकाश डाला। एक दशक से निरंतर प्रणालीगत प्रयासों और लक्षित स्वास्थ्य पहलों ने भारत को प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु की संख्या या मातृ मृत्यु दर अनुपात (एमएमआर) को 2014-2016 में 130 से 2018-2020 में 97 तक लाने में मदद की है।

एक दशक पहले, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के कारण मृत्यु और मातृ मृत्यु दोनों प्रति वर्ष लगभग 72,000 आँकी गई थी। हालांकि, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर तेजी से मातृ मृत्यु दर को पार कर गया है और भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा आम कारण बन गया है। यह जानलेवा बीमारी के लिए एक चिंताजनक संकेत है जिसे लगभग पूरी तरह से रोका जा सकता है। 2020 में, भारत में 120,000 से अधिक महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर होने की सूचना मिली थी, जिसके परिणामस्वरूप 77,000 से अधिक महिलाओं की मौतें हुईं। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के कारण के रूप में पहचान कर स्थापित किया गया है। गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के 90 प्रतिशत से अधिक मामले उच्च जोखिम वाले एचपीवी प्रकार के कारण होते हैं। एचपीवी, इन्फ्लूएंजा वायरस की तरह, एक सर्वव्यापी वायरस है और त्वचा और म्यूकोसा में छोटे घर्षण के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर सकता है।

जबकि अधिकांश निम्न-श्रेणी के संक्रमण दो साल के भीतर स्वत: ही ठीक हो जाते हैं, लगातार संक्रमण के परिणामस्वरूप गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर होता है। प्रारंभिक कैंसर पूरी तरह से स्पर्शोन्मुख हो सकता है। इसलिए, हम यह नहीं जान सकते हैं कि एक महिला कब प्री-इनवेसिव या इनवेसिव कैंसर विकसित करेगी और एक महिला को कई वर्षों तक कैंसर हो सकता है, केवल एक उन्नत चरण में इसका पता चलने पर। लक्षणों में आमतौर पर अनियमित योनि रक्तस्राव, सहवास के बाद योनि से रक्तस्राव और कभी-कभी मासिक धर्म चक्र के बीच शामिल होते हैं।

गर्भाशय ग्रीवा का आक्रामक कैंसर एक दुर्गंधयुक्त योनि स्राव या श्रोणि दर्द का कारण बन सकता है और जब यह मूत्राशय और मलाशय जैसे आसन्न अंगों पर आक्रमण करता है तो यह सबसे खतरनाक रूप है।

मृत्यु दर से परे, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के दीर्घकालिक प्रभाव जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। कैंसर के उपचार और संबंधित विषाक्तता के भयानक अनुभव से गुजरने के अलावा, कैंसर से बचे लोगों को रजोनिवृत्ति के लक्षण, गंभीर पैर की सूजन (निचले अंग लिम्फेडेमा), यौन अक्षमता, बांझपन, सामाजिक निर्णय और अस्वीकृति जैसे दीर्घकालिक मुद्दों से भी जूझना पड़ता है। सामाजिक कार्यप्रणाली, आत्म-सम्मान में कमी, नकारात्मक शरीर की छवि, साथ ही साथ वित्तीय मुद्दे भी जुड़े रहते हैं।

दुर्भाग्य से, इस कैंसर का निदान ज्यादातर 35 से 45 वर्ष की आयु के बीच की युवा महिलाओं में होता है, जब वे प्रमुख वर्षों में होती हैं। इस मामले में उम्मीद की किरण केवल यह है कि गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर लगभग पूरी तरह से रोका जा सकता है। हम जानते हैं कि यह एक वायरस के कारण होता है और इसे रोकने में मदद करने के लिए विश्व स्तर पर प्रभावी टीके पहले से ही उपयोग किए जा रहे हैं। इस वायरस के संपर्क में आने से बहुत पहले युवा लड़कियों का टीकाकरण प्राथमिक रोकथाम में सहायता कर सकता है। 30 वर्ष की आयु के बाद नियमित जांच और सर्जरी या विकिरण के माध्यम से प्रभावी उपचार, वर्तमान में भारत में महिलाओं में दूसरे सबसे आम कैंसर के रूप में जो खड़ा है, उसे समाप्त कर सकता है। उनका अभ्यास, और उच्च परिशुद्धता एचपीवी डीएनए परीक्षण के साथ 30-49 वर्ष के बीच की महिलाओं की जांच की सलाह देना गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खिलाफ इस लड़ाई में दो सबसे मजबूत स्तंभ होंगे।

विश्व स्वास्थ्य सभा के सदस्य के रूप में, भारत 2030 तक गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पहल के लिए प्रतिबद्ध है। पहल द्वारा निर्धारित 90-70-90 लक्ष्य के लिए 90 प्रतिशत लड़कियों को पूरी तरह से होना आवश्यक है। 15 वर्ष की आयु से पहले एचपीवी वैक्सीन के साथ टीका लगाया गया, 70 प्रतिशत महिलाओं को 35 वर्ष की आयु तक और फिर से 45 वर्ष की आयु तक उच्च प्रदर्शन परीक्षण के साथ जांच की जानी चाहिए, और 90 प्रतिशत महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से उपचार प्राप्त करने के लिए पहचाना गया, प्रतिबद्धता को पूरा करने और हमारी लड़कियों की सुरक्षा के प्रयास में, भारत सरकार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत वित्तपोषित और कार्यान्वित एचपीवी टीकाकरण शुरू करने पर गम्भीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। जैसा कि हम इस जनवरी में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह मनाते हैं, हममें से प्रत्येक देश की महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद करने में अपनी भूमिका निभा सकता है।

महिलाएं एक परिवार के समग्र स्वास्थ्य के लिए आधारशिला का प्रतिनिधित्व करती हैं और इसलिए उनके स्वास्थ्य में निवेश करना और गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करना समाज की भलाई और भविष्य को सुनिश्चित करने में एक लंबा रास्ता तय करता है। महिलाओं को इस रोके जा सकने वाली बीमारी से पीड़ित और मरने से रोकने योग्य तथा इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं, इस प्रकार हमारी लड़कियां इस घातक बीमारी से मुक्त दुनिया देखने के लिए जीवित रहेंगी।

## आप की बात

### बजट से उम्मीदें

**अब** देश का नया बजट शीघ्र ही आने वाला है। बीते वर्ष में सरकार ने बजट में टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है अत: उम्मीद है कि सरकार इस बार कोई बड़ी घोषणा नए बजट में ला सकेगी। यह इस सरकार का 10 वां बजट होने वाला है एवं इसके बाद फिर अब चुनाव भी अब अगले साल निकट ही है। अत: सरकार कोई बड़ा नया टैक्स भी नहीं लगाने वाली है एवं कोई न कोई नया सर्प्राइज अवश्य इस बजट में बनेगा नौकरी पेशा को राहत मिल सकेगी इसी तरह से वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी इसमें कुछ न कुछ लाभ अवश्य रहेगा। कह सकते हैं इस बजट में हर एक वर्ग के लिए कुछ न कुछ तो अवश्य ही मिल सकेगा। आत्मनिर्भर भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए सरकार अब हर तरह से प्रयासरत है। हमारे प्रधानमंत्री अवश्य बजट के मामले में देश के उद्योग-धंधों को अधिक से अधिक राहत देने का प्रयास करेंगे। केंद्रीय बजट में सूक्ष्म आर्थिक स्तर पर सभी समाज कल्याण कार्यक्रमों पर ध्यान देने के साथ तेज आर्थिक वृद्धि पर भी जोर की की उम्मीद है। हालांकि, सबको संतुष्ट करना वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण के लिए गंभीर चुनौती होगी। उम्मीद करनी चाहिए कि वे इस चुनौती में खरी उतर कर 2024 में विजय का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

**मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### राष्ट्र प्रथम की भावना

**भारत** मे प्राचीन समय से ही कई धर्मो के मानने वाले लोग रहते हैं। हिन्दू धर्म के बाद मुस्लिम धर्म को मानने वालों की संख्या अधिक है।इनके अतिरिक्त ईसाई, बौद्ध, पारसी, आदि धर्मो को मानने वाले भी रहते हैं। भारत मे सभी को पूर्ण रूप से धार्मिक स्वतंत्रता है। इतनी स्वतंत्रता होने के बाबजूद कुछ लोगों के लिये राष्ट्र का कोई महत्व नही है। उनके लिये धर्म ही सबकुछ है। अभी गणतंत्र दिवस पर जहां पूरा देश राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत माता की जय के नारे लगा रहा था वंही कुछ स्थानों पर धार्मिक नारे लगाए गए। एक मदरसे में राष्ट्रीय ध्वज की जगह अपना मजहबी झंडा फ्हराया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस के समारोह में कुछ मुस्लिम छात्रों ने एएमयू जिंदाबाद के बाद मजहबी नारे लगाए। एक मदरसे में राष्ट्रीय ध्वज की जगह इस्लामिक झंडा फहराया गया। मदरसा संचालक कहा कि यहां मजहबी झंडा ही फहराया जाता है। अनेकानेक राष्ट्रभक्त मुस्लिमों से सभी मुसलमानों को शिक्षा लेनी चाहिये और उनको अपना आदर्श मानना चाहिये। मुस्लिम समुदाय को भी राष्ट्र प्रथम की भावना से सामने आना चाहिए।

**ललित शंकर,** गाजियाबाद

### बच्चों को खतरा

**कोरोना** महामारी से दुनिया का एक भी देश अछूता नहीं रहा है। लॉकडाउन की वजह से छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में स्मार्ट फोन, लैपटॉप व कंप्यूटर आ गए थे। अब बच्चे ऑनलाइन के आदी हो गए है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। चाइल्ड राइट्स एंड यू की रिपोर्ट के मुताबिक अनेक माता-पिता ने माना है कि ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से अजनबी लोग उनके बच्चों से संपर्क करते हैं, जिससे वह उनसे दोस्ती कर सके। कुछ लोग बच्चों से गलत संबंध बनाने का झांसा देते हैं। स्टडी में पाया गया है कि अजनबियों से बाते करने वालों में 40 फीसदी किशोर लड़कियां हैं जिनकी उम्र केवल 14 से 18 वर्ष के बीच है। 70 प्रतिशत माता-पिता ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया है। अनेक अभिभावकों को इस बात की जानकारी ही नहीं है कि उनके बच्चे किसी अजनबी व्यक्ति से बात कर रहे हैं। बच्चों के माता-पिता को इस आनलाइन खतरे पर ध्यान देना चाहिए। पुलिस को ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

**निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**देश** के लिए काम करने वाले की रा व आईबी फाइलें उजागर होना गंभीर व चिन्ता का विषय है।

– **किरन रिजिजू**
विधि मंत्री



**हम** जानते हैं कि पूरे अमेरिका में बंदूक हिंसा की विभीषिका से निपटने के लिए कठोर कानून आवश्यक हैं।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**कांग्रेस** को सशस्त्र बलों से किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# मंडल में गणतंत्र दिवस की धूम रही

### ● शान से फहराया गया तिरंगा, रंगारंग कार्यक्रम



**अयोध्या।** 74वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे मण्डल में धूमधाम से मनाया गया। मण्डल के अन्य जनपदों में भी गणतंत्र दिवस के समारोह ग्राम से लेकर जिला स्तर पर आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों, शैक्षिक संस्थाओं आदि में ध्वजारोहण किया गया। आयुक्त कार्यालय में लोकप्रिय मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उक्त अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा संविधान में लिखित संकल्प लिया गया। उक्त अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकारों, अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुये मण्डलायुक्त ने कहा कि लम्बे संघर्ष एवं बलिदान के बाद के बाद 15 अगस्त 1947 को हमारे देश को आजादी मिली। आजादी मिलने के बाद इस देश को चलाने के लिए एक कानून एवं संविधान की आवश्यकता थी।

इस संविधान को बनाने के लिए हमारे देश के तत्कालीन नायकों द्वारा संविधान सभा बनायी गयी। उसके अनेक बैठकों के बाद हमारे देश का एक विस्तृत संविधान/सर्वोच्च कानून तैयार हुआ। इसको 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में लागू किया गया तथा उसी समय हमारे भारत के अपना राष्ट्रपति एवं अपना शासन स्थापित हुआ। संविधान तो 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा एवं इसके ड्राफ्ट कमेटी के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा तैयार कर लिया गया था, पर हमारे पूर्ण स्वराज का संकल्प कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 1930 में 26 जनवरी को ही लिया गया था इसलिए उसी तिथि को हमारे राष्ट्र के तत्कालीन नायकों ने लागू करने का फैसला किया। हमारा संविधान विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान है। इसको हमें बार.बार पढ़ना चाहिए इससे शासन, प्रशासन की विशेषताओं एवं उद्देश्यों का पता चलता है। जहां इसमें प्रशासन चलाने के लिए केन्द्रीय राज्य और जिला स्तर पर त्रिस्तरीय प्रशासनिक प्रणाली है, वही सभी वर्ग के लोगों अल्पसंख्यकों, कमजोर वर्ग के लोगों के विकास के लिए उनको मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक प्राविधान किये गये है। हम सभी लोगों का पावन कर्तव्य है कि राष्ट्र नायकों को नमन करते हुये संविधान के अनुसार सभी को अपने स्तर से अपने प्रशासनिक स्तर से खुले मन से न्याय दिलाने का कार्य करें। हमारे संविधान में जहां मूल अधिकार दिये गये है वही पर मूल कर्तव्य भी दिये गये हैं। इसलिए हमारा पावन कर्तव्य है कि अपने अधिकारों को जानते हुये अपने कर्तव्यों का जहां भी हो राष्ट्र के निर्माण में, समाज के निर्माण में तथा विश्व बन्धुत्व को बढ़ावा देने के लिए, अच्छे सद्भाव को बढ़ाने के लिए कार्य करें।

## आरोग्य भारती ने किया मेधावी बेटियों का सम्मान समारोह

**अयोध्या।** विद्या की देवी सरस्वती के पूजनोत्सव पर्व बसंत पंचमी व गणतंत्र दिवस के समागम के सुअवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन आरोग्य भारती की अयोध्या शाखा द्वारा द्विदिवसीय बासंती समारोह आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर सायंकाल अयोध्या स्थित संघ कार्यालय साकेत निलयम मे प्रतिभा सम्मान समारोह . प्रथम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरोग्य भारती के अवध प्रान्त सह संगठन सचिव डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी जिला संयोजक डॉ आनंद उपाध्याय जिला सचिव डॉ पंकज श्रीवास्तव एवं संघ कार्यालय प्रमुख कृष्ण चंद्र जी द्वारा मां भारती के चित्र एवं मां सरस्वती देवी व भगवान धनवंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी स्तवन किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

### ● मण्डलायुक्त और डीएम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वज फहराया

**प्रयागराज।** 74 वें गणतंत्र दिवस पर चौतरफा ध्वजारोहण हुआ। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय में ध्वज फहराया। कमिश्नर ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए यह एक बहुत बड़ा दिवस है। आज के दिन ही हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार प्रदत्त किये गये हैं। विकास की मुख्यधारा में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो प्रत्येक नागरिक धर्म जाति क्षेत्रवाद सम्प्रदायवाद एवं भाषावाद से ऊपर उठकर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें।



जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डा फहराया। इस अवसर पर सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को संविधान के संकल्प और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने संगम सभागार में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को पुष्प एवं शाल देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है। एक अच्छी शासन व्यवस्था के लिए आवश्यक सभी बातों को हमने संविधान में शामिल किया है। हमारे संविधान की मुख्य विशेषता मूलाधिकार है। जिसके माध्यम से हर व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता का अधिकार मिला हुआ है और कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा व परिश्रम से कोई भी पद प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता व देश प्रेम की भावना के बदौलत ही आज हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि कोविड के वैक्सीनेशन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हुई है।

## गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा 74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन में कलेक्ट्रेट प्रांगण में प्रात: 8:30 बजे ध्वजारोहण तथा राष्ट्रीय गान गाया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपर जिलाधिकारी, अपर उप जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी की उपस्थिति में संविधान का संकल्प लिया गया ।

हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, लोकतंत्रात्मक, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्राताए प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित एवं आत्मार्पित करते हैं। इसके उपरांत जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 74 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय तिरंगे के महत्व, महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए समाज को बेहतर बनाने के लिए चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने भारत के महान सेनानियों को याद करते हुए कहा कि हमारे देश के महापुरुषों ने कई वर्षों तक कड़े संघर्ष करने के बाद ब्रिटिश शासन से भारत को आजादी दिलाई, उन सभी महापुरुषों के बलिदानी को याद करते हुए इस पावन पर्व को बड़े उल्लास के साथ मनाना चाहिए। हम सबको शासकीय सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है, हमें अपने संविधान के मूल कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हुए समाज को बेहतर बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

## समाज सेवी को डीएम और एसपी ने किया सम्मानित

**अम्बेडकरनगर।** जिले में युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम अंबेडकरनगर सैमुअल पाल एन तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव ने जिले में कुछ अलग करने की सोच लिए फुटपाथ पर किसी प्रकार से जीवनयापन कर गरीब परिवारों के बच्चों को अच्छी तालीम दिलाने के लिए प्रशासन तथा प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से बीड़ा उठाया। इस पुनीत कार्य में शरद यादव ने 26 बच्चों का एडमिशन शुल्क तथा वाहन शुल्क के साथ स्टेशनरी की व्यवस्था कर बच्चों के हौसले को बढ़ाने के लिए समय.समय पर उनके परिवारों से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने को प्रेरित करते रहते हैं। वही समाज के ऐसे परिवारों का दुख दर्द भी कम करने के लिए हाथ बढ़ाया जोकि दो वक्त की रोटी जुटाने में भी अक्षम है।

## एनटीपीसी टांडा में 74वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी लि. के टांडा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 74वां गणतंत्र दिवस आवासीय परिसर स्थित रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख बीसी पलेई ने ध्वजारोहण किया, राष्ट्रगान के बाद उन्होंने भव्य परेड का निरीक्षण किया। आयोजित परेड में डालीम्स स्कूल, विवेकानन्द शिशुकुंज, विद्युत परिषद राजकीय इण्टर कॉलेज, बेसिक प्राईमरी स्कूल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं स्थानीय सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने भाग लिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पलेई ने परियोजना परिवार के समस्त सदस्यों तथा आसपास के ग्रामीणजनों को हार्दिक शुभकामनायें दी। अपने संबोधन में उन्होंने देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान की चर्चा करते हुये कहा कि वर्तमान में एनटीपीसी 77 परियोजनाओं से 71544 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर रहा है। 1975 में स्थापित भारत की यह महारत्न





कंपनी ऊर्जा उत्पादन में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एनटीपीसी टांडा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। इस दौरान मानव संसाधन के क्षेत्र में एनटीपीसी टांडा को प्रतिभा प्रबंधन में उत्कृष्ठता के लिए डीएम, थॉमस एसेसमेंट पुरस्कार एवं पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इण्डिया नेशनल एवार्ड 2022 के लिए बेस्ट पीएसयू इम्प्लीमेंटिंग इन सीएसआर, बेस्ट सीएसआर प्रोजेक्ट इन विमेंस डेवलपमेंट एवं गृह पत्रिका ई-किरण को पुरस्कार प्राप्त हुआ है। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में यूपी नेडा द्वारा आयोजित उप्र राज्य ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2022 में एनटीपीसी टांडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नैगमिक सामाजिक दायित्व के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण खेलकूद तथा आसपास के गॉंवों में बुनियादी जरूरतों के विकास के लिए हम चरणबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के अगले चरण में केऔसुब (सुरक्षा शाखा) ने आधुनिक राइफलों एवं मशीनगनों के साथ सशस्त्र युद्ध का शानदार प्रदर्शन किया। केऔसुब (अग्निशमन शाखा) द्वारा औद्योगिक बचाव का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व ब्लूमिंग बड्सए विद्युत परिषद राजकीय इण्टर कालेज, विवेकानन्द शिशुकुंज, डालीम्स के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें राष्ट्रीय एकता तथा देश भक्ति पर आधारित गीत एवं नृत्य के कई आकर्षक कार्यक्रम शामिल थे। पलेई ने पावर एक्सेल अवार्ड, एम्प्लॉई ऑफ द ईयर अवार्ड, मानवीयता पुरस्कार एवं बिजनेस यूनिट हेड (बीयूएच) मेरिटोरियस एवं सेफ्टी पुरस्कार के अन्तर्गत कर्मचारियों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं टाउनशिप सुरक्षा के जवानों एवं संविदाकर्मियों को पुरस्कृत किया।

## क्विक न्यूज

### जिला प्रशासन एवं मीडिया के बीच मैत्री क्रिकेट मैच आयोजन

**श्रावस्ती।** जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती में जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव की अगुवाई में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं मीडिया के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। मैच के दौरान जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन एकादश एवं मीडिया एकादश दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मैच का शुभारंभ कराया। जिला प्रशासन की तरफ से टीम की कप्तानी एडीएम (वि0/रा0) डीपी सिंह एवं मीडिया टीम की कप्तानी दुर्गेश शुक्ला द्वारा की गई। 12 ओवर के मैच में जिला प्रशासन एकादश टीम ने 153 रन का लक्ष्य रखा, जिसके सापेक्ष मीडिया एकादश की टीम 12 ओवर में मात्र 114 रन ही बना पाई। जिला प्रशासन एकादश की टीम ने इस मैच में 39 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में मैन ऑफ द मैच दिलीप एवं आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस में अशरफ को जिलाधिकारी द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग में मिली अद्वितीय सफलता

**प्रयागराज।** कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है। बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने इकतीस दिसंबर दो हजार बाइस को समाप्त नौ महीनों के लिए अपने वित्तीय प्रदर्शन और कोहिनूर फूड्स लिमिटेड में दो सौ पचास करोड़ करोड़ रुपये तक के रणनीतिक निवेश करने के निर्णय की घोषणा की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एस के धवन ने टिप्पणी की कि हमें कोहिनूर फूड्स लिमिटेड में दो सौ पचास करोड़ रुपये के रणनीतिक निवेश के बोर्ड के फैसले की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लगभग पांच दशकों की विरासत है। जो दुनिया भर में बासमती चावल और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद उद्योग में उनकी अग्रणी और अद्वितीय स्थिति को दर्शाती है। जो कि एक साल पहले की अवधि में 2082 करोड़ रुपये थी। कंपनी की पूर्व निर्धारित दीर्घकालिक विकास रणनीतियों के अनुरूप विकास लाइफकेयर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने कोहिनूर फूड्स लिमिटेड में दो सौ पचास करोड़ रुपये तक निवेश करने की मंजूरी दे दी है।

### आवश्यकताओं की पूर्ति पर दिया गया बल

**प्रयागराज।** विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष तौर पर ध्यान दिया जा रहा है। ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर ने बाथ फिटिंग रेंज के नए सेगमेंट में अपने विस्तार की घोषणा की है। जिसमें पीटीएमटी फासेट्स फ्लश टैंक सीट कवरिंग व अन्य एक्सेसरीज शामिल हैं। विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रूफ्लो ने पीटीएमटी फॉसेट्स के लिए चौदह डिजाइन वेरिएंट और छह फ्लश टैंक वेरिएंट पेश किए हैं। ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर लिमिटेड के सीईओ राजेश पजनू ने घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा पीटीएमटी फॉसेट्स सेगमेंट में उतरना हमारे पोर्टफोलियो का एक स्वाभाविक विस्तार है। क्योंकि हमारा उद्देश्य ग्राहकों को उनकी सभी प्लंबिंग आवश्यकताओं के लिए एक वन स्टॉप सॉल्यूशन्स प्रदान करना है।

### गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मान समारोह

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुछ चुनिंदा पुलिस अधिकारियों के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए सम्मान पत्र एवं मेडल को जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन एवं पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा द्वारा वितरण कर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि गृह मंत्रालय द्वारा जनपद अंबेडकर नगर में आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधिकारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में कोतवाली टांडा में तैनात तेज तर्रार वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय को भी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। वरिष्ठ उप निरीक्षक का सम्मान होने पर थाने पर तैनात तमाम उपनिरीक्षक एवं हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल के साथ शहर के तमाम संभ्रांत नागरिकों द्वारा उन्हें बधाई मिलने का सिलसिला जारी है। जिसके बाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने कहा कि मैं अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निष्ठा एवं लगन के साथ पालन करूंगा।

### एडीएम ने फीता काटकर कैंप का किया उद्घाटन

**अम्बेडकरनगर।** अकबर पुर तहसील में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पंजीकरण एलाइसेंस कैम्प का आयोजन फौव्वारा तिराहे पर किया गया। कैम्प का उद्घाटन एडीएम सदानंद गुप्ता द्वारा किया गया। कैम्प में लगभग 15 लाइसेंस व 100 से अधिक पंजीकरण का आवेदन खाद्य कारोबार कर्ताओं द्वारा किया गया। मौके पर जारी पंजीकरण, लाइसेंस का वितरण एडीएम द्वारा किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य राजवंश श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर के के उपाध्याय तथा सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर मौजूद रहे।

## रक्षा अंतरिक्ष परिवहन और गृह भूमि सुरक्षा पर हुई चर्चा

**प्रयागराज।** बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध अपोलो माइक्रोसिस्टम्स मिशन क्रिटिकल मिशन के लिए कठोर कस्टम निर्मित इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर समाधानों के डिज़ाइन विकास संयोजन और परीक्षण में अग्रणी है। इसे तेलंगाना स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड तेलंगाना सरकार का उपक्रम द्वारा रंगारेड्डी जिला तेलंगाना में स्थित तेलंगाना स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड हार्डवेयर पार्क फेज़ टू पीएच टू में एकमुश्त बिक्री के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक उद्योग की स्थापना के लिए दस हजार एक सौ अठारह वर्ग मीटर एमटीएस की माप वाली भूमि का सरकार द्वारा अनंतिम आवंटन प्राप्त हुआ है। इसके समाधान एयरोस्पेस रक्षा अंतरिक्ष परिवहन और गृह भूमि सुरक्षा बाज़ारों के लिए अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित हैं। जिसमें पूरी तरह भुगतान किए दस इक्विटी शेयरों में से प्रत्येक एक रुपये का पूरी तरह से भुगतान किया गया है और जो कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है।

## मण्डलायुक्त ने पुलिस लाइन में फहराया राष्ट्रध्वज

### ● पुलिस लाइन में परेड का हुआ आयोजन

**गोंडा।** जनपद में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने कैंप कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत विगत छ: माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजकीय चिकित्सालय सीएचसी बभनजोत तथा निजी चिकित्सालय सतीश चंद्र पांडेय मेमोरियल हॉस्पिटल को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में डीएम द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मण्डल एमपी अग्रवाल ने ध्वजारोहण के उपरान्त परेड कमान्डर सीओ सौरभ वर्मा के नेतृत्व में शानदार परेड की सलामी ली तथा पुलिस विभाग की



परेड की सलामी लेते व परेड का निरीक्षण करते आयुक्त एमपी अग्रवाल व एसपी

विभिन्न टोलियों एवं झांकियों का अवलोकन किया। बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त ने आजादी की लड़ाई में अपना रक्त बहाने और प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश अमर शहीदों के बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगा। उनके बलिदान के कारण ही आज हम सब खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं और आजादी के बाद हमारा देश हर क्षेत्र में विकसित हुआ है। परन्तु अमर शहीदों ने जो स्वराज का सपना देखा उसे हम अभी तक पूरी तरह हासिल नहीं कर पाए हैं इसके लिए हम सबको उनके बताए हुए मार्गों का अनुकरण कर अपने में आत्मसात करने की जरूरत है तभी हमारा राष्ट्र तरक्की कर पाएगा। इस अवसर पर स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। आयुक्त, डीआईजीए डीएम व एसपी द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए छात्र.छात्राओं को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। परेड व झांकियों के आयोजन पर परेड कमांडर सौरभ वर्मा, आरआई यशवंत प्रताप सिंह, एसआई अंकित सिंह सहित कई पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेन्द्र अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार, पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, सीजेएम गोण्डा, सीआरओ जयनाथ यादव, एडीएम सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एसडीएम सदर विनोद सिंह, सीओ लाइन्स लक्ष्मीकान्त गौतम, सहित अन्य बुद्धिजीवी वर्ग, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीए पत्रकार बंधु तथा विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

## बजाज चीनी मिल में धूमधाम से मनाया गया गणतन्त्र दिवस

**गोंडा।** बजाज चीनी मिल कुन्दुरखी के प्रांगण में इकाई प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने अपने सभी अधिकारी व कर्मचारी के साथ 74वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर कारखाना परिसर में ध्वाजारोहण किया। अपने सम्बोधन में इकाई प्रमुख ने संस्थान के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संस्थान के प्रति पूरी इमानदारी व निष्ठा एवं दक्षता से कार्य करने पर जोर दिया। चीनी मिल परिवार के बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें इकाई प्रमुख द्वारा पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एचआर हेड एनके शुक्ला ने कहा कि कारखाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियो को आगे भी समय समय पर सम्मानित किया जायेगा। महाप्रबंधक गन्ना एनके दूबे, महाप्रबन्धक (इंजीनियरिंग) पीके पाण्डेय, महाप्रबन्धक (उत्पादन) राजेश गोयल, लैब हेड ओपी गुप्ता,



बजाज चीनी मिल में कार्यक्रम को संबोधित करते यूनिट हेड मनोज कुमार सिंह।

सहायक महाप्रबन्धक (व्यालर) ओपी वर्माए वरि. प्रबन्धक (गन्ना) निखिलेश सिंह, मेडिकल आफिसर डा. आरके मौर्य, उप प्रबन्धक एचआर हरीश सिंह, सहायक प्रबन्धक एचआर कमलेश कुमार, वरिष्ठ सुरक्षा प्रबंधक धर्मेन्द्र मिश्रा, भगवान चन्द्र तिवारी, सूरज गंगवार, दिवाकर दूबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्रवण पाण्डेय ने किया।

## भारत का संविधान सबसे मजबूत: डीएम

**संतकबीरनगर।** 74वां गणतंत्र दिवस जनपद में श्रद्धा, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने ध्वजारोहण के उपरान्त राष्ट्रगान एवं संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विकास भवन परिसर में विधायक धनघटा गणेश चौहान, डीएम, एडीएम एवं सीडीओ, जिला विकास अधिकारी सहित अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपर किया गया। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने इस अवसर बधाई देते हुए कहा कि आजाद भारत के रूप में 76 वर्ष पूर्ण कर चुका हमारा देश पूरी दुनिया में आज एक परिपक्व राष्ट्र के रूप में भूमिका निभा रहा है। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने देश की आजादी के शहीदों को नमन और उनके संघर्षो की याद दिलाते हुए धर्म, जाति, भाषा, एवं क्षेत्रवाद से उपर उठकर देशवाद के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। 74वें



पौधरोपण करते जिलाधिकारी एवं पुलिस लाइन में सलामी लेते अतिथि डीएम।

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में डीएम व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने ध्वजारोहण के उपरान्त पुलिस परेड की सलामी ली। डीएम प्रेम रंजन सिंह ने अपने सम्बोधन में भारत को आजादी दिलाने में बीर सपूत क्रातिकारियों और महापुरूषों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर आउटपुट पाने के लिये अनुशासित रहना नितांत आवश्यक है। आयोजित समारोह में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मियों, छात्र/ छात्राओं सहित शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने खूबसूरत अंदाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्य आदि प्रस्तुत किया। डीएम ने छात्र/छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति पर उन्होंने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जनपद न्यायधीश सहित न्यायिक अधिकारी गण, एएसपी संतोष सिंह, क्षेत्राधिकारी अंशुमान सिंह, दीपांशी राठौर, राजीव सिंह यादव सहित अधिकारीगण व भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे। व्यापारी नेता सर्वदानंद पांडेय ने अस्पताल में फल वितरण किया।

## ह्दय रोग कैंप में 116 मरीजों का हुआ इलाज

### ● चरक हॉस्पिटल व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ कैम्प

**श्रावस्ती।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिनगा में शुक्रवार ह्दय रोगियों के लिए जांच व इलाज कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने फीता काटकर किया। यह आयोजन चरक हॉस्पिटल लखनऊ व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस दौरान 116 मरीजों का इलाज किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में ह्दय रोग विशेषज्ञ नहीं हैए इसलिए रेडक्रास सोसाइटी श्रावस्ती के पहल पर चरक हॉस्पिटल द्वारा मेगा ह्दय रोग जांच शिविर का आयोजन सीएचसी भिनगा में किया गया। जिसमें चरक हॉस्पिटल लखनऊ से आए ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव पांडे डीएम कार्डियोलॉजी ने 116 मरीजों का इलाज किया। इस मौके पर 30 मरीजों की ईसीजी की गई। इसमें 12 गंभीर प्रवृत्ति के मरीजों को चिकित्सीय सलाह दिया गया। इस बारे में और अधिक जानकारी देते इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति अरुण कुमार मिश्र ने बताया की इस कैंप के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी व चरक हॉस्पिटल से प्रयोगित अनुबंध था। आगे भी इस कैंप को बढाने की तैयारी है, ताकि यहां के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी तिवारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मुकेश मातन हेलिया, डा. उदय नाथ, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. संत प्रकाश, चरक हॉस्पिटल की ओर से डा. शिव गुप्ता, नर्सिंग स्टाफमें प्रीति चौधरी, शतेन्द्र कुमार कनौजिया व मैनेजर विपिन सिंह के साथ सीएचसी अधीक्षक डा राहुल यादव, सोसायटी के कोषाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की रही धूम, हर तरफ आजादी के गाने बजे

**बस्ती।** गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में धूमधाम एवं समारोहपूर्वक मनाया गया। सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रगान हुआ, संविधान का संकल्प पढ़ा गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन में आयोजित हुआ, जहां प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय निषाद ने परेड की सलामी ली, परेड का निरीक्षण किया तथा उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव को उनकी सेवाओं के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया। परेड की नेतृत्व करने वाली सीओ प्रीती खरवार, भाग्यवती पाण्डेय, किरन भाष्कर, सुरेन्द्र प्रसाद, विन्ध्याचल, राजीव सिंह, सूर्य नारायण, पुष्प लता, अभिषेक कुमार, जयहिन्द यादव को सम्मानित किया। परेड में प्रथम पुरस्कार महिला टोली की कमाण्डर पुष्पलता, द्वितीय राजीव सिंह तथा तृतीय एन.सी.सी. के अभिषेक कुमार को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जनपद



न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, आईजी आर.के. भारद्वाज, डीएम प्रियंका निरंजन, एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ आलोक प्रसाद, गणमान्य नागरिक तथा स्कूल के छात्र-छात्राए उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मानवी सिंह ने किया।

मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कहा कि गणतंत्रात्मक व्यवस्था हमारे देश में हजारों साल से प्रचलित है। कलेक्ट्रेट में डीएम प्रियंका निरंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सामूहिक रूप में राष्ट्रगान गाया गया तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प को पढ़ा गया। उप्र दिवस समारोह के दूसरे दिन पं. भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ से आये हुए रिद्म एकेडमी के कलाकारों द्वारा गीत एंव नृत्य की सुंदर प्रस्तुती की गयी। राजकीय बालिका इण्टर कालेज, बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज, आर्य कन्या इण्टर कालेज, पाण्डेय गर्ल्स इण्टर कालेज, रामबाग बालिका विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय डारीडीहा, कस्तूरबा गॉधी आवासी विद्यालय बस्ती सदर के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।

# सीतापुर डिपो में बड़ा फर्जीवाड़ा

## छह साल से कागजों पर चल रही थी नौकरी, 16 लाख सैलरी भी उठा ली...!

संवाददाता। सीतापुर

**पैसे** की चाहत में अपराध करने के कई कारनामों को आपने देखा और सुना होगा, लेकिन आज हम आपको ऐसे मामले से वाकिफ कराने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आपके भी होश फाख्ता हो जाएंगे। यूपी के सीतापुर में पैसे के लिए बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मामला यूपी रोडवेज से जुड़ा है, जहां पर परिचालक ने रोडवेज में नौकरी पाने के बाद अजब-गजब खेल कर डाला। नियुक्ति पत्र पाने के बाद एक दिन भी नौकरी नहीं की, लेकिन पिछले छह सालों से सैलरी ले रहा था। अब त्याग पत्र भेजने के बाद जांच के लिए टीम मौके पर पहुंची तो फर्जीवाड़ा सामने आया।

दरअसल, सीतापुर डिपो प्रयागराज के सुलेम सराय निवासी शेखर सिंह परिचालक के पद पर कार्यरत था। बताते हैं कि 2016 में आयोग के माध्यम से प्रदेश भर में परिचालकों की यूपी रोडवेज में भर्ती हुई थी, इसी में शेखर सिंह की भी भर्ती हुई थी। बताया जाता है कि शेखर ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय हरदोई में तैनाती ली थी, इसके बाद 4 जनवरी 2017 को ज्वाइनिंग सीतापुर डिपो आकर की थी। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद वह परिचालक की नौकरी करने लगा, लेकिन हकीकत यह है कि वह नौकरी कागजों में कर रहा था। असल में तो उसकी जगह पर उसका परिचित नौकरी कर रहा था। इस खेल का भंडाफोड़ तब हुआ, जब उसने 30 दिसंबर 2012 को रजिस्ट्री के माध्यम से त्याग पत्र भेजा। 4 जनवरी 2023 को रजिस्ट्री के जरिए त्याग पत्र सीतापुर डिपो पहुंचा। इसके बाद जिम्मेदारों को शक हुआ। शक के आधार पर ही सीतापुर डिपो की एक टीम जांच के लिए प्रयागराज स्थित उसके घर पर पहुंची, जहां पर इस खेल का भंडाफोड़ हुआ। पता चला कि, शेखर ने नियुक्ति पत्र मिलने के बाद नौकरी की ही नहीं। सीतापुर के एआरएम राकेश कुमार के अनुसार, परिचालक शेखर ने बताया कि उसने

- नियुक्ति पत्र मिलने के बाद से शेखर ने कभी नहीं की नौकरी
- 2016 में आयोग के माध्यम से परिचालक के पद पर हुआ था चयन
- शेखर अपने पिता के रसोइया से करवा था रोडवेज में ड्यूटी
- छह सालों से खाते में लगातार जा रही थी सैलरी,चल रहा था खेल
- त्याग पत्र भेजने के बाद जांच के लिए पहुंची टीम सामने आया फर्जीवाड़ा
- मामले में दोनों की मिलीभगत से चल रहा था खेल, दी गई तहरीर

अपनी जगह पर सुग्रीव नाम के एक व्यक्ति को रखवा दिया था। वही ड्यूटी कर रहा था। हालांकि, सुग्रीव कहां का रहने वाला है, इस बारे में वह कुछ नहीं बता सका है, लेकिन उसने यह जरूर कहा है कि सुग्रीव उसके पिता का खाना बनाता था। एआरएम के अनुसार, शेखर पिछले छह सालों से नौकरी कर रहा था। हर माह उसके खाते में सैलरी भी जा रही थी। लगातार खाते से ट्रांजेक्शन भी होता था। इन छह सालों में करीब 16 लाख रुपये सैलरी उसके खाते में गई है। अब परिचालक शेखर व सुग्रीव के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो चुकी है। शहर कोतवाली सीतापुर में दोनों के खिलाफ तहरीर दे दी गई है। वहीं, आरएम हरदोई क्षेत्र के आदेश पर सीतापुर के एआरएम राकेश कुमार ने पूरे मामले की जांच करते हुए रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में कहीं न कहीं सीतापुर डिपो में तैनात रहे तत्कालीन जिम्मेदारों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ है। सीतापुर के तत्कालीन एआरएम रहे विमल राजन के कार्यकाल में शेखर की ज्वाइनिंग हुई थी। एआरएम सीतापुर राकेश कुमार की माने तो सीतापुर डिपो के तत्कालीन कार्यालय सहायक रहे उदय प्रताप अब आरएम हरदोई कार्यालय व बुकिंग क्लर्क शशिकांत मिश्रा मौजूदा बुकिंग क्लर्क गोला की भूमिका भी संदिग्ध है। बुकिंग क्लर्क ने परिचालक को कार्ड जारी किया था, जबकि कार्यालय को प्रपत्रों की जांच करानी थी, जिसमें शुरुआती दौर में ही मामला पकड़ में आ सकता था। ऐसे में जिम्मेदारों की माने तो कहीं न कहीं इन दोनों लोगों के स्तर से चूक या फिर लापरवाही हुई है। फिलहाल अब एआरएम की जांच रिपोर्ट पर किस पर क्या कार्रवाई होगी, कब तक होगी, यह देखना अहम होगा, लेकिन इस मामले का भंडाफोड़ होने के बाद पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है।

# सिधौली में एक और कपड़े की दुकान में लगी आग

संवाददाता। सीतापुर

**सिधौली** के रघुवीर क्लॉथ हाउस में अचानक आग लगने से हड़कम्प सा मच गया। आग लगने की वजह मीटर में शार्टसर्किट होना बताया जा रहा है। मीटर में आग लगते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। मीटर का बोर्ड दुकान के बाहर होना वरदान साबित हुआ, जिसकी वजह से आग दुकान के अन्दर रखे गए कपड़ों तक नहीं पहुंच सकी।

गौर करने की बात है कि कपड़े की दुकान आग लगने के मामले में संवेदनशील होने के बावजूद रघुवीर क्लॉथ हाउस में आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं थे। अग्निशमन यंत्र भी पड़ोस की दुकान से लाकर आग पर काबू पाया गया। सिधौली में ही अभी दो माह पूर्व इस दुकान के पास स्थित शोभना साड़ी सेन्टर में भी आग लग चुकी है, दर्दनाक ढंग से इस घटना में दुकान मालिक की 90 वर्षीय मां की जलकर मौत हो गई थी, साथ ही लाखों रूपए का माल भी स्वाहा

- शार्ट सर्किट बताया जा रहा रघुवीर क्लॉथ हाउस में आग की वजह
- दो माह पूर्व बगल की दुकान में लगी थी आग एक बुजुर्ग की हुई थी मौत
- सिधौली में कपड़े की दुकानों पर आग से बचाव के प्रबंधों पर सवाल

हो गया था।

बात जिम्मेदारों की करें तो पहली जिम्मेदारी दुकानदारों पर लागू होती है कि बार-बार होते ऐसे हादसों के बावजूद दुकानों पर आग पर काबू पाने के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, दूसरा सवाल अग्निशमन विभाग पर उठता है कि जिन प्रतिष्ठानों में आग लगने का खतरा सबसे ज्यादा होता है विभाग समय से उनकी जांच पड़ताल क्यों नहीं करता है।

# नई पेंशन स्कीम में पंजीकरण पर लगेगी रोक

संवाददाता। सीतापुर

**बेसिक** शिक्षा विभाग के शिक्षक हों या अन्य सरकारी कर्मचारी सभी नई पेंशन स्कीम का शुरू से ही विरोध करते चले आ रहे हैं। संगठन डाल-डाल तो सरकार पात-पात वाली मुद्रा में है। सरकार इसे राजकोष पर बोझ जैसा मानती है तो कर्मचारी नई पेंशन स्कीम को बुढ़ापे की लाठी छीने जाने जैसा करार देते हैं। संगठनों के विरोध को देखते हुए सरकार पिछले दरवाजे से नई पेंशन स्कीम पर अमल कराना चाहती है, इसी को देखते हुए अन्य सरकारी कर्मियों सहित बेसिक शिक्षा विभाग में भी नई पेंशन स्कीम के तहत प्रान पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। ऐसा न करने वालों को वेतन रोके जाने की भी चेतावनी जारी की गई है। 16 दिसम्बर 2022 को अपर मुख्य सचिव स्तर से इस आशय का पत्र जारी होने के बाद 22 दिसम्बर को बेसिक शिक्षा के वित्त नियंत्रक प्रयागराज ने इसे जिलों को

- हाईकोर्ट ने सीतापुर 329 याचियों को दी राहत, दूसरों के लिए भी खुला रास्ता
- बेसिक शिक्षा विभाग में प्रान पंजीकरण को किया गया है अनिवार्य
- पंजीकरण न कराने पर वेतन रोके जाने का है खतरा

रवाना कर दिया था। इस कड़ी में सीतापुर में बेसिक शिक्षा के वित्त एवं लेखाधिकारी ने 23 दिसम्बर को पत्रांक संख्या 1067 से 72 द्वारा इसे जिले में जारी कर दिया था।

इस आदेश की मूल बात थी कि राज्य सरकार की सेवा में 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त कार्मिकों का वेतन प्रान पंजीकरण के बिना न किया जाए।

जाहिर है इससे प्रभावित शिक्षक कर्मचारी वर्ग पर वेतन रूकने की तलवार लटक गई थी। इस कार्यवाही को लेकर सीतापुर के रेउसा ब्लाक स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल थौरा में तैनात रामजी लाल सुमन सहित सीतापुर जनपद में तैनात 329 शिक्षक इस आदेश को मनमानी बताते हुए हाईकोर्ट पहुंचे थे और यूपी गवर्मेन्ट को विपक्षी बनाते हुए अपनी याचिका प्रस्तुत की थी। कोर्ट नम्बर 17 में 689 नम्बर पर यह याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया के समक्ष प्रस्तुत हुई, जिसमें शिक्षकों की तरफ से पैरवी अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद शुक्ला ने की। याचिका पर 25 जनवरी 2023 को निर्णय जारी हुआ है। इसके मुताबिक पंजीकरण नहीं तो वेतन नहीं जैसे आदेश का इन याचियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सीतापुर जिले के बेसिक शिक्षक लम्बे अर्से से नई पेंशन स्कीम के विरोध में न केवल लामबंद रहे हैं बल्कि उन्होंने अन्य कर्मचारी संगठनों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भी किया है।

# उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मना गणतंत्र दिवस

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

दिल में उमंग, चेहरे पर उत्साह और जुबां पर भारत माता के जयकारे के बीच गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे जनपद में उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। सरकारी, गैर सरकारी भवनों को पूर्व संध्या पर प्रकाशमान किया गया। सभी सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर झंडा फहराया गया।

गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीएम कैम्प कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। गांधी बालोद्यान विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रगान किया। डीएम ने मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान का संकल्प दिलाया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने स्वंत्रतता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर सम्मानित किया।

डीएम ने जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने लोगों का आवहन किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान के

- डीएम ने कलेक्ट्रेट व कैंप कार्यालय में किया ध्वजारोहण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित सम्मानित

मूल सिद्धान्तों स्वतंत्रता, समानता और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बन्धुता पर अमल करने का संकल्प लें। गणतंत्र देश के सभी नागरिकों को सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता एवं बधुत्व तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय प्रदान करता है, जिससे सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते हैं। हमें संविधान द्वारा दिये गये इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को निष्ठापूर्ण ढंग से निभाना होगा। कर्तव्य ही अधिकार की पहली सीढ़ी होती है।

कार्यक्रम को सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, डीएसओ अंजनी सिंह, पत्रकार एनके मिश्र ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कलेक्ट्रेट कर्मी श्रीराम ने देशभक्ति से ओतप्रोत काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर विधेश, डॉ अनुराग, एसटीओ आंनद कुमार, डीईओ कुलदीप दिनकर, डीपीओ संजय निगम, एएलसी डॉ महेश पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट सहित कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न पटल सहायक मौजूद रहे।

# योजनाओं की समीक्षा, अनुश्रवण में मददगार बनेगा वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष : जिलाधिकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**गणतंत्र** दिवस पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विकास भवन पहुंचकर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ विकास भवन सभागार के समीप नवनिर्मित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का शिलापट का अनावरण, फीता काटकर पूरे विधि विधान से लोकार्पण किया।

डीएम ने कहा कि विकास भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम बन जाने से विभागीय योजनाओं की वर्चुअल समीक्षा, अनुश्रवण में काफी आसानी होगी। विभागों का दूरस्थ कार्यबल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से तेजी से उनके काम आएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आज के गतिशील कार्यक्षेत्रों में एक मुख्य आधार बन गया है, जहां प्रौद्योगिकी दुनिया में कहीं से भी दूरस्थ रूप से कार्य करने की सुविधा प्रदान करती है। डीएम ने मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। लोकार्पण के दौरान पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, डीसी एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, नाजिर विकास भवन सौरभ कुमार सहित अन्य अनेक जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्मान समारोह की आभा से दमका यूपी दिवस, बिखेरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**यूपी** दिवस पर जीआईसी ग्राउंड का मंच जहां एक ओर पुरस्कार व सम्मान समारोह की आभा से दमका तो वहीं सांस्कृतिक आयोजनों की छटा के साथ कविताओं की गूंज भी सुनाई दी। गुरुवार शाम उप्र दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय उत्सव संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद रेखा अरुण वर्मा ने विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील सिंह के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दोनों अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि यूपी दिवस पर तीन दिवसीय सफल व भव्य कार्यक्रम पर डीएम-सीडीओ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। योजनाओं में बेहतरीन प्रदर्शन से पूरे प्रदेश में आज खीरी का डंका

- भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया यूपी दिवस का समापन

बज रहा है। यूपी के लोगों ने कई क्षेत्रों में मिसाल कायम की और सम्मान बढ़ाने का काम किया। डबल इंजन की सरकार ने विकास को जमीन पर उतारने का काम किया। सरकार ने कोविड महामारी को न केवल मात दी बल्कि देश को बचाने का काम किया। आज देश विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम के नेतृत्व में भारत को जी-20 के अध्यक्षता मिली, तीर्थ स्थलों को कॉरिडोर से जोड़कर विकसित किया जा रहा। सरकार ने गरीबों की चिंता कर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया। खीरी आवास, शौचालय सहित कई योजनाओं में यूपी में नंबर वन है। सरकार महिलाओं को एनआरएलएम से जोड़कर सशक्त बना रही। निवेश और रोजगार की थीम पर यूपी दिवस आयोजित किया जा रहा है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यूपी ने काफी तरक्की की। यूपी देश की आस्था है, लोगों का दिल है। युवा के जोश से भरा हुआ यह प्रदेश है। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। यह सब उत्तर प्रदेश की जनता के कारण ही हुआ है।

डीएम ने कहा कि यूपी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज जो प्रस्तुतियां हुई हैं वह विद्यार्थियों के तपस्या की देन है। सभी प्रतिभागियों में एक अलग कलाकार देखने को मिला है। डीएम ने यूपी दिवस की शुभकामनाएं देकर जनपद वासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सीडीओ के नेतृत्व में सभी अफसरों ने बेहतरीन कार्य कियाए सभी प्रशंसा के पात्र हैं।

जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सौनहा सत्र 2022 के विद्यार्थी राहुल राना प्रथम, सिद्धांत राना द्वितीय, अमन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय, जनजाति क्षेत्र जनपद व राज्य को गौरवान्वित किये जाने पर पुरस्कृत किया। सांसद रेखा वर्मा ने तीनों होनहार बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। पलिया ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय के शिक्षक रूप किशोर ने अपने साथ अन्य कई लोगों की जान बचाई, इस पर उन्हें सम्मानित किया गया।

यूपी दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के श्रंखला के अंतिम दिन गणतंत्र दिवस पर स्कॉलर वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने जवानों के परिवारों और देश की सेवा में उनके योगदान को याद करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उनके परफॉरमेंस से प्रभावित होकर सभी लोगों ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दी। बेसिक शिक्षा परिषद के एक्सीलरेटेड लर्निंग कैंप कि दिव्यांग छात्राओं ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। इस पर सांसद रेखा वर्मा ने दोनों सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 2500-2500 की नकद धनराशि प्रदान की।

# आज खीरी आएंगे उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष

**लखीमपुर खीरी।** एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह व सदस्यगण महेन्द्र कुमार एवं सन्तोष कुमार विश्वकर्मा का आगमन 28 जनवरी 2023 को दोपहर 12 बजे जनपद लखीमपुर खीरी के कलेक्ट्रेट सभागार में आगमन प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के सन्दर्भ में अनुभाविक जाँच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है, तो वह लिखित/मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है, जिससे कि वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके।

# यूपी दिवस पर नगर को अमृत सरोवर की सौगात

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**उप्र** दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला एवं गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर लखीमपुर के बाशिंदों को अमृत सरोवर की सौगात मिली। गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर, शिलापट का अनावरण कर पूजन अर्चन करते हुए लोकार्पण किया। इस अमृत सरोवर का निर्माण क्षेत्र पंचायत लखीमपुर ने कराया।

केंद्रीय मंत्री ने राजापुर परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों को बिस्किट, फल एवं अन्य खाद्य सामग्री के साथ साथ शैक्षिक गतिविधियों के लिए

- केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण, नगर को किया समर्पित

स्केच, पेंसिल सहित अन्य सामग्री भी वितरित की।

केंद्रीय मंत्री ने 74वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस इसलिए भी खास है क्योंकि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। लंबे संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली। पीएम के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पीएम के आवाह्न पर अमृत सरोवर का निर्माण देशभर में एक जन-आंदोलन बन गया। इस अभियान के तहत, कई जगहों पर, पुराने तालाबों का भी कायाकल्प किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है। दुनिया की सारी एजेंसियों ने यह मान लिया है कि यह सदी भारत की होने वाली है। आप सब राष्ट्र के निर्माण में लग जाइए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर संकल्प लीजिए कि भारत को गणतंत्र के रूप में पूरी दुनिया में एक सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेंगे और पूरी दुनिया बोलेगी भारत माता की जय। ऐसी सरोकार को लेकर काम करें।

डीएम ने कहा कि यह अमृत सरोवर शहर की खूबसूरती को चार चांद लगाएगा, जहां लोग न केवल मॉर्निंग वॉक करेंगे बल्कि यह उनके लिए आनंद का बेहतर स्थान बनकर उभरेगा। यहां पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संरक्षण भी होगा। सीडीओ ने अबतक जिले में बनाए गए अमृत सरोवरों की प्रगति बताई। यूपी में अमृत सरोवर के मामले में खीरी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

राजापुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित सुंदर, आकर्षक नवनिर्मित अमृत सरोवर परिसर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार अजय मिश्र टेनी ने अन्य जन प्रतिनिधियों एवं शुरू की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान गाया और देशभक्ति से ओतप्रोत नारों लगाए गए, जिससे पूरा वातावरण आनंदित हो उठा।

कार्यक्रम में डीसीबी चेयरमैन विनीत मनारए ब्लाक प्रमुख दिव्या सिंहए सांसद प्रतिनिधि जीतेंद्र त्रिपाठी, पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी, बीडीओ पीयूष सिंह, जेई प्रदीप वर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवती के अपहरण की अफवाह फैलाने वाले पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** युवती के अपहरण की अफवाह फैलाना वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी नूर मोहम्मद के विरुद्ध एक युवती के अपहरण की अफवाह फैलाने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी। ज्ञात हो कि गणतंत्र दिवस की सुबह नूर मोहम्मद ने पुलिस को सूचना दी कि 100 फुटा रोड पर ईको कार में सवार कुछ लोगों ने एक युवती का अपहरण कर लिया है जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को मिली पुलिस ने तेजी से इको कार को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी और कुछ देर बाद ही पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कार को पकड़ लिया और उसमें से एक युवती को भी बरामद किया।

# महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण

संवाददाता। बरेली



**देश** के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी बरेली के तत्वधान में पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने ध्वजारोहण किया एवं अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम सब एक संकल्प लें कि कांग्रेस पार्टी को मिलकर समावेशी बनाएंगे युवाओं और महिलाओं को, वंचित तबकों को बुद्धिजीवियों को जोड़कर देश में पनप रही अराजकता ,महंगाई, बेरोजगारी और नफ़रत के खिलाफ एकजुट होने का काम करेंगे और देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बनाए रखने के लिए हम कोई भी कुर्बानी देंगे । उन्होंने कहा कि पूरा देश 74 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हर भारतीय के लिए 26 जनवरी का दिन बेहद खास होता है यह दिन भारतीय नागरिकों को लोकतांत्रिक रूप से अपनी सरकार चुनने की शक्ति मिलने का पर्व है।

ध्वजारोहण के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रेम प्रकाश अग्रवाल ने सभी को संकल्प शपथ ग्रहण कराई कि हम सब मिलकर देश की एकता और अखंडता के लिए काम करेंगे और अपने पूर्वजों के सपनों को साकार करेंगे । इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता के.वी त्रिपाठी ने बताया कि हमारे देश को आजादी दिलाने के लिए हजारों पुरुषों और महिलाओं ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी। अब बची हैं, तो केवल उनके साहस की यादें और उनकी बताई गई बातें , हम सभी ज्ञात एवं अज्ञात बलिदानियों का भावपूर्ण स्मरण करते हैं । इस अबसर पर प्रदेश सचिव चौधरी असलम मियां ,उपाध्यक्ष महेश पंडित ,प्रवक्ता योगेश जौहरी,डॉ यशपाल सिंह मुकेश वाल्मीकि ,कासिम कश्मीरी,अनिल देव शर्मा, नाहिद सुल्ताना , डॉक्टर शरबत हुसैन हाशमी. हाजी सुल्तान , सुरेंद्र सोनकर, राजेश कुमार राजकुमार हाजी जुबेर रईस आलम आदि मौजूद रहे।

# माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**बरेली।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स में गणतंत्र दिवस समारोह अनूठे ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जो अपने आप में एक मिसाल है । एक अनुपम प्रयास है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म जगत के प्रख्यात अभिनेता गोविन्द नामदेव ने अपने प्रभावपूर्ण वक्तव्य से सभी का उत्साहवर्धन किया तथा विशिष्ट अतिथि अभिभावक संघ, अध्यक्ष अंकुर सक्सेना ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा पटका पहना स्वागत से किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ पारम्परिक ढंग से द्वीप प्रज्ज्वलन के पश्चात मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किये गये । सरस्वती वंदना के अतिरिक्त शिवगार्डन व रामपुर गार्डन के छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया।

विद्यालय द्वारा इस वर्ष एक लक्ष्य था विश्व रिकार्ड बनाने का जिसका प्रयास सफल रहा तथा सभी के लिए एक अच्छा उदाहरण है। इस वर्ष विद्यालय द्वारा एक अनूठी पहल की गयी है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों मे जैसे समाज सेवा, खेलों मे तथा संगीत इत्यादि क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन व विशेष योगदान देने के लिए बच्चों को कार्यसिद्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस्कान ग्रुप व इन्फ्लूएन्सर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने मुख्य अतिथि व प्रबंधक महोदय को सम्मानित किया ।

मुख्य अतिथि गोविन्द नामदेव ने अपने अनुभवों को सांझा कर कार्यक्रम सराहना करते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया विद्यालय प्रबंधक डा0 सौरभ कुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य से सभी का मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 प्रियंका सरकार, उपप्रधानाचार्या सुश्री फ़रहा दिवा हक, तथा समस्त स्टाफव अभिभावकों की उपस्थिति रही ।

विद्यालय प्रबंधक डा सौरभ कुमार अग्रवाल व प्रबंध निदेशिका चदंना अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को समृति चिह्न भेंट किए।

# मंदबुद्धि महिला ने छत से लगाई छलांग

**बरेली।** लगभग डेढ़ साल से मायके में रह रही मंदबुद्धि महिला ने छत से नीचे छलांग लगा दी जिससे वह घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कैंट थाना क्षेत्र के गांव बिरिया फतेहपुर निवासी अजय की पत्नी सलोनी को कल कैंट के गांव बिबियापुर निवासी उसके पिता जगपाल में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां जगपाल ने बताया कि सलोनी मानसिक रूप से बीमार है और उसका इलाज भी चल रहा है जिसके चलते वह अक्सर अजीबो गरीब हरकतें करती है और लगभग डेढ़ साल से वह मायके में ही रह रही है उसका पति भी उससे मिलने के लिए नहीं आता है कल सुबह सलोनी अपने मकान की दूसरी मंजिल पर गई थी।

# पुलिस लाइन में भव्य रैतिक परेड और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बरेली** । 74वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन बरेली में भव्य रैतिक परेड व देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार (पशुधन एवं दुग्ध विकास) द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक जोन , पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र बरेली , जिलाधिकारी एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया एवं परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया गया तथा सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को शपथ दिलायी गयी । तदोपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सराहनीय सेवा/उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को प्रशंसा चिन्ह/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।

इसके अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली, मंडलायुक्त बरेली, पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेली द्वारा संयुक्त रूप से शौर्य के आधार पर पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अखिलेश कुमार चौरसिया व पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय बरेली चन्द्रकांत मीणा, पुलिस अधीक्षक(क्षेत्रीय) श्री यमुना प्रसाद, उ0नि0 शंशाक सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर कृष्ण कुमार को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय द्वारा प्रदत्त ष्सिल्वर मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों व स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्ति व साहस भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को पुलिस उप-महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक यातायात, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय तथा पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे ।

# उर्स में पहले चादर चढ़ाने को लेकर दो पक्षों में फायरिंग

**बरेली।** उर्स के मेले में मौजूदा प्रधान और पूर्व प्रधान के बीच पहले चादर चढ़ाने को लेकर हुए विवाद के बाद जमकर फायरिंग हुई इस दौरान दस लोग घायल हो गए और मेले में भगदड़ मच गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर कार्यवाई शुरु कर दी मौके से कई आरोपी फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है पुलिस ने एक पक्ष की ओर से पूर्व प्रधान समेत 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से तहरीर मिलने के बाद उनका भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारी नवादा के रहने वाले मोहम्मद मियां उर्फ बाबू पुत्र बन्नू शाह की ओर से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया।

# माँ का स्थान सबसे बड़ा, दुनिया में कोई उसकी जगह नहीं ले सकता : राज्यपाल

**संवाददाता।** बांदा



**आनन्दी** बेन पटेल, राज्यपाल उ प्र /कुलाधिपति, कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा ने आज कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अष्टम दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया तथा दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों में छात्र-छात्राओं को स्वर्ण एवं कांस्य पदक पदक प्रदान किये। इससे पूर्व उन्होंने विश्व विद्यालय परिसर में स्थापित कामदगिरि नंदिनी-नंदिनी अभ्यारण्य का भी उद्घाटन किया।

दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए राज्यपाल/ कुलाधिपति ने कहा कि कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा के अष्टम् दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। लेकिन राज्यपाल ने मां की महत्ता का बखान किया, वह नए जनरेशन के बच्चो को मां के त्याग के बारे कहते कहते भावुक हो गयीं और सभी छात्र छात्रों से कहा कि माँ का स्थान इतना बड़ा है कि दुनिया में कोई उसका स्थान नहीं ले सकता । लेकिन जब बच्चे बहू मां के साथ गलत व्यवहार करते हैं तो वह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने जनता और बच्चों से अपील की कि कहीं भी ऐसी घटना देखें तो आप लोग पुलिस को सूचना देकर इसको रोकने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद बुन्देलखंड में जो एकता और समरसता है, उसके कारण यह क्षेत्र अपने आपमें सबसे अनूठा है। यहां की प्रकृति, जलवायु एवं जैव विविधता इस क्षेत्र को और अधिक महत्वपूर्ण बनाते हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिये यह महत्वपूर्ण है कि कृषि शिक्षा युवाओं में उद्यमिता विकास, नैतिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास में सहायक हो। बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र के विभिन्न जिलों से अध्ययन हेतु आये छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेकर इस क्षेत्र की पहचान बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र कृषि शिक्षा युवाओं के लिए कृषि के क्षेत्र में रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है। बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र में लघु और सीमान्त कृषकों की संख्या अधिक है। ऐसे कृषकों के पास औसतन एक हेक्टेयर से कम जोत है, बुन्देलखण्ड के अधिकांश क्षेत्रों में खेती हेतु सिंचाई जल और अन्य आवश्यक संसाधनों का अभाव है। बुन्देलखण्ड की धरती को दलहन और तिलहन की फसलों के अनुकूल माना जाता है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र देश के कुल दाल उत्पादन में लगभग 8.4 प्रतिशत का योगदान देता है। बुन्देलखण्ड में दालों का 52 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल वर्षा आश्रित है तथा दलहन के तहत सिंचित क्षेत्र, कुल क्षेत्रफल का केवल 13 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र में निवेश के अभाव में बुन्देलखण्ड के बड़े भू भाग में खेती अभी भी परम्परागत रूप से की जाती है।

बुन्देलखण्ड की कृषि उत्कृष्टता एवं उन्नतशीलता की ओर अग्रसर है। बुन्देलखण्ड में जैसे-जैसे कृषि में सुधार होगा वैसे-वैसे पूरा क्षेत्र समृद्धशाली बनेगा। विश्वविद्यालय कृषि, शिक्षा शोध एवं प्रसार गतिविधियों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में योगदान हेतु कार्य कर रहा है। उन्होंने उन पदकधारी छात्र/छात्राओं, जिन्होंने उपाधि एवं पदक प्राप्त किये हैं तथा प्रबुद्ध संकाय सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत द्वारा इन विद्यार्थियों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा, ज्ञान, कौशल एवं मानवीय मूल्यों का समावेश किया है। आज उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को जीवन की नई चुनौतियों का सामना करने के लिए, तैयार होना है तथा शिक्षा का समाजोपयोगी उद्देश्य बनाना होगा।

मुझे आप सभी मेधावी विद्यार्थियों से आशा है कि आप इस विश्वविद्यालय से अर्जित ज्ञान एवं कौशल से देश के सीमान्त एवं मध्यमवर्गीय कृषकों को खेती के उन्नत तरीकों द्वारा जीवन स्तर को सुधारने हेतु कृषकों का मार्गदर्शन करेंगे।

हम सभी का मानना है कि कृषि एवं किसान विकास के बिना राष्ट्र को स्वालम्बी व विकसित बनाना संभव नहीं है। अतः कृषि विकास एवं कृषक कल्याण को प्राथमिकता देना अति आवश्यक है।

विश्वविद्यालय को अपने शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों को संसाधनों के संरक्षण एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तित करना होगा। इसके लिए उत्कृष्ट अनुसंधान केन्द्रों का सम्पदा अधिकार एवं जलवायु परिवर्तन जैसे अन्य विषयों की ओर भी विकास, मानव संसाधन, जैव प्रौद्योगिकी, सूचना तकनीकी, बौद्धिक विशेष ध्यान देना होगा।

# बिजली चोरी और राजस्व वसूली के लिए चलेगा अभियान : ब्रजेश कुमार

**संवाददाता।** चित्रकूट



● ज्यादा लाइन हानि वाले फीडरों पर होगी प्रभावी चेकिंग-अधीक्षण अभियंता

**दक्षिणाचंल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड चित्रकूट के अधीक्षण अभियंता ब्रजेश कुमार ने बताया कि सूबे के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा के निर्देश पर जिले में बिजली चोरी रोकने एवं राजस्व वसूल के लिए विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि 17 करोड़ 91लाख के मासिक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा गांव-गांव में कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान कर बकाया राजस्व जमा कराया जा रहा है। साथ ही बकाये का भुगतान न करने वालों के कनेक्शन विच्छेदित करने के साथ-साथ सुबह और शाम को विशेष टीम द्वारा क्रास चेकिंग भी जा रही है।

शुक्रवार को चित्रकूट विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता ब्रजेश कुमार ने बताया कि सूबे के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर आगामी फरवरी माह से विद्युत उपभोक्ताओं के केवाईसी प्राप्त करने के लिए अभियान चलाया जायेगा। अभियान में टेलीकॉम कंपनियों की तरह उपभोक्ताओं के टेलीफोन नंबर संग्रहित किए जाएंगे। जिससे उन्हें विद्युत संबंधी जानकारी, विद्युत बिल और विच्छेदन की सूचना आदि समय पर दी जा सके। इसके अलावा लाइन हानियों को कम करने तथा विद्युत चोरी को रोकने के लिए भी प्रभावी अभियान चलाया जाएगा। बताया कि लाइन हानियां ज्यादा होने से एवं विद्युत चोरी के कारण विभाग को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। बताया कि अधिशासी अभियंता कर्वी आर एस वर्मा एवं अधिशासी अभियंता राजापुर के0के0वर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारियों एवं अवर अभियंताओं की टीम द्वारा अभियान के दौरान जिले में ज्यादा लाइन हानि वाले फीडरों पर प्रभावी चेकिंग कराई जायेगी। इसके साथ ही शहर से लेकर गांव एवं कस्बों तक डोर टू डोर चेकिंग कर बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाये जायेंगे। अभियान में पुलिस और प्रशासन की मदद लेकर बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही मंडलायुक्त के निर्देश पर राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ आरसी की वसूली के लिए भी विशेष अभियान चलाया जायेगा। वहीं गर्मी के दिनों में होने वाली दिक्कतों को रोकने के लिए विभाग द्वारा कटिया हटाओं,टांसफार्मर बचाओ अभियान भी चलाया जा रहा है।

# गणतंत्र के महापर्व पर डीएम-एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित



**संवाददाता।** चित्रकूट

**74वां** गणतंत्र दिवस जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। पुलिस लाइन में सीओ लाइन राजकमल ने परेड की प्रथम कमांड व सेकेंड कमांड निरीक्षक/प्रभारी सोशल मीडिया सेल विजय सिंह व थर्ड कमांड दरोगा एपी अयोध्या प्रसाद ने की। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने ध्वजारोहण कर परेड में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

गुरुवार को 74वें गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया। हर्ष फायर के बाद मार्च पास्ट करती हुई परेड ने मंच की ओर प्रस्थान किया। राष्ट्रीय ध्वज को जिलाधिकारी ने सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने निरीक्षक गिरेन्द्र सिंह पुलिस क्राइम ब्रांच को विभाग में सराहनीय सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा पदक, मुख्य आरक्षी इस्लाम खान लाइन को सराहनीय सेवा के लिए उत्कृष्ट पदक, मुख्य आरक्षी प्रोन्नत चन्द्रभान पुलिस लाइन को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जिले में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीएसआई योगेश कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिले में लोगों तक मदद पहुंचाने, कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने वाले डायल यूपी 112 के 11 पुलिस कर्मियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिले में डायल 112 पर सही समय पर हादसे की सूचना देने पर शीलू प्रसाद पुत्र रामलखन निवासी देवरा थाना रैपुरा को जागरूक कालर के रुप में प्रशस्ति पत्र एवं डायल 112 चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम-एसपी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीद पुलिस कर्मियों के आश्रितों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी कमांडरों से परिचय लेकर बेहतरीन परेड के लिए सराहना की।

# तीन अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, ट्रैक्टर बरामद

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**सिरसा** कलार थाना क्षेत्र से चोरी गए ट्रैक्टर को अंतर्राज्यीय तीन ट्रैक्टर चोरों के साथ सिरसा कलार पुलिस ने बरामद किया। सीओ ने ट्रैक्टर चोर गिरोह का खुलासा किया।

सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि बीती 19 जनवरी को मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी क्षेत्र के प्रतापपुरा निवासी गोविंद यादव का ट्रैक्टर सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम गोधन में इंटरलॉकिंग ईंटों को उतारने के लिए आया था। ईंटें उतारने के बाद खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। जिसकी रिपोर्ट सिरसा कलार थाने में दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में ट्रैक्टर को बरामद करने के लिए टीमों को लगाया गया था।

शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त ट्रैक्टर बेचने के लिए मध्य प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी, एसआई मूलचंद्र यादव के साथ कांस्टेबिल अंकित पांडेय, राजवीर सिंह, रवेंद्र सिंह व रामू यादव की टीम ने घेराबंदी कर ग्राम रायपुर से लोहई की ओर जाने वाल कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर ट्रैक्टर समेत अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर सिद्धार्थ उर्फ शिवा सेंगर निवासी रामपुर प्रताप सिंह थाना अयाना जिला औरैया, अंकित शर्मा निवासी ब्रह्मनगर कोतवाली औरैया हाल निवासी राजेंद्र नगर उरई, मोनू उर्फ अजीत सिंह निवासी ग्राम तुर्कीपुर कोतवाली औरैया को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे व तीन कारतूस भी बरामद किए। पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह ट्रैक्टर चोरी करके उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में ले जाकर बेचते थे। इस ट्रैक्टर को भी वह बेचने के लिए ले जा रहे थे। सीओ ने बताया कि पकड़ा गया सिद्धार्थ पूर्व में उक्त ट्रैक्टर का चालक भी रहा था।

# भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र, देश को इस पर्व पर गर्व

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**जिलाधिकारी** चाँदनी सिंह ने कैंप कार्यालय व कलेक्ट्रेट परिसर में 74 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए राष्ट्रगान के आयोजन के पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की क्षमता प्राप्त करने के लिए तथा उन समय व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस भाषा में एतद द्वारा संविधान को अंगीकृत, अधिनियम और आत्मार्पित करते हैं। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं प्रबुद्धजनों तथा जनपद वासियों को 74 वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र है और प्रत्येक देशवासियों को इस पर्व पर गर्व है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों से अपेक्षा की है कि वह एकजुट होकर देश की एकता अखंडता को कायम रखने के लिए संकल्प लें जिससे हमारा देश तेजी से तरक्की हासिल कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वप्रथम देश की आजादी के लिए अपनी जान की कुर्बानी देने वाले देश के अमर वीर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि अनगिनत शहीदों के बलिदान एवं जंग ए आजादी के महान सेनानियों के संघर्ष से हमें आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि तरक्की के इस मुकाम पर पहुंचे हिंदुस्तान की इस महान उपलब्धि का मुख्य कारण है हमारी गौरवशाली लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान। उन्होंने कहा कि हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी ध्यान में रखकर कार्यों को करना होगा तभी संविधान में राष्ट्रहित सर्वोपरि होगा।

## दो सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो किया जायेगा आन्दोलन पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** पत्रकारों द्वारा सात सूत्रीय ज्ञापन, मौदहा प्रेस क्लब के निदेशक मनोज त्रिपाठी के नेतृत्व में, नायब तहसीलदार को सौंपकर जन समस्याओं में सुधार के लिए मांग की गयी है। पन्द्रह दिनों के भीतर ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

नगर की जन समस्याओं व पत्रकारों के हित के लिए आवाज बुलंद करते हुए मौदहा प्रेस क्लब संगठन के बैनर तले सात सूत्री मांगों को लेकर एक दर्जन से अधिक पत्रकार तहसील परिसर पहुंच जिलाधिकारी के संबोधन में ज्ञापन नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया जिनमें विकास खण्ड मौदहा के क्षेत्र पंचायत की टेंडर प्रक्रिया के घपलेबाजी व कस्बे में दिन के समय भारी वाहनों पर रोक मिट्टी की अवैध खनन कर ट्रकों से दिन भर ढुलाई पर रोक लगाई जाय व तहसील स्तरीय अधिकारियों व पत्रकारों के बीच एक मासिक बैठक की जाए।

## क्विक न्यूज़

### झंडा बांधते समय गिरा सफाई कर्मी, घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरांवा ग्राम की पंचायत भवन में गणतंत्र दिवस पर उपलक्ष्य में झंडारोहण होना था। जिसके लिए सफाई कर्मी को पेड़ पर चढ़कर उससे झंडा लगवाया जा रहा था। पेड़ पर चढ़े सफाई कर्मी का पेड़ से पैर फिसल गया और सफाई कर्मी नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको सरकारी एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉक्टर ने जाँच कर बताया कि इसका दाहिना पैर टूट गया है। ललौली थाना क्षेत्र के बहुवा जवाहर नगर गाँव निवासी 36 वर्षीय अनिल किशोर पुत्र शिवमोहन हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरांवा ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी है। 26 जनवरी को विभाग द्वारा उससे पेड़ पर चढ़कर उससे झंडा बंधवा रहे थे। उसी समय सफाई कर्मी अनिल किशोर का पैर फिसल गया और वह पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सरकारी एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जाँच कर बताया कि इसको कुछ भीतरी चोट के साथ इसका दाहिना पैर टूट गया है जिस पर प्लास्टर चढ़ाना पड़ेगा। घायल सफाई कर्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मचाया धमाल

**मौदहा(हमीरपुर)।** गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर नगर के शिक्षण संस्थानों समेत सरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस पर अपने-अपने विचार प्रकट किए वहीं शिक्षण संस्थानों में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर वाहवाही लूटी। नगर के तहसील परिसर पर उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रकट किए। कोतवाली मौदहा में कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा ने झंडारोहण किया तो खंड विकास कार्यालय में खंड विकास अधिकारी मैनेजर प्रसाद ने झंडारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रजत रंजन तिवारी ने झंडारोहण किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के गांधी इंटर कॉलेज में प्रबंधक प्रताप सिंह मराठा ने झंडारोहण किया, रहमानिया इंटर कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रजिया सुल्ताना ने झंडारोहण किया, सुंदर स्वर्गीय सुंदरलाल महाविद्यालय में प्रबंधक दीपक शिवहरे ने तिरंगा फहराया इसके अलावा ग्राम अरतरा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालयों के बच्चों ने नगर में हाथों में तिरंगा लेकर प्रभातफेरी भी निकाली इसके अलावा विद्यालयों के बच्चों ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व गीतों से लोगों की सराहना लूटी।

### प्रेमी जोड़े ने खाया जहर, प्रेमी की मौत प्रेमिका की हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** प्रेमी जोड़े ने खाया जहर खा लिया जिससे प्रेमी की मौत हो गयी और प्रेमिका की हालत गंभीर बनी हुई। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव भरेपुर निवासी 20 वर्षीय प्रेमी युवक रोहित पुत्र दृगपाल का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रंसग चल रहा था। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खायी थीं । लेकिन समाज व परिवार वालो के प्यार में अवरोधक बनने पर प्रेमी जोड़े ने जहर खा लिया। परिजनो को जैसे ही जानकारी हुई वे उन्हें अस्पताल ले आये जहां पर इलाज के दौरान प्रेमी की मौत हो गयी और प्रेमिका की हालत गंभीर बनी हुई हैं। वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है। प्रेमी के परिजनों ने प्रेमिका के परिजनों पर जहर देने का आरोप लगाया है। ईएमओ ड्यूटी पर तैनात डॉ आकाश बंसल ने युवक रोहित पुत्र दृगपाल को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल लोहिया से युवती के परिजन मौके से भाग गए, डॉक्टरों की टीम युवती को बचाने के प्रयास में लगी है। जिला अस्पताल लोहिया से पुलिस सूचना शहर कोतवाली को भेज दी गई है।

### विवाहिता से दुराचार के आरोपी को 10 साल की कैद

**चित्रकूट।** खेत में चारा काटने गई विवाहिता के साथ दुराचार का आरोप सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 12 हजार रुपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील सिंह ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में 7 नवम्बर 2016 को एक विवाहिता महिला दोपहर के समय खेतों में चारा काटने गई थी। इस दौरान खेत में पहले से छिप कर बैठे हरदौली गांव के कछियापुरवा निवासी जयराम उर्फ करिया पुत्र गनेश उर्फ मन्ना ने उसे अरहर के खेत में पकड़ लिया और तमंचे के जोर पर जान से मारने की धमकी देते हुए दुराचार किया। विरोध करने पर मारपीट भी की। साथ ही इस घटना की जानकारी किसी को देने पर परिवार को मार देने की धमकी दी। घर पहुंचने पर पीड़िता ने इसकी जानकारी अपनी सास को दी और रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गई, किन्तु पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इसके बाद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम कोर्ट के विशेष न्यायाधीश संजय के लाल ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी जय राम उर्फ करिया को दोष सिद्ध होने के बाद 10 वर्ष कारावास और 12 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

### सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में उड़ान प्रतियोगिता शुरू

**फतेहपुर।** जिले के नौनिहालों को निखारने के लिए सेठ एमआर जयपुरिया विद्यालय ने उड़ान कार्यक्रम की शुरूआत की है। प्रथम दिन साहित्यिक, सांस्कृतिक व एथलेक्टिस प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिले के सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। छात्र-छात्राओं ने साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचप्राण योजना के तहत 2047 का भारत विजन के अंतर्गत अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सीजो वर्गीस, जोया आफताब, उर्वशी पांडेय, जरीना अंजुम, अभिषेक सिंह व स्टाफ ने किया।

### हत्याकांड में साले-बहनोई समेत तीन को उम्रकैद

**फतेहपुर।** बेटी से अवैध संबंधों के शक में पिता ने अपने दो सालों के साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी थी। शनिवार को अंतिम सुनवाई के दौरान अपर सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर-5 के न्यायाधीश जुनैद मुजफ्फर ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता रघुराज सिंह ने बताया कि मलवां थाना क्षेत्र के उमरगहना निवासी राजेश कुमार के बेटे अंकित उर्फ गोरे को गांव के बाबूराम और चांदपुर के दरियापुर गांव के रहने वाले उसके साले टीपू व गोपी ने 13 अप्रैल 2019 को बहाने से रात आठ बजे घर से मुंडन संस्कार समारोह के निमंत्रण कह कर ले गए। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजन उसे रात 11 बजे तक तलाश करते रहे। सुबह गेहूं काटने जा रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक तालाब किनारे अंकित के शव को पेड़ पर लटका देख इसकी जानकारी परिजनों को दी। मामले में पिता राजेश ने उक्त तीनों के खिलाफ स्थानीय थाने में नामजद तहरीर दी थी। जिसपर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से छह गवाह पेश किए गए। दलीलों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने घटना का दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया है।

# छात्र अपने आप से करें प्रतिस्पर्धा

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● छात्र-छात्राएं नियमित प्रयास कर सफलता के नए केंद्र स्थापित करें।

**आज** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जनपद स्तर पर वर्ष 2022 में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जनपद स्तरीय 21 मेधावी विद्यार्थियों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा रूपये 21 हजार, 01 टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश स्तर पर मुख्यमन्त्री द्वारा प्रदेश स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किये जाने वाले सम्मान समारोह को भी दिखाया गया। इसके बाद प्रधानमन्त्री द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' को भी ऑनलाइन दिखाया व सुनाया गया।

इसके पश्चात जनपद स्तर पर हाईस्कूल के 10 तथा इण्टरमीडिएट के 11 कुल-21 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसमें हाईस्कूल के आर्य भट्ट विद्या मन्दिर हायर सेकेंड्री स्कूल मंगलपुर से साक्षी प्रतिभा सिंह, हिमांशी देवी व नितिन कुमार, नेहरू स्मारक इण्टर कालेज, शाहजहांपुर से अक्षत शाहू, लक्ष्मी द्विवेदी, अवन्ती बाई ग्राम्य विकास इण्टर कालेज, झींझक से नव्या द्विवेदी, श्यामलाल आदर्श जनता इण्टर कालेज, दया का पुरवा से दिव्या यादव, पं0 दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालेज, राजपुर से शुभी पाण्डेय, आरपीएस इण्टर कालेज, रसूलाबाद से प्रगति द्विवेदी, सरस्वती बाल मन्दिर इण्टर कालेज, पुखरायां से अंकित यादव तथा इण्टरमीडिएट में अकबरपुर इण्टर कालेज, अकबरपुर से कु सेजल चौरसिया, चिरंजी देवी बालिका इण्टर कालेज, रूरा से कु शुभांकरी शुक्ला, पं त्रियुगी नारायण इण्टर कालेज, मंगलपुर से अनुराग पाण्डेय, शिवकली देवी इण्टर कालेज, मंगलपुर से आयुष गुप्ता, पं दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालेज, राजपुर से मोहम्मद अदनान, महारानी अहिल्याबाई होल्कर इण्टर कालेज, हवासपुर से कु क्षमा कटियार, महारानी अहिल्याबाई होल्कर इण्टर कालेज, हवासपुर से कु नैना पाल, गलुवापुर इण्टर कालेज, गलुवापुर से कु मान्शी सैनी, सी एल डी एच एस स्कूल मीनापुर से कु गीतिका दीक्षित, रोहन सिंह इण्टर कालेज, मैथा से कु नीलम देवी तथा कृष्ण कुमार दुबे मेमोरियल पब्लिक स्कूल रसूलाबाद से हर्ष प्रताप सिंह चौहान को सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को अभी की प्राप्त सफलता से संतुष्ट ना होने तथा नियमित प्रयास करते हुए आगे और भी अच्छा प्रयास कर सफलता के नए प्रश्न स्थापित करने के लिए सभी को उत्साहित किया।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी /जिला विद्यालय निरीक्षक रिद्धी पाण्डेय, डी सी सत्यनारायन कटियार, सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य /शिक्षक एवं अभिभावक, कार्यालय से शुनील मिश्रा, गोपाल त्रिपाठी, मो अन्सार, हेमचन्द्र एवं राजमोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस चला रही है अंधेरे में तीर एक संदिग्ध को पकड़कर छोड़ा


**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मण्डी के निकट बाप दादा बिल्डर्स के यहां विगत 23 दिसंबर 2022 को हुई 32 लाख के चोरी के मामले में जिले की पुलिस व शहर कोतवाली पुलिस ने एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी खुलासा नही किया । पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है। पीड़ित पक्ष के बताने पर शहर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया था लेकिन बाद में पुलिस ने उसे् भी छोड़ दिया। अब पीड़ित अवधेश शाक्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर चोरी की घटना को खुलासा करने गुहार लगायी है।

मालूम हो कि सातनपुर मण्डी के निकट बाप दादा बिल्डर्स के मालिक अवधेश शाक्य के यहां विगत 23 दिसंबर 2022 को 32 लाख के चोरी हो गयी थी। पुलिस कप्तान अशोक कुमार मीणा ने इस चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए एसओजी व शहर कोतवाली पुलिस को लगाया था। पुलिस ने सबंध में एक युवक को हिरासत मे लिया था। लेकिन पुलिस ने बाद में छोड़ दिया। वैसे पुलिस कप्तान ओशोक कुमार मीणा अब तक अधिकांश घटनाओं का खुलासा करने में सफल रहे हैं, लेकिन इस चोरी की घटना का खुलासा करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। इससे जिले की पुलिस की कार्य प्रणाली व शहर कोतवाली पुलिस पर सवालियां निशान लग गया है। पीड़ित अवधेश शाक्य का कहना है कि लड़की की शादी के लिए पैसे रखे थे । हमारे यहां सरिया का काम करने वाला व उसके पुत्र को रखे रुपये के बारे में जानकारी थी।

लेकिन पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। एक माह से अधिक समय हो गया लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी को नहीं उठाया। एक को पकड़ा था उसे भी छोड़ दिया। इस मामले में वे पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायेंगे। उन्होंने बीते दिन पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र ही घटना का खुलासा करने की गुहार लगायी है।

# कैबिनेट मंत्री ने की स्वामी प्रसाद मौर्या को नसीहत

**संवाददाता।** फतेहपुर




● पूर्व सरकारों में धर्म स्थलों पर होता था हमलाः स्वतंत्र देव

**प्रदेश** सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या पर निशाना साधते हुए उन्हें अध्ययन की नसीहत दी।

कैबिनेट मंत्री ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए सपा व बसपा सरकार के कानून व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यो का बखान किया। योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर जनपद के प्रक्षाग्रह में पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य की बैठक में पहुँचे थे। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, बिंदकी विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप धुन्नी सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, नमामि गंगे के जिला प्रमुख शैलेन्द्र शरण सिंपल द्वारा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एव कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इलाहाबाद झांसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि दोनों ही सरकारें सबका साथ सबका विकास और सब के विश्वास पर काम कर रही हैं। कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या के साधु संतों की तुलना आतंकवादी से करने वाले बयान पर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व मंत्री से सदबुद्धि की कामना करते हुए उन्हें अध्ययन करने की नसीहत दी। सपा बसपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जाता था। जातिवाद क्षेत्रवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वालों का कोई दल नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में देश व प्रदेश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

# ईरान में अजरबैजान के दूतावास में गोलीबारी, सुरक्षा प्रमुख की मौत

एपी। दुबई



**ईरान** की राजधानी तेहरान में कलाशनिकोव जैसी राइफल लिए एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अज़रबैजान के दूतावास पर हमला कर दिया, जिसमें वहां तैनात सुरक्षा प्रमुख की मौत हो गई, जबकि दो गार्ड घायल हो गए। अज़रबैजान के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान के पुलिस प्रमुख जनरल हुसैन रहीमी ने इस हमले के लिए निजी और पारिवारिक समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, यह हमला ऐसा समय में हुआ है, जब अज़रबैजान और ईरान के रिश्तों में महीनों से तनाव व्याप्त है। घटनास्थल के कथित वीडियो में दूतावास के पास स्थित राजनयिक चौकी खाली नजर आ रही है, जबकि एक व्यक्ति उसके बाहर खड़ी एसयूवी में घायल अवस्था में दिखाई दे रहा है।

वीडियो में दूतावास के अंदर मेटल डिटेक्टर के पास चिकित्साकर्मी एक छोटे कार्यालय के अंदर एक शव के पास खड़े नजर आ रहे हैं। कार्यालय के फर्श पर खून बहता दिखाई दे रहा है। अज़रबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि अभी इस हमले की जांच की जा रही है। बयान के मुताबिक, हमलावर ने गोलीबारी कर एक सुरक्षा चौकी को भी नष्ट कर दिया। इसमें कहा गया है कि चौकी पर हमले में घायल सुरक्षा गार्ड ने हमलावर पर जवाबी कार्वाई की। बयान के अनुसार, गोलीबारी में घायल सुरक्षा गार्ड की हालत स्थिर है। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने रहीमी के हवाले से बताया कि हमले के दौरान बंदूकधारी दो बच्चों के साथ दूतावास के अंदर घुसा था। हालांकि, अज़रबैजान में जारी दूतावास के अंदर के सीसीटीवी फुटेज, जो बाद के अन्य वीडियो के विवरण और अज़रबैजान के विदेश मंत्रालय के बयान से मेल खाता है, उसमें बंदूकधारी को अकेले ही दूतावास में दाखिल होते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो में नजर आ रहा है कि सुरक्षा गार्ड मेटल डिटेक्टर के पास उसे रोकने की कोशिश करते हैं, जिसके बाद वह गोलीबारी शुरू कर देता है। वीडियो में हमलावर एक छोटे कार्यालय की तरफ भागते कर्मचारियों पर गोलियां बरसाते दिख रहा है। अज़रबैजान की उत्तर-पश्चिमी सीमा ईरान से लगती है। नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र को लेकर अज़रबैजान और आर्मेनिया में संघर्ष के बाद से दोनों देशों (ईरान और अज़बैजान) के बीच तनाव व्याप्त है। इस्लामी गणतंत्र को हिला देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध के बीच ईरान ने अक्टूबर में अज़रबैजान सीमा के पास एक सैन्य अभ्यास शुरू किया था। यही नहीं, अज़रबैजान के इज़रायल के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिसे तेहरान क्षेत्र में अपने प्रमुख दुश्मनों में से एक के रूप में देखता है।



ब्रसेल्स में प्रदर्शन के दौरान बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए विरोध प्रदर्शन करते अग्निशामक और अन्य आपातकालीन कर्मचारी।

## निगरानी संस्था ने सीरियाई वायुसेना पर घातक क्लोरीन हमले का आरोप लगाया

**द हेग।** वैश्विक रासायनिक हथियार की निगरानी करने वाली संस्था (वॉचडॉग) ने अपनी जांच में पाया कि यह मानने के समुचित आधार हैं कि सीरियाई वायुसेना ने क्लोरीन गैस से भरे दो सिलेंडर डौमा शहर पर अप्रैल 2018 में गिराए जिससे 43 लोगों की मौत हो गई। ऑर्गेनाइजेशन फॉर द प्रोहिबिशन ऑफ केमिकल वेपन (ओपीसीडब्ल्यू) की एक टीम द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में की गई हालिया पुष्टि में कहा गया है कि सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सरकार ने अपने देश के भीषण गृहयुद्ध के दौरान रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। ओपीसीडब्ल्यू के महानिदेशक फर्नांडो एरिआस ने कहा, डौमा समेत अन्य जगह रासायनिक हथियार का इस्तेमाल अस्वीकार्य है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। एक और घातक रासायनिक हमले के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय के दबाव पर ओपीसीडब्ल्यू में शामिल होने वाले सीरिया ने जांच दल की अधिकारिता को मान्यता नहीं दी है। सीरिया बार-बार रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल से इनकार करता रहा है।

## तुर्किए ने डेनमार्क के राजदूत को किया तलब

**अंकारा।** कोपेनहेगन में विरोध-प्रदर्शनों के दौरान एक इस्लाम-विरोधी कार्यकर्ता को कुरान जलाने की अनुमति दिए जाने की खबरों को लेकर तुर्किए ने शुक्रवार को डेनमार्क के राजदूत को तलब किया। इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता रासमुस पलदुन ने 21 जनवरी को स्वीडन में तुर्किए के दूतावास के सामने इस्लाम की पवित्र किताब को कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया था। धुर दक्षिणपंथी पलदुन के पास डेनमार्क और स्वीडन दोनों देशों की नागरिकता है। पलदुन ने स्वीडन के एक अखबार से कहा कि वह तब तक हर शुक्रवार को कोपेनहेगन में तुर्किए दूतावास के सामने इस तरह के विरोध को दोहराएगा, जब तक स्वीडन को नाटो में शामिल नहीं कर लिया जाता। खबर में कहा गया है कि वह पहले कोपेनहेगन में एक मस्जिद के बाहर कुरान जलाएंगे, फिर तुर्किए और रूसी दूतावासों के सामने इस कृत्य को दोहराएंगे। तुर्किए की सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु ने कहा कि डेनमार्क के राजदूत को तुर्किए के विदेश मंत्रालय में तलब किया गया, जहां तुर्किए के अधिकारियों ने इस उत्तेजक कृत्य को दी गई अनुमति की कड़ी निंदा की जोकि स्पष्ट रूप से घृणा अपराध है।

## पाकिस्तान में रहस्यमय बीमारी से 18 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में कराची के केमारी इलाके में एक रहस्यमय बीमारी से 14 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान के इस दक्षिणी बंदरगाह शहर में स्वास्थ्य अधिकारी अभी भी मौत के कारणों का पता नहीं लगा पाए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक अब्दुल हमीद जुमानी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की कि केमारी के मावाच गोथ इलाके में 10 से 25 जनवरी के बीच रहस्यमई बीमारी से 14 बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई। अब्दुल हमीद जुमानी ने कहा, इन मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक स्वास्थ्य टीम अभी काम कर रही है, लेकिन हमें संदेह है कि यह समुद्र या पानी से संबंधित हो सकता है क्योंकि गोथ (गांव) जहां ए मौतें हुई हैं, वह तटीय क्षेत्र के बेहद करीब है। मावाच गोथ एक झुग्गी बस्ती क्षेत्र है जहां के लोग ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर या मछुआरे हैं। जुमानी ने कहा कि मृतकों के परिजनों ने पुष्टि की थी कि मरने से पहले उनके परिजनों को तेज बुखार, गले में सूजन और सांस लेने में तकलीफ हुई थी। अधिकारी ने कहा, कुछ लोगों ने यह भी शिकायत की है कि पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में एक अजीब सी गंध आ रही है। केमारी के उपायुक्त मुख्तार अली अब्रो ने कहा कि उन्होंने इस सिलसिले में एक फैक्टरी मालिक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

## प्रधानमंत्री सुनक के पुरस्कार से ब्रिटिश सिख इंजीनियर सम्मानित

**लंदन।** दुनियाभर में कम आय वाले समूहों के लिए बिजली की बचत करने में सक्षम वाशिंग मशीन बनाने वाले ब्रिटिश सिख इंजीनियर को प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्वाइंट्स ऑफ लाइट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। करीब चार साल पहले अपनी वाशिंग मशीन परियोजना तैयार करने वाले नवजोत साहनी को हाथ से चलने वाली मशीन बनाने के लिए सम्मानित किया गया है जिसे बिना बिजली के चलाया जा सकता है। साहनी ने इस महीने की शुरुआत में सुनक से सम्मानित होने के अनुभव को अकल्पनीय बताया। सुनक ने साहनी को लिखे पत्र में कहा, आपने दुनियाभर में हजारों लोगों की मदद के लिए इंजीनियर के रूप में अपने पेशेवर कौशल का इस्तेमाल किया है जो बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का खर्च नहीं उठा सकते। वैक्यूम क्लीनर के लिए मशहूर कंपनी डायसन में काम कर चुके साहनी वंचित वर्गों के जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अपने कौशल का उपयोग करना चाहते हैं।

## दक्षिण कोरिया ने चीन से आने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई

**सियोल (एपी)।** दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह चीन से संक्षिप्त अवधि के लिए आ रहे यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध फरवरी के अंत तक बरकरार रखेगा। उसने चीन में चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के बाद कोविड-19 के प्रसार होने की आशंकाओं के मद्देनजर यह फैसला किया है। दक्षिण कोरिया ने जनवरी की शुरुआत में चीन में स्थित अपने महावाणिज्य दूतावासों में संक्षिप्त अवधि के वीजा जारी करने पर रोक लगा दी थी। उसने चीन में महामारी से जुड़ी पाबंदियों में दिसंबर में ढील दिए जाने के बाद कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी और वायरस के नए स्वरूपों के सामने आने की आशंकाओं के मद्देनजर यह कदम उठाया था। दक्षिण कोरिया ने चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले सभी यात्रियों के लिए प्रस्थान से 48 घंटे पहले तक की अवधि में कराई गई कोविड जांच की नकारात्मक रिपोर्ट पेश करना अनिवार्य कर दिया था।

# यूक्रेन का मानवाधिकार रिकार्ड रूस से बेहतर पर वैश्विक औसत से बहुत नीचे

एजेंसी। न्यूयार्क

**फरवरी 2022** में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से, प्रमुख पश्चिमी मीडिया की कहानी स्पष्ट रही है - रूस वैश्विक खलनायकै है और यूक्रेन एक अन्यायपूर्ण युद्ध का शिकार एक आदर्श देश है। लेकिन यह युद्ध भले अन्यायपूर्ण हो सकता है, लेकिन 2022 में रूस के साथ संघर्ष तेज होने से पहले यूक्रेन की अपनी कुछ समस्याएं थीं। विशेषज्ञ विश्लेषण से पता चलता है कि रूस ने एक अवैध युद्ध शुरू किया और संघर्ष में अधिकांश मानवाधिकारों का उल्लंघन किया - जैसे कि यूक्रेन के नागरिकों को निशाना बनाना।

संघर्ष के दौरान यूक्रेन ने भी रूसी सैनिकों के खिलाफ कथित तौर पर युद्ध अपराध किए हैं। रूस की तरह, देश का अपने नागरिकों के साथ व्यवहार के संबंध में पिछले दो दशकों में एक मिश्रित रिकॉर्ड रहा है। हम मानवाधिकार विद्वान हैं जिन्होंने दिसंबर 2022 में वैश्विक मानवाधिकारों को ट्रैक करने के लिए दुनिया के सबसे बड़े मात्रात्मक डेटा सेट - जिसे सीआईराइट्स के रूप में जाना जाता है - को लॉन्च करने में मदद की। हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि यद्यपि यूक्रेन का युद्ध पूर्व मानवाधिकार रिकॉर्ड रूस से बेहतर है, यह वैश्विक औसत से काफी नीचे है। सरकारी भ्रष्टाचार की चल रही समस्या के साथ, यूक्रेन को पश्चिमी मानवाधिकार समूहों द्वारा घृणा अपराधों पर मुकदमा नहीं चलाने और लिंग आधारित हिंसा को ठीक से संबोधित नहीं करने तथा प्रतिक्रिया देने में विफल रहने के लिए उद्धृत किया गया है।हमारे आंकड़ों के मुताबिक, यूक्रेन अपने मानवाधिकार रिकॉर्ड के मामले में सभी देशों में नीचे से तीसरे स्थान पर है। इसका 100 में से 42 का स्कोर सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के समान है, जो नागरिकों के खिलाफ हिंसा और राजनीतिक अस्थिरता से भरा देश है।यूक्रेन की इस रैंकिंग में कई कारकों ने योगदान दिया। उदाहरण के लिए, यूक्रेन की सेना को, डोनेट्स्क के अत्यधिक आबादी वाले क्षेत्रों में 2014 में अंधाधुंध रूप से क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल करके नागरिकों की हत्या के लिए जाना जाता है।

### रूस की गोलीबारी में 10 लोगों की मौत : यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन में रूसी सेना की ओर से की गई ताजा गोलाबारी में यूक्रेन के कम से कम 10 नागरिकों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। नए हताहतों में दक्षिणी शहर खेरसॉन में हमले में कम से कम दो नागरिकों की मौत होने की घटना शामिल है। खेरसॉन पर यूक्रेन की सेना ने नवंबर में कब्जा कर लिया था। इसके अलावा दोनेत्स्क प्रांत में भी दो लोगों की मौत होने की सूचना है। इसके अलावा रूसी सेना ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना के इन हमलों के बाद अमेरिका और जर्मनी ने यूक्रेन की मदद के लिए उसे शक्तिशाली टैंक देने की घोषणा की है। इसके अलावा अन्य पश्चिमी देशों ने कहा कि वे भी यूक्रेन को शक्तिशाली टैंक की आपूर्ति करेंगे।

## पश्चिमी तट हमले के बाद इजराइल-फलस्तीन में तनातनी बढ़ी

**यरुशलम (एपी)।** इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने शुक्रवार को संकेत दिया कि यदि फलस्तीनी आतंकवादी समूहों ने रॉकेट हमलों को रोक दिया तो सेना अपने हवाई हमले बंद कर देगी। दोनों पक्षों के आक्रामक तेवरों को देखते हुए स्थिति के और बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। बीती रात गाजा क्षेत्र में फलस्तीनी लड़ाकों द्वारा रॉकेट हमलों और इजराइल की तरफ से जवाबी हवाई हमलों के बाद यरूशलम में शुक्रवार की सुबह लोग इस आशंका से सहमे दिखाई दिए कि अब आगे क्या होगा। इजराइली रक्षा मंत्री ने सेना को गाजा पट्टी में यदि आवश्यक हो तो नए हमलों की तैयारी करने का निर्देश दिया। बमबारी दरअसल संघर्ष के केंद्र रहे जेनिन शरणार्थी शिविर पर एक इजराइली छापे के बाद की गई। शरणार्थी शिविर पर छापेमारी के दौरान गोलियां चलाई गईं जिसमें कम से कम सात आतंकवादी और 61 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई थी। इससे अन्य स्थानों पर हिंसा भड़क गई और यरुशलम के उत्तर में इस दौरान इजराइली बलों के हाथों 22 वर्षीय एक युवक मारा गया। यह हाल के दशक में हुए सबसे भीषण संघर्षों में से एक है।

## सोमालिया में अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट के कुख्यात सदस्य को मार गिराया

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी विशेष अभियान के बलों ने उत्तरी सोमालिया में इस्लामिक स्टेट संगठन के एक कुख्यात सदस्य और 10 अन्य आतंकवादियों को मार गिराया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने यह घोषणा की है। अमेरिका के विदेश मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में बताया कि पहाड़ी इलाके में बुधवार को चलाए गए अभियान में बिलाल अल-सुदानी को निशाना बनाया गया, जो वैश्विक आतंकवादी संगठन को वित्तीय मदद मुहैया कराता था। बयान के अनुसार, यह कार्वाई अमेरिका और उसके भागीदारों को अधिक सुरक्षित बनाती है और यह अमेरिकियों को देश तथा विदेश में आतंकवाद के खतरे से बचाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राष्ट्रपति बाइडन को पिछले सप्ताह प्रस्तावित अभियान के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसकी तैयारी कई महीनों से की जा रही थी। बाइडन प्रशासन के दो अधिकारियों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि उन्होंने (बाइडन ने) ऑस्टिन और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले की सिफारिश के बाद इस सप्ताह अभियान को अंजाम देने की अंतिम मंजूरी दी। ऑस्टिन ने बताया कि अल-सुदानी कई वर्षों से अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के रडार पर था।

## सिंगापुरः रिश्वत लेने पर दो भारतीय श्रमिकों पर जुर्माना लगाया गया

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भोजन वितरण कंपनी में 2020 में कार्य करने के दौरान रिश्वत लेने को लेकर एक स्थानीय अदालत ने दो भारतीय कर्मचारियों पर 24,000 सिंगापुरी डॉलर का जुर्माना लगाया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने बृहस्पतिवार को अपनी खबर में कहा कि भोजन वितरण कंपनी सोन्नामेरा के पूर्व कर्मचारियों महेश्वरम एम. रत्नीस्वापति (27) और रेनीता मुरलीधरन (31) को रिश्वत लेने के तीन आरोपों में दोषी करार दिया गया है। महेश्वरम एक गोदाम में सुपरवाइजर था। उसने मानव संसाधन अनुबंध सेवा कंपनी इंस्पीरो की निदेशक हेमा सुतन नायर अच्युतननायर से करीब 6,800 सिंगापुरी डॉलर की रिश्वत ली थी।

## मोदी ने महिलाओं के विकास को अपनी सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल कियाः स्मृति ईरानी

भाषा। वाशिंगटन

**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत और अमेरिका की प्रतिष्ठित महिला नेताओं के एक समूह से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के विकास को अपनी सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल किया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने यहां महिला आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहले यूएस-इंडिया एलायंस शैटर समिट को ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बयान दिया।

ईरानी ने कहा, हम सभी के पास जश्न मनाने की वजह है क्योंकि भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को मुख्य एजेंडे में से एक बनाया है और यह केवल नाम के लिए नहीं है। विदेश मंत्रालय के फॉगी बॉटम मुख्यालय में आयोजित शिखर सम्मेलन में अपने भाषण में ईरानी ने देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया। ईरानी ने शिखर सम्मेलन में कहा, एक भारतीय महिला होने के नाते मैं गर्व से कह सकती हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने शासन में महिलाओं संबंधी मुद्दों को केंद्र में रखा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की वरिष्ठ सलाहकार नीरा टंडन ने कहा कि बाइडन और हैरिस प्रशासन के लिए महिलाओं का आर्थिक सशक्तीकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं। टंडन ने कहा, बाइडन-हैरिस प्रशासन के लिए महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा, हमें पता है कि महिलाओं को उनकी पूरी क्षमताओं के साथ काम करने का मौका देने से कैसे आर्थिक स्थिरता, आर्थिक गतिशीलता हासिल की जा सकती है।

### अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है भारतः बाइडन प्रशासन

**वाशिंगटन (भाषा)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन सहित शीर्ष अमेरिकी नेतृत्व के साथ बातचीत के लिए एक महत्वपूर्ण दौरे पर वाशिंगटन पहुंचने से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने कहा कि भारत, अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने डोभाल की अगले हफ्ते होने वाली वाशिंगटन यात्रा के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बृहस्पतिवार को पत्रकारों से कहा, भारत कई क्षेत्रों में अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है जिनमें व्यापार क्षेत्र भी शामिल है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से इसमें सुरक्षा सहयोग भी शामिल है। इसमें तकनीकी सहयोग भी शामिल है। पटेल ने कहा कि वह आगामी बैठकों के मद्देनजर इस पर अधिक जानकारी नहीं देना चाहेंगे। उन्होंने कहा, यह (भारत-अमेरिका संबंध) हमारे लिए निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने अभी तक डोभाल की वाशिंगटन यात्रा की घोषणा नहीं की है। पिछले दिनों भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिश्री वाशिंगटन में थे और उन्होंने बाइडन प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की थी।

## भारतीय मां-बेटी की बनाई रंगोली को सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में मिली जगह

**सिंगापुर( भाषा )।** सिंगापुर में 26 हजार आइस्क्रीम स्टिक से प्रख्यात तमिल विद्वानों और कवियों की छह मीटर लंबी और इतनी ही चौड़ी रंगोली बनाने के लिए एक भारतीय महिला और उसकी बेटी का नाम सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। सुधा रवि इससे पहले 2016 में 3,200 वर्ग फुट लंबी रंगोली बनाकर सिंगापुर बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने में सफल रही थीं। उन्होंने अपनी बेटी रक्षिता के साथ मिलकर यहां लिटिल इंडिया परिसर में पोंगल के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 26 हजार आइसक्रीम स्टिक से बनी रंगोली प्रदर्शित की। इस रंगोली को बनाने में एक महीने का समय लगा था। रंगोली में तमिल भाषा के प्रख्यात कवियों और विद्वानों को दर्शाया गया है।

# उत्तर कोरिया को मानवीय सहायता उपलब्ध कराएगा दक्षिण कोरिया

एपी। सियोल

**दक्षिण** कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बढ़ती परमाणु महत्वाकांक्षाओं से गहराए राजनयिक संकट को दूर करने की उम्मीद में उत्तर कोरिया को मानवीय सहायता प्रदान करने के नागरिक प्रयासों को बढ़ावा देगी। दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्री क्वॉन यंग्से ने यह नहीं बताया कि वह किस प्रकार की सहायता को विश्वासयोग्य मानते है या क्या उन आदान-प्रदानों से सार्थक कूटनीतिक सफलताओं को प्रेरित करने की अपेक्षा करना यथार्थवादी है। उत्तर कोरिया ने 2019 में अमेरिका के साथ अपनी परमाणु वार्ता के टूटने के बाद से प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया के साथ लगभग सभी सहयोग को निलंबित कर दिया है। अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रतिबंधों को जारी रखने और (उत्तर कोरिया के) परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रम को कम करने के कदमों पर असहमति को लेकर यह परमाणु वार्ता टूट गई थी। किम ने 2022 में 70 से ज्यादा मिसाइल परीक्षण कर तनाव को और बढ़ा दिया था। इन मिसाइलों में संभावित रूप से परमाणु हथियार ले जाने की भी क्षमता है। इनकी मार करने की क्षमता दक्षिण कोरिया से लेकर अमेरिकी महाद्वीप तक है। किम ने कहा था कि संकट की स्थिति में उत्तर कोरिया अमेरिका व दक्षिण कोरिया के खिलाफ पूर्व निर्धारित परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा। वहीं इसके उलट दोनों देशों ने उत्तर कोरियाई धमकी के जबाव में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया। क्वॉन का संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को 2023 के लिए मंत्रालय की नीति योजनाओं पर पत्रकारों को संबोधित करने के लिए था। लेकिन बातचीत को पुनर्जीवित करने के लिए नए विचारों की कमी ने इस बात को रेखांकित किया कि कैसे कोरियाई प्रायद्वीप पर बढ़ते तनाव ने उत्तर के साथ संबंधों को सुधारने और अंततः शांतिपूर्ण एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक मंत्रालय को दरकिनार कर दिया है। क्वॉन ने कहा, दक्षिण-उत्तर के कड़े तनावपूर्ण संबंधों के बीच बातचीत के रास्ते को फिर से खोलने और दक्षिण व उत्तर के बीच विश्वास बहाली के लिए हम उत्तर कोरिया के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के नागरिक संगठनों के प्रयासों का समर्थन करेंगे भले ही यह थोड़ा-थोड़ा हो।

# पाकिस्तान में विपक्ष के नेता फवाद चौधरी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी को यहां की एक अदालत ने एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ हिंसा को उकसावा देने के आरोप में शुक्रवार को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी सहयोगी फवाद को बुधवार को लाहौर में उनके आवास पर मारे गए छापे के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सचिव की शिकायत पर इस्लामाबाद के कोहसर पुलिस थाने में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किए जाने के बाद यह कार्वाई की गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद जिला एवं सत्र अदालत ने फवाद (52) को एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ हिंसा को उकसावा देने के आरोप में 14 दिनों के लिए अडियाला जेल भेज दिया। अदालत ने फवाद की गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद बुधवार रात उन्हें दो दिनों के लिए पुलिस की रिमांड में भेज दिया था। आयोग के वकील एवं मामले में अभियोजक साद हसन ने संघीय अदालत के समक्ष दलील दी कि उन्होंने एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ नफरत को उकसावा दिया था। उन्होंने दावा किया, फवाद अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके बयान ने निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों की जान को खतरा पैदा किया है।

आयोग के वकील ने दलील दी कि मामले की आगे की जांच के लिए फवाद की रिमांड बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, न सिर्फ निर्वाचन आयोग के खिलाफ, बल्कि आयोग के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। इस बीच, फवाद ने इस आधार पर अपनी जमानत की अर्जी दायर की है कि उनके खिलाफ मामला दुर्भावनापूर्ण है और यह सिर्फ उन्हें प्रताड़ित करने, दबाव बनाने और ब्लैकमेल करने के लिए दर्ज किया गया है। फवाद की गिरफ्तारी ने पाकिस्तान में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है, जहां खान नीत विपक्षी पार्टी चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। पाकिस्तान में आम चुनाव अगस्त के बाद होने हैं, जबकि खान इससे पहले कराने की मांग कर रहे हैं।

# चीन के साथ पूर्वी सीमा पर हालात स्थिर

## लेकिन सीमा अपरिभाषित होने के चलते पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता : जीओसी-इन-सी कालिता

**भाषा।** कोलकाता

**पूर्वी** कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता ने कहा कि चीन के साथ पूर्वी सीमा पर हालात "स्थिर" हैं, लेकिन सीमा के बारे में अपरिभाषित धारणाओं के कारण उसको लेकर पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की निगरानी का जिम्मा पूर्वी कमान पर है। लेफ्टिनेंट जनरल कालिता ने यह भी कहा कि सेना सीमा पार गतिविधियों की लगातार निगरानी कर रही है और किसी भी उभरती चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने कहा, पूरी समस्या इस तथ्य से उत्पन्न होती है कि भारत और चीन की सीमा अपरिभाषित है। वास्तविक नियंत्रण रेखा के बारे में अलग-अलग धारणाएं हैं, जिनसे समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने कहा, "हालांकि, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन उसको लेकर पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता है और इसका कारण सीमाओं का निर्धारण नहीं होना है" लेफ्टिनेंट जनरल कालिता प्रेस क्लब (कोलकाता) में मीट द प्रेस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद भारत व चीन के बीच तनाव बढ़ गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 दिसंबर को संसद में कहा था कि चीनी सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया, जिसका भारतीय जवानों ने दृढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर कर दिया। पूर्वी कमान के प्रमुख कहा, "हमने उन खबरों को पढ़ा है, जिसमें कहा गया है कि हमारे सेक्टर के सामने (चीन द्वारा) सैनिकों की तैनाती में वृद्धि की गई है..." लेफ्टिनेंट जनरल कालिता प्रेस क्लब (कोलकाता) में मीट द प्रेस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प के बाद भारत व चीन के बीच तनाव बढ़ गया। उन्होंने कहा कि एलएसी पर भारतीय सेना की तैयारी का स्तर "उच्च स्तर पर" बना हुआ है, और किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रत्एक सेक्टर में पर्याप्त बल हैं।

## अभियान को अंजाम देते समय सबूत के बारे में नहीं सोचती सेना

**कोलकाता।** पाकिस्तान में 2016 में किए गए सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत की कुछ विपक्षी नेताओं की मांग के बीच थलसेना की पूर्वी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी अभियान को अंजाम देते समय सेना कभी भी कोई सबूत रखने के बारे में नहीं सोचती। सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत की मांग कर रहे कुछ विपक्षी नेताओं की हाल की मांगों पर यहां पत्रकारों के एक राजनीतिक सवाल का जवाब देने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि देश भारतीय बलों पर भरोसा करता है। प्रेस क्लब, कोलकाता में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक सवाल है। इसलिए मैं इस पर टिप्पणी करना पसंद नहीं करता। मुझे लगता है कि देश भारतीय सशस्त्र बलों पर भरोसा करता है।यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान के दौरान सेना कोई सबूत रखती है, उन्होंने न में जवाब दिया। उन्होंने कहा, जब हम कोई अभियान करने जाते हैं, तो हम उस अभियान का कोई सबूत नहीं रखते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने हाल में जम्मू में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सीमा पार सैन्य अभियान पर संदेह व्यक्त किया था। वे (केंद्र) सर्जिकल स्ट्राइक और कई लोगों को मारने की बात करते हैं, लेकिन इसका कोई सबूत नहीं है।

# मेघालय में विधानसभा चुनावः राज्य में भाजपा के लिए प्रचार करेंगे मोदी

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेघालय में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए फरवरी के दूसरे सप्ताह में पूर्वोत्तर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करेंगे। यह जानकारी मेघालय की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने शुक्रवार को दी। मावरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और नितिन गडकरी राज्य में 27 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए भाजपा के 20 स्टार प्रचारकों में शामिल होंगे। मावरी ने कहा कि भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी राज्य में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के दौरे की तारीख अभी तय नहीं हुई है। हालांकि 10 फरवरी के बाद, हो सकता है कि 11-12 को प्रधानमंत्री राज्य के सभी खासी, जयंतिया और गारो पहाड़ी क्षेत्रों में कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

भाजपा की नजर 60 सदस्ईय सदन में अपनी सीटों की संख्या को बढ़ाने पर है जो वर्तमान में केवल दो है ताकि वह राज्य में अगली सरकार का नेतृत्व कर सके। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भाजपा फरवरी में अपने उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करेगी। उन्होंने प्रदेश चुनाव समिति की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, हमने आज सूची तैयार की है और हम इसे दिल्ली भेजने जा रहे हैं। हम दो फरवरी तक उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर सकते हैं। मावरी के मुताबिक, पार्टी करीब 10 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। आगामी चुनाव में पार्टी को पिछली बार से ज्यादा सीटें मिलने का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा, पिछली बार हमने 25 सीटों पर जीत का अनुमान लगाया था। इस बार हमने 35 सीटों का अनुमान लगाया है और हम अधिक सीटें जीतने की उम्मीद करते हैं ताकि हम सरकार का नेतृत्व कर सकें।

मावरी ने कहा, हम किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की योजना नहीं बना रहे हैं। हमें समान विचारधारा वाले दलों का पता लगाने के लिए नतीजों का इंतजार करना चाहिए जो भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के हमारे एजेंडे का पालन करने के इच्छुक हों। भाजपा राज्य में मुख्यमंत्री कोनराड पी संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी के नेतृत्व वाले मौजूदा सत्तारूढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस की एक सहयोगी है। मावरी ने कहा कि पार्टी अपने घोषणापत्र में विकास पर ध्यान देगी। उन्होंने कहा, सड़कों (मेघालय में) के मामले में हमारे पास अच्छा बुनियादी ढांचा नहीं है। लोग हमेशा यातायात जाम की शिकायत करते हैं। हमारे पास मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं हैं।

# ओछी राजनीति कर रहे हैं राहुलः भाजपा

**नई दिल्ली।** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा प्रबंध ध्वस्त हो जाने के आरोपों को अनर्गल करार दिया और दावा किया कि यात्रा को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए वह ओछी और घटिया राजनीति कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि सुरक्षा की दृष्टि से वहां कोई कमी नहीं थी।इससे पहले, राहुल गांधी ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पुलिस का सुरक्षा प्रबंध ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद अपने सुरक्षाकर्मियों की सलाह पर उन्होंने आज की यात्रा रद्द कर दी।

कांग्रेस नेता ने जम्मू क्षेत्र के बनिहाल से यात्रा की शुरुआत की और वह एक बुलेटप्रूफ वाहन में जवाहर सुरंग पार करके घाटी के काजीगुंड इलाके में दाखिल हुए, लेकिन इसके बाद 500 मीटर भी नहीं चल सके। उनसे उनके सुरक्षाकर्मियों ने यात्रा रोकने के लिए कहा, क्योंकि भारी भीड़ को संभालने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। राहुल गांधी को आज वेसू इलाके तक 11 किलोमीटर की पदयात्रा करनी थी और फिर उन्हें अनंतनाग में खानबल डाक बंगला में रात्रि विश्राम करना था। भाटिया ने कहा, राहुल गांधी की आदत अनर्गल आरोप लगाने की बन गई है। जो आरोप उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों और कश्मीर पुलिस पर लगाए हैं, वह सारे अनर्गल हैं। इससे प्रतीत होता है कि ओछी और घटिया राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस द्वारा दिए गए ऐसे बयान से स्पष्ट हो जाता है कि उनकी यात्रा सुर्खियों में बनी रहे, इसलिए पर्याप्त सुरक्षा ना होने के जगह-जगह आरोप लगाए जा रहे हैं।



नई दिल्ली के विजय चौक पर शुक्रवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के रिहर्सल के दौरान ऊंट पर सवार सीमा सुरक्षा बल के जवान

# बहिष्कार संस्कृति से माहौल खराब होता हैः अनुराग ठाकुर

**मुंबई।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कुछ फिल्मों को निशाना बनाने वाली बहिष्कार संस्कृति की निंदा की और कहा कि ऐसे समय में ऐसी घटनाएं माहौल को खराब करती हैं, जब भारत एक सॉफ्ट पावर के रूप में अपना प्रभाव बढ़ाने को उत्सुक है। ठाकुर ने कहा कि अगर किसी को किसी फिल्म से कोई दिक्कत है तो उसे संबंधित सरकारी विभाग से बात करनी चाहिए जो मुद्दे को फिल्म निर्माताओं के साथ उठा सकता है। विभिन्न समूहों द्वारा फिल्मों के बहिष्कार के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऐसे समय में जब भारत एक सॉफ्ट पावर के रूप में अपना प्रभाव बढ़ाने को उत्सुक है, ऐसे समय में जब भारतीय फिल्में दुनिया के हर कोने में धूम मचा रही हैं, इस तरह की बातें माहौल को खराब करती हैं।

मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब बुधवार को रिलीज हुई शाहरुख खान अभिनीत फिल्म पठान को उसके एक गाने को लेकर बहिष्कार का आह्वान किया जा रहा है। अतीत में, अभिनेता अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज, आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा और दीपिका पादुकोण की पद्मावत को बहिष्कार के आह्वान का सामना करना पड़ा है। ठाकुर ने कहा, यदि किसी को (फिल्म को लेकर) कोई दिक्कत है, तो उन्हें संबंधित विभाग से बात करनी चाहिए, जो इसे निर्माता और निर्देशक के समक्ष उठाएगा। कभी-कभी माहौल खराब करने के लिए कुछ लोग पूरी तरह जानने से पहले ही उस पर टिप्पणी कर देते हैं। इससे दिक्कत होती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ठाकुर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फिल्म महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए मुंबई में हैं, जिसमें आठ यूरेशियाई देशों के क्षेत्रीय समूह से 58 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। एससीओ पर्यवेक्षक देशों और संवाद साझेदारों ने फिल्म महोत्सव के गैर-प्रतिस्पर्धा वर्ग में प्रविष्टियां भेजी हैं।

## सोनिया गांधी की ओर से अजमेर स्थित दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाई गई

**जयपुर।** ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स के मुबारक मौके पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से शुक्रवार को अजमेर स्थित उनकी दरगाह पर चादर चढ़ाई गई और राष्ट्रीय एकता, अमन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सोनिया गांधी की ओर से चादर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमेन एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चढ़ाई एवं अकीदत के फूल पेश कर देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। मंत्री सालेह मोहम्मद, रामलाल जाट, प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं विधायक हाकम अली, वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानू खां बुधवाली, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने बजट सत्र में चीन पर चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि हाल ही में संपन्न पुलिस महानिदेशकों/ महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत दस्तावेज में चीन की गतिविधियों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की उदासीनता को उजागर किया गया है। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि संसद के आगामी बजट सत्र में चीन के साथ सीमा पर तनाव को लेकर चर्चा होनी चाहिए। देश सेना के जवानों के बलिदान को सलामी देता है, लेकिन मोदी सरकार की चीन को क्लीन चिट देश के हिस्से की सलामी स्लाइसिंग करवाती हैउ

चीन को प्रधानमंत्री मोदी की बेदाग़ क्लीन चिट के झूठ का पर्दाफ़ाश पुलिस मीट सिक्योरिटी रिसर्च पेपर की कड़वी सच्चाई ने कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी सरकार द्वारा चीन के अवैध कब्जे और सैन्य निर्माण से लगातार इनकार ने चीन का हौसला बढ़ाया है और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा व भूभागीय अखंडता से समझौता किया हैउ चीन के साथ सीमा पर जो रहा है, उसके प्रति मोदी सरकार की पूर्ण उदासीनता के सच को भी इस दस्तावेज ने उजागर किया है। सवाल किया, 17 चरणों की सैन्य स्तर की वार्ता के बाद, मोदी सरकार ने 3 साल बाद फिर से यथास्थिति सुनिश्चित क्यों नहीं की? क्या मोदी सरकार देश को बताएगी कि उसने भारत के अधिकारिक भूभागों को चीन के हवाले क्यों कर दिया है? खेड़ा ने यह भी पूछा, मोदी सरकार ने इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने की हमारी मांग पर ध्यान नहीं दिया, क्या मोदी सरकार देश को अंधेरे में रखेगी या देश को चीन के अवैध कब्जे की सच्चाई बताएगी? हम संसद के आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा की मांग करते हैं। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता दांव पर है और इसे बनाए रखने के लिए हमें मिलकर हर संभव प्रयास करना चाहिए।

## सांस्कृतिक सहयोग को लेकर भारत-मिस्र के बीच पांच साल के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर : संस्कृति मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत और मिस्र के बीच सांस्कृतिक सहयोग को लेकर हुए समझौते के तहत दोनों देशों में संगीत, नृत्य, रंगमंच, पुस्तकालय और शोध एवं प्रलेखन संबंधी कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि निरंतर सांस्कृतिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर पांच साल की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। एमओयू पर 25 जनवरी को केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी और मिस्र के विदेश मंत्री सामेह हसन शौकरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल-सीसी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए और इसका आदान-प्रदान किया। दोनों देश संगीत, नृत्य, रंगमंच, साहित्य, पुस्तकालय, संबंधित देशों में त्योहारों के आयोजन और अनुसंधान एवं प्रलेखन आदि के क्षेत्र में आने वाले समय में होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हैं।

# ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग और अन्य नेता चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस में शामिल

**हैदराबाद।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग और कई अन्य नेता शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की उपस्थिति में उनकी पार्टी में शामिल हो गए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री राव ने नेताओं को गुलाबी कपड़ा ओढ़ाकर उनका पार्टी में औपचारिक स्वागत किया। गमांग और उनके बेटे शिशिर ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफे की घोषणा की थी। राव ने इस अवसर पर कहा कि भारत के भविष्य और दर्शन को बदलने के लिए बीआरएस का गठन किया गया और इस दिशा में ओडिशा के अनेक नेता शामिल हुए हैं। केसीआर के अनुसार, सरकारों और नेताओं के बदलने के बावजूद जनता का वही हाल रहता है, क्योंकि राजनीतिक दल हमेशा चुनाव जीतने पर ध्यान देते हैं, वहीं जनता हार रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है, लेकिन विकास की कहानी अन्य देशों से अलग है। उन्होंने कहा कि चीन और अमेरिका से अधिक संसाधन होने के बाद भी देश के युवा अपने सपनों को साकार करने के लिए अन्य देशों में जाना चाहते हैं।

केंद्र के अब वापस लिए जा चुके विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन को याद करते हुए राव ने कहा कि शासकों ने गरीब जनता और किसानों का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा, इसलिए मैं कहता हूं कि अब की बार किसान की सरकार। कई नेता सांसद और विधायक बन गए, लेकिन इस बार (2024 के आम चुनाव में) केवल किसानों को विधायक और सांसद बनना चाहिए। राव ने कहा कि बीआरएस भारतीय राजनीति में बदलाव लाएगी और चुनावों में जनता को जीत दिलाएगी।

## क्विक न्यूज

### त्रिपुरा से माकपा विधायक मोबोशर अली भाजपा में शामिल हुए

**नई दिल्ली।** माकपा के त्रिपुरा के विधायक मोबोशर अली शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। अली के अलावा तृणमूल कांग्रेस के नेता व कांग्रेस के पूर्व विधायक सुबल भौमिक ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इन दोनों नेताओं ने भाजपा के त्रिपुरा प्रभारी महेश शर्मा, पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए भाजपा के समन्वयक संबित पात्रा, पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और त्रिपुरा में भाजपा के अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अली राज्य के उनाकोटी जिले के कैलाशहर से माकपा के वर्तमान विधायक हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि दोनों नेताओं के भाजपा में शामिल होने से राज्य में भाजपा का संगठन मजबूत होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। दोनों नेता भाजपा में ऐसे दिन शामिल हुए हैं जब त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। त्रिपुरा की 60 सदस्ईय विधानसभा के लिए 16 फरवरी को मतदान होना है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। मतों की गिनती दो मार्च को होगी। भाजपा ने 2018 में माकपा के 20 साल के शासन को समाप्त करते हुए त्रिपुरा में पहली बार अपनी सरकार बनाई थी।

### शोपियां में पूर्व मंत्री का वाणिज्यिक परिसर ध्वस्त किया गया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को शोपियां जिले में एक पूर्व मंत्री के वाणिज्यिक ढांचे को ध्वस्त कर दिया। शोपियां जिला प्रशासन ने कहा कि अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत 17 हेक्टेयर भूमि को प्रभावशाली अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है। प्रशासन की ओर से ट्वीट किया गया, सरकारी भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए हमारे अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत एक पूर्व समाज कल्याण मंत्री से संबंधित एक वाणिज्यिक ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हमारे नवीनतम अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत प्रभावशाली अतिक्रमणकारियों से 343 कनाल और 4 मरला सरकारी भूमि को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया है। हमारी सार्वजनिक भूमि को पुनः हासिल करने और उसकी रक्षा करने का अभियान जारी रहेगा। बुधवार को प्रशासन ने अभियान के तहत श्रीनगर हवाई अड्डे के पास पूर्व मंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अली मोहम्मद सागर के आवासीय घर की बाहरी दीवार को गिरा दिया।

### देश के 53 टाईगर रिजर्व में 2,967 बाघ हैं : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि 2018 की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 53 टाईगर रिजर्व मे 2,967 बाघ है। शीर्ष न्यायालय अधिवक्ता अनुपम त्रिपाठी द्वारा 2017 मे दायर की गई एक याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका मे विलुप्तप्राय बाघो को बचाने का अनुरोध किया गया है, जिनकी संख्या देश मे घटती जा रही है। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ को बताया कि बाघो के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए काफी कार्य किया गया है। शीर्ष न्यायालय ने इस दलील का संज्ञान लिया और विषय को मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया क्योंकि त्रिपाठी न्यायालय मे उपस्थित नही थे। पीठ ने कहा, एएसजी ऐश्वर्या भाटी की दलील सुनी। 2018 की गणना के मुताबिक, भारत के 53 टाईगर रिजर्व में 2,967 बाघ है। यह संख्या इस वन्य जीव की वैश्विक आबादी का 70 प्रतिशत है और ए आंकड़े बाघो की संख्या बढ़ने की ओर इशारा करते है। न्याय के हित मे, याचिकाकर्ता को अवसर देने के लिए, सुनवाई तीन मार्च के लिए सूचीबद्ध की जाए।

### मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलान को शुक्रवार को एक पत्र के जरिए जान से मारने की धमकी मिली। यह पत्र उपनगरीय बांद्रा इलाके में स्थित शेलार के कार्यालय को प्राप्त हुआ। अभद्र और अमर्यादित भाषा मे लिए गए इस पत्र को किसी अज्ञात व्यक्ति ने भेजा है। अधिकारी ने कह कि पत्र मे भाजपा विधायक को शांत रहने और ज्यादा नही बोलने के लिए कहा गया है और ऐसा नही करने पर उन्हें और उनके परिवार को खामियाजा भुगतने की धमकी दी गई है। अधिकारी ने कहा कि बांद्रा पुलिस थाने मे आपराधिक धमकी और अन्य अपराधो के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### हेमंत सोरेन माओवादियों के गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ का दौरा करने वाले झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने

**बूढ़ा पहाड़ (झारखंड)।** हेमंत सोरेन कभी माओवादियों के गढ़ रहे बूढ़ा पहाड़ का दौरा करने वाले झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बन गए है। उन्होने वहां 100 करोड़ रुपए की विकास परियोजना की शुरुआत भी की। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ की सीमा से सटा यह क्षेत्र तीन दशक तक माओवादियों का गढ़ रहा और सुरक्षाबलों ने इसे उनके नियंत्रण से मुक्त कराया। सोरेन दोपहर के समय इस पहाड़ी पर पहुंचे जहां सीआरपीएफ ने अब अपना शिविर स्थापित कर लिया है।

# लोस चुनाव के लिए समान विचारधारा वाले दलों की बैठक की प्रतीक्षाः नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूरी हो जाने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समान विचारधारा वाले दलों की बैठक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जनता दल (यूनाइटेड) नेता ने कहा कि वह यात्रा को कांग्रेस के निजी (आंतरिक) कार्यक्रम के रूप में देखते हैं, लेकिन महागठबंधन के सभी सात घटक लोकसभा में सहयोग के लिए तत्पर हैं। बिहार की नीतीश सरकार में कांग्रेस कनिष्ठ सहयोगी के रूप में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जद (यू) अपने संसदीय बोर्ड के नाराज प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा पर कार्वाई नहीं करना चाहेगा। उन्होंने पार्टी के "कमजोर" होने के दावे को खारिज कर दिया। कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, "मैं यात्रा के खत्म होने और (भाजपा के विरोध में) विभिन्न दलों की बैठक बुलाने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। वहां हम लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाएंगे, जो अब ज्यादा दूर नहीं है।?

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के पूर्व सहयोगी रहे नीतीश कुमार अपनी पार्टी को विभाजित करने के कथित प्रयासों के बाद पिछले साल अगस्त में एनडीए से अचानक बाहर आ गए था, जबकि भाजपा ने आरोप लगाया था कि कुमार अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोगों के जनादेश को धोखा दे रहे हैं। कुशवाहा के बारे में पूछे जाने पर जद (यू) नेता ने कहा, "वह (कुशवाहा) जानते थे कि हमने विधानसभा चुनावों में केवल 43 सीटें जीती हैं। अगर चीजें उन्हें इतनी निराशाजनक लग रही थीं, तो उन्हें वापस नहीं आना चाहिए था। उन्हें याद रखना चाहिए कि पार्टी में उनकी वापसी फलदाई रही, क्योंकि कई लोग उन्हें वापस लेने के पक्ष में नहीं थे।

# अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच करें रिजर्व बैंक और सेबीः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से अडाणी समूह पर लगाए गए आरोपों की जांच भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी को करनी चाहिए, क्योंकि भारत की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा इन संस्थानों की जिम्मेदारी है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि इस कारोबारी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच नजदीकी रिश्ते हैं और इस समूह को इसका फायदा हुआ है। उन्होंने एक बयान में कहा, सामान्य परिस्थितियों में एक राजनीतिक दल को किसी निजी कंपनी अथवा व्यापारिक समूह पर हेज फंड द्वारा तैयार की गई किसी शोध रिपोर्ट पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए, परंतु हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा अडानी समूह के संबंध में किए गए फॉरेंसिक विश्लेषण पर कांग्रेस पार्टी द्वारा अपनी प्रतिक्रिया देना बनता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अडाणी समूह के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सर्वविदित रिश्ते तब से हैं, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे।

रमेश का कहना है, इसके अतिरिक्त वित्तीय प्रणाली का स्तंभ माने जाने वाले भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जैसे वित्तीय संस्थानों के अडाणी समूह के साथ उच्चतम स्तर के जोखिमपूर्ण लेन-देन का वित्तीय स्थिरता और करोड़ों भारतीयों की बचत राशि पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा, यहां पर यह बात भी उल्लेखनीय रूप से ध्यान देने योग्य है कि पूर्व में प्रस्तुत रिपोर्ट में भी अडाणी समूह को "क्षमता से अधिक ऋण उठाने वाले समूहै के रूप में दर्शाया गया है। इन सभी आरोपों की भारतीय रिजर्व, बैंक सेबी जैसी भारतीय वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार संस्थाओं द्वारा गहन जांच किए जाने की आवश्यकता है।

रमेश ने दावा किया, वित्तीय गड़बड़ी के आरोप तो अत्यंत गंभीर हैं ही, लेकिन इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि मोदी सरकार ने एलआईसी, एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों जैसी अति महत्वपूर्ण संस्थाओं द्वारा अडाणी समूह में किए गए अंधाधुंध निवेश के माध्यम से भारत की वित्तीय प्रणाली गंभीर प्रणालीगत संकट में पड़ सकती है। उन्होंने कहा, इन संस्थानों ने अडाणी समूह को कुछ ज्यादा ही वित्त पोषित किया है, जबकि निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस और कर्ज से जुड़ी चिंताओं के कारण अडाणी समूह में निवेश करने से परहेज़ किया। एलआईसी प्रबंधन के 8 प्रतिशत शेयर यानि 74,000 करोड़ रुपए की विशाल राशि का निवेश अडाणी समूह की कंपनियों में किया गया है, जो इसकी दूसरी सबसे बड़ी होल्डिंग है।

रमेश के मुताबिक, सरकारी बैंकों ने अडाणी समूह को निजी बैंकों की तुलना में दोगुना ऋण दिया है, जिसमें 40 प्रतिशत ऋण अकेले एसबीआई द्वारा दिया गया है। इस गैर जिम्मेदाराना रवैए ने एलआईसी और एसबीआई में अपनी बचत राशि डालने वाले करोड़ों भारतीयों को गंभीर वित्तीय जोखिम में डाल दिया है।

उन्होंने सवाल किया, मोदी सरकार सेंसरशिप लगाने का प्रयास कर सकती है, लेकिन भारतीय व्यवसायों और वित्तीय बाजारों के वैश्वीकरण के युग में क्या कॉरपोरेट कुशासन की ओर ध्यान आकर्षित करवाने वाली हिंडनबर्ग जैसी रिपोर्ट को आसानी से दरकिनार किया जा सकता है और उन्हें केवल "दुर्भावनापूर्ण" कहकर ख़ारिज किया जा सकता है? अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह पर कई आरोप लगाए हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह पर खुले तौर पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। आरोप के बाद विविध कारोबार से जुड़े अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट आई।

# श्रृंखला के पहले टी20 में न्यूजीलैंड से हारा भारत

**भाषा।** रांची



**डेरिल** मिचेल और डेवोन कॉनवे की अर्धशतकीय पारियों के बाद कप्तान मिचेल सैंटनर की शानदार गेंदबाजी (चार ओवर में 11 रन पर दो विकेट) से न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 21 रन से हराया।

मिचेल ने 30 गेंद की नाबाद पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए जिसमें उन्होंने आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह (51 रन पर एक विकेट के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ने के बाद चौका लगाया। न्यूजीलैंड ने इस ओवर से 27 रन बटोरे। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 176 रन बनाने के बाद भारत को नौ विकेट पर 155 रन पर रोक दिया। एकदिवसीय श्रृंखला के तीसरे मैच में 138 रन की पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज कॉनवे ने शानदार लय जारी रखते हुए 35 गेंद में सात चौके और एक छक्का की मदद से 52 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए सैंटनर के अलावा माइकल ब्रेसवेल और लॉकी फर्ग्यूसन ने भी दो विकेट लिए। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 28 गेंद में 50 रन बनाए जबकि सूर्यकुमार यादव ने 34 गेंद की पारी में छह चौके और दो छक्को से 47 रन बनाए। सुंदर ने अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़े। उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए चार ओवर में चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही। टीम ने चौथे ओवर में 15 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इशान किशन (चार) को माइकल ब्रेसवेल ने दूसरे ओवर में बोल्ड कर दिया। अगले ओवर में जेकब डफी की गेंद राहुल त्रिपाठी (शून्य) के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर कॉनवे के दस्तानों में चली गई।

सूर्यकुमार यादव ने क्रीज पर आते ही इसी ओवर में चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर की पहली गेंद पर सैंटनर ने शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल (सात रन) की पारी को खत्म कर दिया। सूर्यकुमार यादव ने पांचवें ओवर में लॉकी फर्ग्यूसन के खिलाफ पारी का पहला छक्का और फिर चौका जड़ा। कप्तान सैंटनर ने छठा ओवर मेडन डाला जिससे छह ओवर के बाद भारत का स्कोर तीन विकेट पर 33 रन था। भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने माइकल ब्रेसवेल की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर आठवें ओवर में हाथ खोला। दूसरे छोर से सूर्यकुमार ने ईश सोढ़ी और ब्लेयर टिकनर के खिलाफ दो-दो चौके लगाए जिससे 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर तीन विकेट पर 74 रन हो गया। सैंटनर ने 11वें ओवर में सिर्फ एक रन दिए। सूर्यकुमार ने इसकी भरपाई के लिए अगले ओवर में सोढ़ी के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन एक और ऐसे प्रयास में ऐलन को कैच थमा बैठे। उन्होंने चौथे विकेट के लिए हार्दिक के साथ 68 रन की साझेदारी की। हार्दिक भी 13वें ओवर में ब्रेसवेल की गेंद पर उन्हीं को कैच देकर पवेलियन लैटे। उन्होंने 20 गेंद में 21 रन बनाए। दीपक हुड्डा (10) को सैंटनर ने स्टंप कराया जिसके बाद भारत की जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो गई। आखिरी ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन वह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थे। उन्होंने आखिरी ओवर में फर्ग्यूसन के खिलाफ छक्का लगाकर 25 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। इससे पहले टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद भारतीय गेंदबाज सही दिशा में गेंदबाजी करने में नाकाम रहे जिससे कॉनवे और फिल ऐलन (35) ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4.2 ओवर में 43 रन की साझेदारी कर डाली जिसमें ऐलन ज्यादा आक्रामक रहे। उन्होंने 23 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्का जड़ा। उन्होंने शुरुआती दो ओवरों में हार्दिक और अर्शदीप के खिलाफ चौके जड़े जिससे टीम का स्कोर दो ओवर में 23 रन हो गया। सुंदर के खिलाफ पांचवें ओवर की पहली गेंद पर ऐलन ने छक्का लगाया लेकिन फिर से ऐसा करने के चक्कर में सूर्यकुमार यादव को कैच थमा बैठे। अगली गेंद पर उन्होंने मार्क चैपमैन (शून्य) के विकेट के साथ मैच में भारत की वापसी कराई। कॉनवे ने हालांकि उमरान मलिक के खिलाफ दो चौके और छक्का लगाकर टीम से दबाव हटा दिया। न्यूजीलैंड की टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 79 रन बना लिए थे। कॉनवे ने इसके बाद कुलदीप यादव (20 रन पर एक विकेट) और दीपक हुड्डा के खिलाफ चौके जड़े जिससे न्यूजीलैंड ने 13वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। कुलदीप की गुगली को पढ़ने में हालांकि ग्लेन फिलिप्स नाकाम रहे और डीप मिडविकेट पर सूर्यकुमार यादव को कैच थमा बैठे। इसके बाद डेरिल मिचेल कॉनवे का साथ देने पहुंचे। उन्होंने पगबाधा और कैच की अंपायर के फैसले के खिलाफ समीक्षा पर बचने के बाद हार्दिक के खिलाफ दो छक्के जड़े। दूसरी ओर कॉनवे ने 16वें ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जल्द ही अर्शदीप की गेंद पर हुड्डा को कैच देकर पवेलियन लौट गए। इशान किशन ने इसके बाद माइकल ब्रेसवेल (एक रन) को रन आउट किया जबकि शिवम मावी (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर मिचेल सैंटनर ने राहुल त्रिपाठी को कैच थमा दिया। भारतीय टीम के लिए आखिरी ओवर महंगा रहा जिसमें अर्शदीप ने 27 रन खर्च किए।

# गत चैम्पियन बेल्जियम एफआईएच विश्व कप फाइनल में भिड़ेगी जर्मनी से

**भाषा।** भुवनेश्वर



**गत चैम्पियन** बेल्जियम शुक्रवार को यहां पिछले दो चरण की उप विजेता नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर एफआईएच पुरुष विश्व कप के फाइनल में पहुंची जिसमें रविवार को उसका सामना जर्मनी से होगा। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम और नीदरलैंड कलिंग स्टेडियम में सेमीफाइनल में नियमित समय में 2-2 की बराबरी पर रहीं जिससे फैसला शूटआउट से हुआ। उम्रदराज खिलाड़ियों की बेल्जियम को नीदरलैंड की युवा टीम ने कड़ी टक्कर दी लेकिन अनुभवी गत चैम्पियन शूटआउट में विजेता रही।

बेल्जियम में 11 खिलाड़ी 30 वर्ष से ज्यादा उम्र के हैं जबकि नीदरलैंड में आठ खिलाड़ी 25 साल के कम के हैं और दो खिलाड़ी ही 30 साल से ऊपर हैं। जर्मनी ने पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया।

शुक्रवार को अंतिम चार का मुकाबला 2018 का दोहराव रहा जिसमें बेल्जियम ने नीदरलैंड को इसी स्थल पर पेनल्टी शूटआउट में (3-2) हराया था जबकि दोनों टीमें नियमित समय में कोई गोल नहीं कर सकीं थीं। बेल्जियम के लिए नियमित समय में स्टार स्ट्राइकर टॉम बून (27वें मिनट) और निकोलास डि कर्पल (45वें मिनट) ने गोल किए जबकि नीदरलैंड की ओर से गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ जिप यानसेन ने 12वें और 36वें मिनट में दागे। शूटआउट में बेल्जियम के लिए विक्टर वेगनेज, आर्थर डि स्लूवर और फ्लोरेंट वान ऑबेल ने गोल किए जबकि टैनगॉय कासयिन्स चूक गए। नीदरलैंड के लिए जोनास डि गियूस और जोरिट क्रून सफल रहे जबकि थिस वान डैम, टेरेंस पीटर्स और सीव वान एस चूक गए। बेल्जियम 2019 यूरोपीय चैम्पियनशिप, 2020-21 एफआईएच प्रो लीग की विजेता है जबकि तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण के अलावा 2016 रियो डि जिनेरियो में रजत और 2018 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। इससे पहले स्टार ड्रैग फ्लिकर गोंजालो पिलाट की दूसरे हाफ में हैट्रिक से जर्मनी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर पांचवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। पिलाट ने 43वें, 52वें और 59वें मिनट में पेनल्टी कार्नर से गोल किए, जबकि प्लेयर ऑफ द मैच निकलास वेलेन (60वें) ने मैच खत्म होने से चंद सेकेंड पहले गोल कर ऑस्ट्रेलिया के खेमे को हतप्रभ कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (12वें), नाथन एफ्राम्स (27वें) और ब्लेक गोवर्स (58वें) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया अब रविवार को कांस्य पदक का मुकाबला खेलेगा। जर्मनी की टीम ने लगातार दूसरे मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की है। क्वार्टर फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद इस टीम ने आखिरी तीन मिनट में दो बार गोल करके स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दो बार के चैंपियन जर्मनी ने नई दिल्ली में 2010 सत्र के बाद पहली बार फाइनल में अपनी जगह पक्की की। तब टीम खिताबी हैट्रिक पूरा करने से चूक गई थी। यह टीम 2002 और 2006 में चैम्पियन बनी जबकि 1982 में भी रजत पदक जीता था।

# लक्ष्य सेन, तनिषा-अश्विनी इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे



**भाषा।** जकार्ता

**भारत** के लक्ष्य सेन का शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों के चैंपियन जॉनाथन क्रिस्टी के हाथों हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावशाली अभियान समाप्त हो गया। विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन पहला सेट जीतने का फायदा नहीं उठ पाए और स्थानीय खिलाड़ी क्रिस्टी से 62 मिनट तक चले मैच में 21-15, 10-21, 13-21 से हार गए। क्रिस्टी की विश्व रैंकिंग तीन है। बाद में दिन में, तनिषा क्रेस्टो और अश्विनी पोनप्पा की नई महिला युगल जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जापान की युकी फुकुशिमा और सायाका हिरोटा से 13-21, 18-21 से हार गई। उनकी हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

पुरुष एकल में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सेन का क्रिस्टी के खिलाफ इससे पहले रिकॉर्ड।-0 था। उन्होंने अच्छी शुरुआत की और एक समय वह 8-5 से आगे थे। उन्होंने इंटरवल तक अपनी बढ़त बनाए रखी। इसके बाद क्रिस्टी ने लगातार तीन अंक बनाए और स्कोर 15 -15 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि लगातार छह अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। सेन हालांकि इसके बाद अपनी लय खो बैठे जबकि क्रिस्टी ने शानदार खेल दिखाया और जल्द ही 11-2 से बढ़त हासिल कर दी। इसके बाद इंडोनेशिया के खिलाड़ी को दूसरा गेम जीतने के लिए खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी। क्रिस्टी ने तीसरे और निर्णायक गेम में भी अच्छी शुरुआत की। उन्होंने शुरू में 5-। से बढ़त बनाई। सेन ने लगातार चार अंक बनाए लेकिन इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने उन्हें ज्यादा मौके नहीं दिए और इंटरवल तक 11-6 की अच्छी बढ़त हासिल कर दी।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में आमने सामने होंगे जोकोविच और सिटसिपास

**मेलबर्न (एपी)।** सर्बिया के चौथे वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने शुक्रवार को यहां गैर वरीय अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल पर 7-5, 6-।, 6-2 की जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वह रविवार को तीसरे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास के सामने होंगे। जोकोविच इस तरह मेलबर्न पार्क में 10वीं चैम्पियनशिप और 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से महज एक मैच दूर हैं। जोकोविच सेमीफाइनल में शुरू में लड़खड़ाए लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में लगातार जीतने की लय 27 मैच कर ली जो 1968 से शुरू ओपन युग में सबसे लंबी है। हालांकि इस जीत की लय में एक साल पहले बाधा आई थी जब जोकोविच को कोविड-19 टीकाकरण नहीं करवाने के कारण आस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया था। उन्होंने अभी तक टीकाकरण नहीं कराया है लेकिन इस साल आव्रजन पर लगी पांबदियों में ढील दी गई है।

# अपने आखिरी ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत पाई सानिया

**भाषा।** मेलबर्न,

**भारत की** स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने जोड़ीदार हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में उपविजेता रहकर अपने गैंडस्लैम करियर का समापन किया। सानिया ने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं जिसमें तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल खिताब शामिल हैं।

सानिया और बोपन्ना की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को रॉड लेवर एरेना में खेले गए फाइनल में लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की ब्राजीलियाई जोड़ी से 6-7 (2) 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। सानिया मैच के बाद भावुक हो गई और बमुश्किल अपने आंसू थाम पाई।

उन्होंने कहा, अगर मैं रोती हूं तो यह खुशी के आंसू होंगे। मुझे अभी दो और टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है लेकिन मेरे पेशेवर करियर की शुरुआत मेलबर्न से हुई थी। सानिया ने बोपन्ना



ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स फाइनल में भारत के रोहन बोपन्ना और सानिया मिर्जा को हराने के बाद ब्राजील की लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस अपनी ट्रॉफी के साथ।

का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मिश्रित युगल में रोहन मेरा पहला जोड़ीदार था। तब मैं 14 साल की थी और हमने राष्ट्रीय खिताब जीता था। यह 22 साल पुरानी बात है और मैं अपने करियर का अंत करने के लिए उससे बेहतर व्यक्ति के बारे में नहीं सोच सकती। वह मेरा सर्वश्रेष्ठ मित्र और मेरे सर्वश्रेष्ठ जोड़ीदारों में से एक है। बयालीस वर्षीय बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन के रुप में मिश्रित युगल का एक ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सानिया अभी 36 साल की हैं और उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि दुबई में अगले महीने होने वाली डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता उनके करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। वह भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। सानिया ने महेश भूपति के साथ मिलकर 2009 में



ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन का मिश्रित युगल खिताब जीता था। उन्होंने 2014 में ब्राजील के ब्रूनो सोरेस के साथ मिलकर अमेरिकी ओपन का मिश्रित युगल खिताब अपने नाम किया था। रॉड लेवर एरेना में उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उन्होंने यहां महिला युगल और मिश्रित युगल का खिताब जीता है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह चार बार उपविजेता भी रही है। सानिया ने कहा, मैंने 2005 में 18 साल की उम्र में यहां शुरुआत की थी और तब मैं सेरेना विलियम्स के खिलाफ खेली थी। मुझे यहां बार-बार आने और कुछ टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने का सौभाग्य मिला और मैंने यहां कुछ अच्छे फाइनल खेले। उन्होंने कहा, रॉड लेवर एरेना निश्चित तौर पर मेरी जिंदगी में विशेष स्थान रखता है तथा अपने ग्रैंडस्लैम करियर का अंत करने के लिए इससे बढ़िया स्थान कोई नहीं हो सकता।

## 'कोचों का खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय लेना सही नहीं: गुरचरण

**नई दिल्ली।** पद्म श्री से सम्मानित अनुभवी क्रिकेट कोच गुरचरण सिंह ने कहा कि कई कोच खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय इसलिए लेते हैं क्योंकि वे उनकी अकादमी में ट्रेनिंग करते थे जो सही नहीं है। गुरचरण 87 वर्ष के हैं जिन्होंने दर्जन भर अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जैसे कीर्ति आजाद, अजय जडेजा, मनिंदर सिंह को कोचिंग दी है। उन्होंने कहा कि सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहित शर्मा ऐसे खिलाड़ी हैं जो एक पीढ़ी में एक बार ही पैदा होते हैं। उन्हें भारतीय क्रिकेट में उनके यागदान के लिए इस साल पद्म श्री से नवाजा गया। वह देश प्रेम आजाद के बाद यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट कोचिंग में एक कोच को अपने मूल अधिकार रखने चाहिए। अगर खिलाड़ी ट्रेनिंग का हिस्सा बना और सरल से अभ्यास सत्र किए तो काफी कोच दावा करते हैं कि वह खिलाड़ी उनका शिष्य है। गुरचरण ने कहा, यह चीज पूरी तरह गलत है, यहां तक कपिल देव मुंबई में मेरे कोचिंग शिविर में हिस्सा लेते थे, लेकिन मैं अब भी दावा नहीं करता कि वह मेरा शिष्य था, वह चंडीगढ़ से है और वह डीपी आजाद का शिष्य है। उन्होंने कहा, हर कोच की कोचिंग देने की अलग अलग तकनीक होती है, बल्ले की लंबाई एक समान होती है, इसकी चौड़ाई एक समान होती है लेकिन कोच की तकनीक अलग होती है।




# गत चैम्पियन मध्य प्रदेश और पंजाब ड्रा मैचों के बाद क्वार्टरफाइनल में

## रणजी ट्राफी

**अहमदाबाद (भाषा)।** गत चैम्पियन मध्य प्रदेश और पंजाब ने शुक्रवार को यहां अपने ड्रा रहे मुकाबलों के बाद ग्रुप डी में शीर्ष दो स्थान हासिल कर रणजी ट्राफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश की टीम हालांकि 331 रन पर सिमटकर त्रिपुरा से पहली पारी की बढ़त गंवा बैठी जिसने 362 रन बनाए थे। वहीं खराब मौसम से प्रभावित रहे मैच में विदर्भ ने चौथे और अंतिम दिन पहली पारी में छह विकेट पर 273 रन बनाए जिससे पंजाब को बल्लेबाजी का मौका ही नहीं मिला और दोनों को एक एक अंक मिला। मध्य प्रदेश को हालांकि इस ड्रा से कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि टीम सात मैचों में 33 अंक लेकर ग्रुप डी में शीर्ष पर रही। वहीं पंजाब (27) और रेलवे (22) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। चौथे दिन मध्यम गति के गेंदबाज राणा दत्ता ने पांच विकेट झटके जिससे त्रिपुरा ने मध्य प्रदेश को पहली पारी में 331 रन पर समेट कर पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। मध्य प्रदेश की टीम रात के दो विकेट पर 159 रन के स्कोर पर खेलने उतरी और 172 रन ही जोड़ सकी जिससे त्रिपुरा को पहली पारी में 31 रन की बढ़त मिली। मनीशंकर मुरासिंह, अभिजीत सरकार और रजत डे ने भी एक एक विकेट झटके।



## सौराष्ट्र, आंध्र रणजी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई।** सौराष्ट्र की टीम रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के अपने आखिरी मैच में तमिलनाडु से हारने के बावजूद नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रही जबकि मुंबई और महाराष्ट्र रोमांचक मुकाबले के ड्रॉ पर छूटने के कारण दोनों बड़ी टीमें इस दौड़ से बाहर हो गई।सौराष्ट्र के साथ इस ग्रुप से नॉकआउट चरण में आंध्र ने भी जगह बनाई। सौराष्ट्र, आंध्र और महाराष्ट्र लीग चरण के सात दौर के बाद 26 अंकों के साथ बराबरी पर रहे। महाराष्ट्र अपने अभियान के दौरान एक भी बोनस अंक हासिल नहीं करने के कारण अगले दौर में जगह बनाने से चूक गया। आंध्र ने अपने आखिरी मुकाबले में असम को पारी से हराकर बोनस अंक (सात अंत) हासिल किया जिससे महाराष्ट्र को खिताब की दौड़ से बाहर होना पड़ा। मुंबई को 26 अंक तक पहुंचने के लिए पहली पारी में बढ़त या जीत की दरकार थी लेकिन महाराष्ट्र के खिलाफ मैच में दोनों टीमों ने पहली पारी में 374 रन बनाए और मैच का नतीजा नहीं निकला। इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक ही मिला। चेन्नई में खेले गए मैच में वामहस्त स्पिनर एस अजीत राम के छह विकेट से तमिलनाडु की टीम ने सौराष्ट्र को 59 रन से हराया। जीत के लिए 266 रन का पीछा करते हुए सौराष्ट्र की पारी 68.2 ओवर में 206 रन पर सिमट गई। हार्विक देसाई की 205 गेंद में 101 रन की पारी बेकार चली गई।

## रोउल के छह विकेट से ओडिशा ने बंगाल के खिलाफ किया उलटफेर

**कोलकाता।** तेज गेंदबाज सुनील रोउल के छह विकेट से ओडिशा ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए में उलटफेर करते हुए शुक्रवार को यहां मैच के चौथे दिन बंगाल को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। बंगाल की टीम हालांकि इस मैच से पहले ही क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का कर चुकी है लेकिन इस हार से नॉकआउट चरण से पहले उसके हौसले को झटका लगेगा। इस ग्रुप से बंगाल के अलावा उत्तराखंड की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही। बंगाल 32 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि हरियाणा के खिलाफ मैच ड्रॉ होने के बाद उत्तराखंड ने तीन अंक हासिल किए। वह 29 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। बंगाल के सामने क्वार्टर फाइनल में झारखंड की चुनौती होगी जबकि 31 जनवरी को उत्तराखंड का मुकाबला कर्नाटक से होगा। चौबीस साल के रोउल ने बंगाल की दूसरी पारी में 96 रन देकर छह विकेट लिए जिससे पूरी टीम 79 ओवर में 276 रन पर आउट हो गई। ओडिशा ने इसके बाद जीत के लिए जरूरी 112 रन के लक्ष्य को तीन विकेट गंवाकर 23वें ओवर में हासिल कर लिया। बंगाल की हार का बड़ा कारण टीम की पहली पारी में 100 रन पर आउट होना रहा।